

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

// लोगों के लिए आप तब तक अच्छे हो जब तक आप उनकी उम्मीदों को पूरा करो और सब लोग अच्छे तब तक है जब तक आप उनसे कोई उम्मीद न करो। \\

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबल वाणी



घड़ी सुधारने वाले मिल जाते हैं, पर वक्त खुद को ही सुधारना होता है।

वर्ष 39 | चंडीगढ़, शनिवार, 04 मई, 2024 | बैशाख कृष्ण पक्षः एकादशी विक्रमी संवत-2081 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 123 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ 12










सभी अटकलों पर लगाया विराम

# राहुल गांधी ने रायबरेली से किया नामांकन

## बोले-मेरी मां ने बड़े भरोसे के साथ सौंपी परिवार की कर्मभूमि

- राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में भरा अपना नामांकन
- रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद निकाला राहुल का नामांकन जुलूस

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**रायबरेली, 3 मई।** राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। आज सुबह ही कांग्रेस के द्वारा अमेठी और रायबरेली के लिए सीटों की घोषणा की गई थी। राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे।

शुक्रवार सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही। पहले राहुल गांधी को इस पूजा में शामिल होना था और एक रथनुमा खुले ट्रक में सवार होकर नामांकन करने जाना था लेकिन नामांकन में देर होता देख वह सीधे अपनी बंद गाड़ी से ही निकल गए।



### जुलूस में दिखाई दिया भारी उत्साह

राहुल गांधी का नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से निकला। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे।



### रायबरेली से नामांकन के बाद राहुल का पोस्ट

रायबरेली से नामांकन करने के बाद कांग्रेस नेता और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक भावनात्मक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने लिखा, 'रायबरेली से नामांकन मेरे लिए भावुक पल था। मेरी मां ने मुझे बड़े भरोसे के साथ परिवार की कर्मभूमि सौंपी है और उसकी सेवा का मौका दिया है। अमेठी और रायबरेली मेरे लिए अलग-अलग नहीं हैं, दोनों ही मेरा परिवार हैं और मुझे ख़ुशी है कि 40 वर्षों से क्षेत्र की सेवा कर रहे किशोरी लाल जी अम ठी से पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। अन्याय के खिलाफ चल रही न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। मुझे विश्वास है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में आप सभी मेरे साथ खड़े हैं।'

# मोहाली में 4 और 8 मई को नो फ्लाइंग जोन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम के कारण फैसला, 4 दिन के हिमाचल दौरे पर शिमला राष्ट्रपति भवन में मनाएंगी छुट्टी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**मोहाली, 3 मई।** मोहाली की डीसी आशिका जैन ने 4 मई और 8 मई को एयरपोर्ट और एयरपोर्ट से 5 किलोमीटर तक की दूरी तक के क्षेत्र को नो फ्लाइंग जोन घोषित किया है। यह फैसला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आने और जाने के शेड्यूल के कारण लिया गया है। इस दौरान किसी भी प्रकार के ड्रोन और अन्य किसी चीज के उड़ने पर पाबंदी रहेगी। 4 मई को राष्ट्रपति चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर उतरेंगी इसके बाद वह हिमाचल दौरे पर जाएंगी। 8 मई को वापस वह हिमाचल से आकर चंडीगढ़ एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगी।

शिमला से करीब 13 किलोमीटर दूर मशोबरा में स्थित राष्ट्रपति भवन में वह चार दिन की ग्रीष्मकालीन अवकाश पर रहेगी। हर साल देश का राष्ट्रपति गर्मियों में यहां पर परिवार के साथ अपने दौरे पर आते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का यह दूसरा दौरा है। वह पिछली बार भी यहां पर आई थी। यह इमारत करीब 173 साल पुरानी है। जिसको राष्ट्रपति भवन का नाम दिया गया है। इसका क्षेत्रफल लगभग 10628 वर्ग फुट है। 2023 में पहली बार इसे जनता के लिए भी खोला गया था।

### हिमाचल के कई जगहों पर कार्यक्रम

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के चार दिन के इस भ्रमण के दौरान हिमाचल प्रदेश में कई जगह पर कार्यक्रम है। वह 6 मई को कांगड़ा स्थित एक यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। इसके बाद 7 में को शिमला के दो मंदिरों में पूजा अर्चना के उनके कार्यक्रम है। इसमें हिस्सा लेने के बाद शिमला के माल रोड पर घूमने का भी उनका कार्यक्रम है। 8 में को वह वापस शिमला से चंडीगढ़ के लिए रवाना हो जाएंगी। इस दौरान भी मोहाली एयरपोर्ट पर नो फ्लाइंग जोन रहेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को हिमाचल हाईकोर्ट का नोटिस



**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व कांग्रेस विधायक एवं धर्मशाला विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा की ओर से दायर मानहानि के मामले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नोटिस जारी किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री ने जिला ऊना में भाषण देते हुए कहा कि कांग्रेस के छह विधायक और तीन निर्दलीय विधायक 15-15 करोड़ रुपये में बिके हैं। याचिकाकर्ता सुधीर शर्मा के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि इससे सुधीर शर्मा की छवि को गहरा आघात पहुंचा है। लोगों में उनकी छवि खराब की जा रही है। इसको लेकर सुधीर शर्मा ने उच्च न्यायालय में मानहानि का दावा दायर किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने की। अदालत ने कहा कि दूसरे पक्ष को सुने बिना कोई भी निर्णय देना सही नहीं होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी।

### संगरूर सीट के दावेदार केवल ढिल्लों को नई जिम्मेदारी

**लुधियाना (अप्रस)।** भाजपा ने पार्टी के पंजाब उपाध्यक्ष केवल ढिल्लों को अमृतसर, जालंधर व गुरदासपुर सीट का कलस्टर इंचार्ज नियुक्त किया है। केवल ढिल्लों संगरूर लोकसभा सीट से टिकट के मुख्य दावेदार थे। संगरूर सीट से दो दावेदारों के नाम सामने आ रहे थे। जिनमें केवल ढिल्लों और अरविंद खन्ना का नाम था। लेकिन पार्टी ने अब केवल ढिल्लों को कलस्टर इंचार्ज बना दिया है। केवल ढिल्लों बरनाला से दो बार विधायक रहे हैं। 2022 में ढिल्लों ने कांग्रेस पार्टी को अलविदा कह भाजपा का दामन थाम लिया था।

# केजरीवाल का क्या मंगल को होगा 'मंगल'

- दिल्ली हाईकोर्ट में केजरीवाल पर शराब भ्रष्टाचार केस की 7 मई को होगी सुनवाई

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के समय तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए आने वाला मंगलवार क्या मंगलकारी होगा। दिल्ली हाईकोर्ट में केजरीवाल पर लगे शराब घोटाले के आरोपों पर सुनवाई 7 मई यानी मंगलवार को होगी। ऐसे में चुनाव के मद्देनजर कोर्ट की तरफ से क्या फैसला आएगा इस पर सबकी नजर टिकी हुई है।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि वह सुनवाई की अगली तारीख पर दिल्ली शराब नीति मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने के सवाल पर विचार कर सकता है।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को तय करते हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू से कहा कि चुनाव के कारण आप नेता की अंतरिम रिहाई के सवाल पर तैयार रहें। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह दोनों पक्षों को अंतरिम जमानत के सवाल पर तैयार रहने के लिए बता रही है। मामले में अंतिम सुनवाई लंबी हो सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा, 'अगर इसमें (सुनवाई के निष्कर्ष में) समय लगेगा तो हम चुनाव के कारण अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकते हैं।'

इसके अलावा, इसने एएसजी राजू से कहा कि क्या केजरीवाल को उनके पद के कारण हिरासत में आधिकारिक फाइलों पर हस्ताक्षर करने की अनुमति दी जा सकती है।

सुनवाई के दौरान, केजरीवाल की ओर से पेश हुए वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि दिल्ली में 26 मई को चुनाव होने हैं और आप नेता को 21 मार्च को, चुनाव की घोषणा के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली (अप्रस)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति से जुड़े कथित शराब घोटाला मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की ओर से दाखिल जमानत याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) व केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है। सिसोदिया के मामले में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा ने ईडी और सीबीआई से जवाब मांगा और इस मामले की अगली सुनवाई आठ मई को मुकर्रर की गयी है। वरिष्ठ अधिवक्ता दयान कृष्णन ने श्री सिसोदिया की ओर से जिरह करते हुये कहा कि निचली अदालत के पहले के आदेश में उनके मुवक्किल को सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी गयी थी, जिसे जारी रखा जाना चाहिये।

# पंथक अकाली दल का हरियाणा में इंडिया गठबंधन को समर्थन, अध्यक्ष-जगदीश झींडा ने किया ऐलान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कुरुक्षेत्र।** शिरोमणी पंथक अकाली दल हरियाणा 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी दस सीटों पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का समर्थन करेगा। न केवल लोगों को बीच इन प्रत्याशियों को जिताने के लिए अपील की जाएगी बल्कि भाजपा के विरोध का भी आह्वान किया जाएगा। यह ऐलान पार्टी के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सिख नेता जगदीश सिंह झींडा ने किया। इससे पहले गुरुद्वारा डेरा कार सेवा में पार्टी की सात सदस्यीय कोर कमेटी की बैठक हुई, जिसमें विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद पत्रकारो से चर्चा में झींडा ने कहा कि सिखों के हितों की लड़ाई लड़ने के लिए यह राजनीतिक पार्टी बनाई हुई है और इन चुनावों को लेकर पहले 27 अप्रैल को नौ सीटों पर इंडिया गठबंधन को समर्थन का निर्णय लिया गया था जबकि करनाल सीट बाकी थी। अब यहां पर भी कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को बनाया गया है। शुक्रवार को कोर कमेटी ने इस सीट को लेकर भी समर्थन देने का निर्णय लिया।

अब हर गांव व शहर में पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी जाएंगे, जहां इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने व भाजपा के विरोध में प्रचार किया जाएगा। यहां तक कि करनाल में पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान मुख्यमंत्री के चुनाव में उनके विरोध में प्रचार करते हुए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को पहले से भी ज्यादा रिकार्ड मतों से जिताने का कार्य किया जाएगा।



### ये दो प्रमुख मांग रखेंगे सामने

झींडा ने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के समक्ष भी प्रमुख रूप से दो मांगों को रखा जाएगा। इनमें किसानों को फसलों का एमएसपी दिया जाना, उनकी कर्ज माफी की गारंटी के अलावा बंदी सिखों की रिहाई शामिल है। सांसद बनने के बाद उनके पक्ष में संसद में कानून बनवाने के लिए प्रयास करने होंगे, ताकि वे जेलों से बाहर आ सके।

पाठकों के लिए सूचना

**चंडीगढ़ में पहली बार घर बैठे ही 8,415 लोग कर सकेंगे मतदान, 18 मई से शुरूआत**

आज पेज- 3 पर पढ़े

**चुनाव आयोग और चंडीगढ़ लोकसभा सीट से संबंधित अन्य रोचक जानकारीः** कल पढ़े










### पटियाला में भगवंत मान ने किया रोड शो, डॉ. बलबीर के लिए किया प्रचार, बोले - पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13-0

# आप के इंकलाबी नारे महलों की दिवारें हिला देंगे : मान

कहा-43,000 सरकारी नौकरियां, सभी को मुफ्त बिजली, शानदार आम आदमी क्लीनिक और पंजाब के कोने-कोने तक नहरी पानी पहुंचाने के बाद मैं आपके बीच खड़ा हूं

हमारी सरकार प्राइवेट संपत्ति खरीदने वाली पहली सरकार हैं, हमने जीवीके थर्मल पावर प्लांट खरीदा

मान ने भाजपा पर बोला हमला, कहा - पंजाब में कमल नहीं खिलने वाला, पंजाब के पास कीचड़ साफ करने के लिए है 'झाड़ू'



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पटियाला, 3 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान शुक्रवार को पटियाला पहुंचे और आप उम्मीदवार डॉ. बलबीर सिंह के लिए प्रचार किया। उन्होंने त्रिपुरी में एक बड़ा रोड शो निकाला। लोगों की जोरदार तालियों के बीच मान ने कहा, 'पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13-0।'

पटियाला में लोगों की भारी भीड़ को संबोधित करते हुए सीएम मान ने कहा कि पंजाब के लोग एक बार फिर 'झाड़ू' का बटन दबाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वह लोगों से मिल रहे प्यार और समर्थन के लिए आभारी हैं, क्योंकि यही प्यार उन्हें और परिश्रम करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि 2022 में पंजाब के लोगों ने उन पर भरोसा किया और बड़ी जिम्मेदारी दी। अब 2024 में 43,000 सरकारी नौकरियां देने के बाद वह लोगों के बीच हैं। आज 90त्न घरों का बिजली बिल शून्य है। पंजाब के कोने-कोने तक पहली बार नहर का पानी मिल रहा है। इसके अलावा हमारी सरकार शहीदों के परिवारों को एक करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि दे रही है।

भगवंत मान ने परंपरागत पार्टियों पर हमला बोलते हुए कहा कि वे अपने शासन में सरकारी संपत्तियों को अपने दोस्तों और रिश्तेदारों को बेच देते थे। आप सरकार पहली सरकार है जो लोगों के लिए संपत्तियां खरीद रही है। हमने जीवीके थर्मल पावर प्लांट खरीदा। अब यह पावर प्लांट पंजाब के घरों और खेतों को मुफ्त बिजली देने में योगदान दे रहा है। मान ने कहा कि पहली बार किसानों को दिन में 11 घंटे निर्बाध बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि उन्हें अपनी सरकार की सारी उपलब्धियां गिनाने की जरूरत भी नहीं है क्योंकि युवा, बच्चे और बुजुर्ग खुद सरकार के लिए बोल रहे हैं।

मान ने कहा कि वह तानाशाही भाजपा और केंद्र के खिलाफ लड़ रहे हैं और वह अपने राज्य और लोगों के अधिकारों के लिए पंजाब में राज्यपाल और हर प्रतिद्वंद्वी से लड़ रहे हैं। उन्होंने लोगों से वोट देने की अपील की और संसद में उन्हें 13 और हथियार व आवाज देकर मजबूत बनाने का आग्रह किया।

मान ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि पत्रकार मुझसे पूछते हैं कि हमने दिल्ली और पंजाब में मोदी को कैसे रोका? मैं कहता हूं कि कीचड़ में कमल खिलता है और झाड़ू से हम उस कीचड़ को साफ करते हैं, इसलिए दिल्ली और पंजाब में कमल नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पिछली बार उनके दो सांसद जीते थे लेकिन इस बार उन्हें पंजाब में बड़ा शून्य मिलेगा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी एक टीम है। डॉ. बलबीर हमारे स्वास्थ्य मंत्री हैं। उन्होंने पंजाब में आम आदमी क्लीनिक खोलने और सफलता के लिए कड़ी मेहनत की है। मान ने लोगों से डॉ. बलबीर के लिए वोट करने की अपील की।

#### डॉ. बलबीर सिंह ने किया सीएम मान का शुक्रिया

इस मौके पर डॉ. बलबीर सिंह ने सीएम भगवंत मान और पटियाला के लोगों का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि वह चुनाव प्रचार के लिए पटियाला के सभी नौ विधानसभा क्षेत्रों में गए हैं और हर जगह उनका प्यार और समर्थन मिला है। मान सरकार का काम खुद बोल रहा है। पंजाब के लोग अक्सर मुझसे मुफ्त बिजली और सरकारी नौकरियों के लिए भगवंत मान को धन्यवाद देने के लिए कहते हैं। उन्होंने कहा कि पटियाला आम आदमी पार्टी को 13-0 से जीताने में अपना योगदान अवश्य देगा।

## कांग्रेस व अकाली दल को बड़ा झटका, कई मौजूदा सरपंच और ब्लॉक समिति मेंबर आप में शामिल



मान सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर लोग हों रहे हैं आप में शामिल : मालविंदर कंग

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रोपड़ 3 मई।** श्री आनंदपुर साहिब लोकसभा से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मलविंदर सिंह कंग और रोपड़ से विधायक दिनेश चड्ढा ने अलग-अलग गांवों में नुक्कड़ बैठकें कीं। इस बीच कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल के अलग-अलग गांवों के मौजूदा सरपंच और ब्लॉक समिति मेंबर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। इन सदस्यों का पार्टी में आने पर दिनेश चड्ढा और मलविंदर कंग ने स्वागत किया।

गांव खानपुर खोही से अकाली दल के पूर्व सरपंच चौधरी सतीश कुमार सोनू, मौजूदा ब्लॉक समिति मेंबर हिम्मत सिंह और गांव औलख से मौजूदा कांग्रेस सरपंच दलजीत सिंह आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि वह भगवंत मान सरकार की जन हितैषी नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह पार्टी की मजबूती के लिए दिन-रात काम करेंगे।

### बृजभूषण शरण सिंह के बेटे को टिकट मिलने और एचडी रेवन्ना मामले पर 'आप' ने कहा-

# भाजपा से सिर्फ संविधान को खतरा नहीं देश की महिलाओं को भी खतरा : नील गर्ग

कहा-भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं बल्कि बलात्कारी जनता पार्टी बन गई है

एक तरफ भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है और दूसरी तरफ वह महिलाओं के साथ यौन शोषण करने वाले लोगों को प्रोत्साहित करती है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 मई।** भारतीय महिला कुश्ती पहलवानों के साथ यौन शोषण के आरोपों में फंसे भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे को लोकसभा का टिकट मिलने और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते एचडी रेवन्ना द्वारा सैकड़ों महिलाओं का यौन शोषण करने के मामले पर आम आदमी पार्टी (आप) भाजपा पर तीखा हमला बोला है। शुक्रवार को 'आप' पंजाब के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि भाजपा से सिर्फ देश के संविधान को खतरा नहीं है। इससे देश की महिलाओं को भी खतरा है। भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं है, वह अब बलात्कारी जनता पार्टी बन गई है।

उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा देती है और दूसरी तरफ वह महिलाओं के साथ यौन शोषण करने वाले लोगों को लोकसभा का टिकट देकर प्रोत्साहित करती है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में महिला कुश्ती पहलवानों ने महीनों भर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया लेकिन भाजपा ने उन पर कोई एक्शन नहीं लिया। बृजभूषण सिंह के खिलाफ न भाजपा के किसी नेता ने, न कोई मंत्री ने और न ही प्रधानमंत्री ने एक शब्द बोला। अब उल्टे उनके बेटे को लोकसभा का टिकट भी दे दिया।

उन्होंने कहा कि बृजभूषण शरण सिंह के बेटे को लोकसभा का टिकट देना सिर्फ देश की महिला कुश्ती पहलवानों का अपमान नहीं है, यह भारत की सभी महिलाओं का अपमान है।

# अमृतसर लोकसभा में 'आप' हुई मजबूत, अकाली दल को लगा झटका!

शिरोमणि अकाली दल के अमृतसर दक्षिण से हलका प्रभारी तलबीर गिल अपने साथियों समेत आम आदमी पार्टी में शामिल

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तलबीर गिल और उनके साथियों को पार्टी में कराया शामिल

अकाली दल का पंजाब में सफाया हो चुका है, बादल परिवार की गलत नीतियों के कारण पार्टी के उपर से लेकर नीचे तक नेता निराश हैं : मान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर, 3 मई।** अमृतसर लोकसभा क्षेत्र में आम आदमी पार्टी(आप) को बड़ी मजबूती मिली है। वहीं अकाली दल को बड़ा झटका लगा है। शिरोमणि अकाली दल बादल के अमृतसर दक्षिण से हलका प्रभारी तलबीर गिल शुक्रवार को अपने साथियों समेत आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए।

आम आदमी पार्टी पंजाब के अध्यक्ष और मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तलबीर गिल और उनके साथियों को पार्टी में औपचारिक तौर पर शामिल कराया और उनका आप परिवार में स्वागत किया।

तलबीर गिल अमृतसर के काफी लोकप्रिय नेता हैं। अमृतसर और आसपास के लोगों में उनकी अच्छी पकड़ है। वह अकाली दल बादल के टिकट पर 2022 में अमृतसर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ चुके हैं। उन्होंने अकाली दल की गलत नीतियों और परिवारवाद के कारण पार्टी छोड़ने का फैसला किया।

तलबीर गिल के साथ उनके साथी दिलबाग सिंह वडाली, यूथ अकाली दल के अमृतसर के अध्यक्ष सरब सिंह भुल्लर, सुखविंदर सिंह सुक्खी, रूस्तम सिंह संधू और जसबीर सिंह भी आज मुख्यमंत्री भगवंत मान की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

सभी नेताओं को पार्टी में शामिल कराने के बाद अपने बयान में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि अकाली दल का पंजाब में अब लगभग सफाया हो चुका है। बादल परिवार की परिवारवादी नीतियों के कारण अकाली दल के उपर से लेकर नीचे तक नेता और कार्यकर्ता काफी निराश हैं। आने वाले दिनों में और भी कई अकाली नेता पार्टी छोड़ेंगे।

उन्होंने कहा कि अकाली दल की हालत इतनी खराब हो गई है कि इस चुनाव में उसे 13 लोकसभा हल्के के लिए उम्मीदवार तक नहीं मिल रहे हैं। कोई भी अकाली नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हो रहा है क्योंकि उसे पता है कि उसकी हार निश्चित है। मान ने कहा कि अकाली दल की ऐसी दुर्गति बादल परिवार के करतूतों और भ्रष्टाचार के कारण हुआ है।

## रवनीत सिंह बिट्टू ने अपने पहले दौरे में जगराओं जिले के मुल्लापुर विधानसभा क्षेत्र में 3 बैठकें की



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 3 मई।** लुधियाना लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रवनीत सिंह बिट्टू अपने पहले दौरे पर जगराओ जिले के मुल्लापुर विधानसभा क्षेत्र में आये और 3 बैठकें कीं। ये बैठकें तनवीर सिंह औलख, उपाध्यक्ष, भाजपा जिला जगराओं, विजय जयंत, सुशील कुमार चौधरी और मंडल अध्यक्ष बाल किशन के नेतृत्व में आयोजित की गई। सभी क्षेत्रवासी रवनीत सिंह बिट्टू की जीत को लेकर आश्वस्त थे। इस दौरान पादरी विल्सन मसीह को मुल्लापुर मंडल के अल्प संख्यक मोर्चा के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर सुशील कुमार जी की पुत्रवधू जसविंदर कौर,ईस्ट कांसुलर वार्ड नं.5, 2012 से 2017 तक पूरे परिवार के साथ भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व किया और पार्टी और रवनीत सिंह बिट्टू जी के चुनाव अभियान को भरपूर समर्थन दिया।इस दौरान मेजर सिंह देतवाल, सुखविंदर सिंह बिल्लू, सुरजीत कालेरा, अंब राम, संजीव ढांडा, बलराज सिंह दयाल, अक्षित सिधवां, सतीश कुअर पप्पू, अंकुश सहजपाल मौजूद रहे।

### हरपाल चीमा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दी चेतावनी, कहा - प्रताप बाजवा बीजेपी के एजेंट

# बाजवा हाउस में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सिर्फ एक दर्जन सीढ़ियों का फासला : हरपाल सिंह चीमा

पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने लोगों का विश्वास और सम्मान खो दिया है, वह अरविंद केजरीवाल के नाम पर कुछ वोट पाने की कोशिश कर रहे हैं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 मई।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब ने कांग्रेस नेता प्रताप सिंह बाजवा पर पलटवार किया है और कहा कि वह पंजाब के लोगों को गुमराह कर रहे हैं। पार्टी कार्यालय से जारी एक बयान में आप नेता हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि किसे वोट देना है, इस बारे में प्रताप सिंह बाजवा की ओर से कोई भी सलाह हास्यास्पद है क्योंकि बाजवा के घर में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच सिर्फ एक दर्जन सीढ़ियों का ही अंतर है। हरपाल सिंह चीमा का इशारा प्रताप सिंह बाजवा के भाई फतेहजंग सिंह बाजवा की ओर था जो बीजेपी नेता हैं।



हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और नेताओं को चेतावनी देते हुए कहा कि प्रताप सिंह बाजवा बीजेपी एजेंट हैं, जो कांग्रेस में बीजेपी का काम कर रहे हैं और पार्टी को कमजोर कर रहे हैं।

हरपाल चीमा ने आगे कहा कि आज प्रताप बाजवा अरविंद केजरीवाल के नाम पर वोट मांग रहे हैं, लेकिन केजरीवाल हमेशा कहते थे कि प्रताप बाजवा बीजेपी के एजेंट हैं। चीमा ने कहा कि पंजाब कांग्रेस के नेता पंजाब में अपनी हार से घबरा गए हैं इसलिए वह ऐसे बयान दे रहे हैं। वह अच्छी तरह से जानते हैं कि पंजाब के लोग केवल 'झाड़ू' को वोट देने वाले हैं, इसलिए वह इस तरह के आधारहीन बयानों से लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

हरपाल चीमा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल तानाशाही और भाजपा के खिलाफ लड़ रहे हैं। वह झूठे मामले में जेल में हैं क्योंकि भाजपा और नरेंद्र मोदी उनसे डरते हैं। दूसरी ओर प्रताप सिंह बाजवा हैं जो अपनी ही पार्टी को धोखा दे रहे हैं और पार्टी को कमजोर करने के लिए कांग्रेस नेताओं के खिलाफ साजिश रचते रहते हैं। हरपाल चीमा ने कहा कि पंजाब की जनता ने कांग्रेस को नकार दिया है। उन्हें पंजाब के कांग्रेस नेताओं पर भरोसा नहीं है। अपने बयान से प्रताप बाजवा सिर्फ लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह खुद जानते हैं कि पंजाब की जनता एक बार फिर स्वार्थी कांग्रेस नेताओं को हराने के लिए तैयार है।

## आईसीई ड्रग और हेरोइन के साथ एक गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2।** पंजाब पुलिस के काउंटर इंटेलिजेंस अमृतसर टीम ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार किलो आईसीई ड्रग क्रिस्टल मेथामफेटामाईन और एक किलो हेरोइन बरामद की है। पंजाब पुलिस प्रमुख गौरव यादव के अनुसार गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अमृतसर के गांव कक्कड़ वासी अवतार सिंह के तौर पर हुई है।
काउंटर इंटेलिजेंस टीम अमृतसर को मिली एक खुफिया जानकारी के आधार पर अवतार सिंह को गिरफ्तार किया गया। सीआई डीएसपी बलबीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीमों ने निर्धारित स्थान पर छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से चार किलो आईसीई ड्रग और एक किलो हेरोइन बरामद की। जांच के दौरान पता लगा है कि अवतार पाकिस्तान स्थित नशा तस्कर के सीधे संपर्क में था। जांच से यह भी पता लगा है कि पाकिस्तान आधारित नशा तस्कर ने सरहद पार से नशीले पदार्थ की खेप पहुंचाने के लिए ड्रोन का प्रयोग किया था। अवतार के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## मोटरसाइकिल सवार युवक दिनदहाड़े युवती से मोबाइल फोन छीनकर फरार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़ ।** बनूड़ इलाके में चोरी और स्नैचिंग की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। आज दोपहर 12 बजे सरकारी अस्पताल के पास दो मोटरसाइकिल सवार एक युवती से मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार पास के गांव मोटे माजरा की जसवीर कौर पत्नी संदीप सिंह दोपहर करीब 12 बजे सरकारी अस्पताल बनूड़ से दवाई लेकर बैरियर की ओर जा रही थी। जब जसवीर कौर पुराने पुलिस स्टेशन के सामने पहुंची, तो उसके पति का फोन आ गया। जब वह फोन सुनने लगी, तो मोटरसाइकिल सवार दो युवक उससे मोबाइल फोन छीनकर फरार हो गए। इस घटना के बाद जब पीड़ित महिला ने शोर मचाया, लेकिन फोन छीनकर भागे युवक शहर की सड़कों पर गायब हो गए। दिन में घटी इस घटना से शहरवासियों में सहम का माहौल है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से शहर में गश्त बढ़ाने और इन झपटमारों पर लगाम लगाने की मांग की है।

# नहर में दो माह से पानी न आने से किसान परेशान

गांव बूटा सिंह वाला के किसानों ने जिलेदार को सौंपा मांग पत्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 3 मई।** बनूड़ नहर में पिछले दो माह से पानी न आने से क्षेत्र के किसान परेशान हैं। इस मामले की जानकारी देते हुए गांव के पूर्व सरपंच बूटा सिंह के अलावा सरपंच भूपिंदर सिंह, एडवोकेट गगनदीप सिंह कंबोज, मलकीत सिंह, पंच अमनदीप सिंह, मलकीत सिंह, दर्शन सिंह, सत्ता पंच, नंबरदार संत सिंह, गुरमेल सिंह और दर्जन के करीब गांव बूटा सिंह वाला के किसानों ने कहा कि इलाके के किसान ज्यादातर सब्जियों की खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि पिछले दो महीने से बनूड़ नहर में पानी नहीं आ रहा है, जिससे किसानों की मिर्च, खरबूजा, खीरा, तरबूज, मक्का, सूरजमुखी और पशु चारा सूखने के कगार पर है। किसानों ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भगवंत मान हर खेत तक पानी पहुंचाने के दावे करते नहीं थकते, लेकिन पिछले दो माह से नहर में पानी नहीं होने से क्षेत्र के दर्जनों गांवों के किसान बेहाल हो रहे है।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के कुछ किसानों ने नहर के किनारे जमीन की सिंचाई के लिए इंजन लगा रखा है, लेकिन विभाग के अधिकारियों ने बिना कोई पूर्व सूचना दिए इन इंजनों को खदानों में फेंक दिया, जिससे उन इंजनों और पंखों को काफी नुकसान हुआ है। गांव बूटा सिंह वाला के किसानों ने नहर में पानी छोड़े जाने के लिए जिलेदार को मांग पत्र सौंपा है।

▲ अधिकतम 38 डिग्री से.
डिग्री से. 23 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.36 बजे
सूर्यास्त 7.03 बजे
सोना 24 कैरेट : 73,905.00
सैंसेक्स : 73,748.57
अमेरिका : 83.44
कैनेडियन : 61.06
आस्ट्रेलिन : 54.91

# चंडीगढ़ की बूथ मार्केट हुई एक जुट दिया अल्टीमेटम

**लोक सभा प्रत्याशियों के नाम लिखा खुला पत्र**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 3 मई।** चंडीगढ़ में बूथ मार्केटों की समस्याओं को लेकर अब बूथ मार्केट एसोसियेशनें एकजुट हो गई हैं। इन एसोसियेशनों ने लोकसभा चुनाव में खड़े होने वाले प्रत्याशियों को पत्र लिखकर अपने चुनावी दावों में बूथों की समस्याओं को शामिल करने की मांग उठाई है।

चंडीगढ़ बूथ एसोसिएशन के तले एकत्रित हुए पुनर्वास वा लगभग सभी मार्केट एसोसिएशन के पदधियारियो ने चंडीगढ़ प्रेस क्लब में मीटिंग कर यह फैसला लिया है। बूथ मार्केट की अंब्रेला बाड़ी के प्रधान मुकेश कुमार गोयल, चेयरमैन नरेश जैन, वा महासचिव विजय सांगवान ने कहा कि शहर की शुरुआत से लेकर आजतक इन छोटे बूथों की अनदेखी हुई है वा तिरिस्कृत किया जाता रहा है। मगर इस बार अब दुकानदार भाई सतर्क हैं, और किसी भी तरह के झूठे प्र लोभन में फसने वाले नहीं हैं अपनी समस्याओं के निदान के लिए प्रशासन, मुन्सिपल कार्पोरेशन वा नेताओं को गुहार लगा कर थक चुके हैं चुनाव आते ही हर पार्टी का परत्याक्षी हमारी सारी बातें बड़ी ध्यान से सुनता है वा कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने का आश्वासन देता है चुनाव जीतने के बाद स्थिति एक दम अलग हो जाती है।

इस बार लोक सभा चुनाव 2024 में चंडीगढ़ बूथ मार्केट एसोसिएशन ने फैसला किया है कि जो प्रत्याशी हमारी मांगों को पूरा करने का वादा करेगा वा उनको अपने मैनिफेस्टो या संकल्प पत्र में डालेगा उसका साथ दिया जाएगा। हमारा सभी प्रत्याशियो से निवेदन है कि हमारी सभी समस्याएं सूने और अपने आला कमान से चुनाव से पूर्व सांझी करें और उसे पूरा करने की गारंटी दें। हमारी मांगे कुछ अलग या फालतू नहीं हैं हमारी जो भी मांगे है वो वक्त के हिसाब से बिलकुल जायज़ हैं वा हमारा हक़ है।

### ये हैं प्रमुख मांगें

- चंडीगढ के सभी बूथों को लीज होल्ड से फ्री होल्ड किया जाए।
- चंडीगढ़ के बूथों पर एक अतिरिक्त मंजिल के निर्माण की परमिशन दी जाए जो कि सभी पार्टियां पिचलेव 25 साल से हर चुनाव में वादा करते आ रहे है
- रिहैबिलिटेशन मार्केट्स में स्ट्रॉम वाटर लाइन बिछाई जाएं , वा जिन मार्केट्स में हैं वहां नई डलवाई जाएं।
- सभी मार्केट्स में पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए ।
- सभी कॉर्नर बूथों में साइड विंडो या शटर की परमिशन दी जाए।
- सेक्टर 22 शास्त्री मार्केट, सेक्टर 19 सदर बाजार , सेक्टर 15 पटेल मार्केट में डूम लेंटर को सीधा करने की परमिशन दी जाए।
- सभी मार्किटों के आस पास बैठे वेंडर्स को स्थाई वेंडर जोन में स्थानांतरित किया जाए।
- मार्केट के 100 मीटर के नजदीक पार्किंग और फुटपाथ पर बैठे वेंडेरो को तुरंत हटाया जाए।
- सेक्टर 23 में प्रगति वेलफेयर मार्केट में आधे दुकानदार भाइयों को प्रशासन ने किराए पर दी है जिसका किराया रु. 14 से बढ़ाकर एक दम रु. 21,000 कर दिया है उनको मालिकाना हक़ दिलवाया जाए।
- सेक्टर 20 की आज़ाद मार्केट व पैलेस मार्केट जिनके दुकानों के मूंह अंदर की तरफ हैं बाहर की तरफ खोलने की परमिशन दी जाए।

जो भी पार्टी हमारी इन सभी मांगों को अपने चंडीगढ़ के मैनिफेस्टो या संकल्प पत्र में शामिल करती है हम चंडीगढ़ बूथ मार्केट एसोसिएशन उनके साथ तन, मन, धन से साथ चलेंगे।

### ये बातें भी रखी

- रेहाबिलीटेंशन मार्केट सेक्टर 11 में प्रशासन जन सुविधाएं ही बनाना भूल गया तत्काल प्रभाव से बनवाई जाए।
- शास्त्री मार्केट सेक्टर 22 शहर की इकलौती ऐसी बूथ मार्केट है जहां एंट्री और एग्जिट एक ही गेट से है कुछ वर्ष पहले मार्केट की बैकसाइड मकान नं 2123 व मकान नं 2124 के मध्य में ओछी राजनीति से प्रेरित हो प्रशासन पर दबाव बना कर घरों के मध्य में दीवार बना दी गई थी जिससे मार्केट का रास्ता बंद हो गया है उसे तत्काल प्रभाव से ध्वस्त करवाया जाए।
- कुछ वर्षो से म्युनिसिपल कार्पोरेशन व चंडीगढ़ प्रशासन दोनों ही अलग अलग तरीकों से दुकानदारों के चालान काटते व नोटिस भेजते हैं जिनकी पेनल्टी लाखों रुपए बना दी गई है वो सब कैंसल करवाए जाएं और सुनिचित किया जाए कि चंडीगढ़ की बूथ मार्किटें म्युनिसिपल कार्पोरेशन के दायरे में है या प्रशासन के दायरे में है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### दुकानदार से धोखाधड़ी कर ज्यूलरी ले गई महिला गिरफ्तार

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी सेंट्रल डिविजन पुलिस ने दुकानदार को विश्वास में लेकर शॉप से ज्वैलरी का सामान लेकर धोखाधड़ी करने वाली आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला की पहचान पंजाब के ज़िला बटाला की रहने वाली 43 वर्षीय एक महिला के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पकड़ी गईं आरोपी महिला के कब्जे से 325 ग्राम गोल्ड बरामद कर लिया है। आरोपी महिला के खिलाफ 29 अप्रैल को थाना 17 में मामला दर्ज है। आरोपी महिला को पुलिस ने शुक्रवार को जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने महिला को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि दुकानदार को विश्वास में लेकर शॉप से ज्वैलरी का सामान लेकर धोखाधड़ी करने वाली आरोपी महिला बटाला में सक्रिय है। मामले की सूचना पाते पुलिस की टीम ने आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि उसने ठगी से प्राप्त सभी सोने की गहने सेक्टर-19 में गिरवी में रखे और आरोपी की पहचान पर सभी सोने की गहने बरामद कर लिए। जानकारी के अनुसार पीड़ित शिकायतकर्ता विकास चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह सेक्टर-17/सी चंडीगढ़ में एक आभूषण की दुकान चलाते हैं। उक्त महिला लंबे समय से उनकी दुकान से सोने/चांदी के आभूषण खरीदने आती हैं। और समय पर बिल का भुगतान करती हैं। उसने खुद को पंजाब सरकार में वरिष्ठ अधिकारी बताया और सेक्टर-16 सरकारी आवास में रहती है। वह ज्यादातर लग्जरी वाहनों में आती थी। इसलिए, उसने उनसे अच्छे ग्राहक होने के नाते अच्छे संबंध बनाए। 12 मार्च 2024 को वह उसकी दुकान पर आई और लगभग 324 ग्राम वजन के आभूषणों को यह कहकर ले गई कि वह इन आभूषणों को अपनी बेटी को दिखाने के बाद आधे घंटे के भीतर भुगतान कर देगी। इंतजार करने के बाद जब वह वापस नहीं आई तो महिला को फोन किया। लेकिन न तो उसने राशि का भुगतान किया और न ही उसके सोने के आभूषण लौटाए।

# चंडीगढ़ में पहली बार 8,415 लोग कर सकेंगे घर बैठे मतदान, 18 से शुरूआत

**चुनाव विभाग ने 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को पंजीकरण फार्म वितरित करना शुरू किया**

**चंडीगढ़ में, 85 वर्ष से अधिक आयु के 4,680 और 3,735 दिव्यांग मतदाता**

**ऐसे मतदाताओं के दरवाजे पर पंजीकरण फॉर्म पहुंचाने के लिए विशेष टीमें कर रही काम**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़,1 मई।** चंडीगढ़ इस साल 1 जून को लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में अपना अगला संसद सदस्य (सांसद) चुनने के लिए तैयार है। लेकिन घर से मतपत्र के जरिए मतदान 18 मई से शुरू होगा और 1 जून से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इस सुविधा के जरिये 8,415 लोग वोट करने के लिये तैयार हैं। चंडीगढ़ चुनाव विभाग ने 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को पंजीकरण फॉर्म वितरित करना शुरू कर दिया है। इन लोगों ने घर से मतपत्र के माध्यम से अपना वोट डालने की इच्छा जताई थी।

पहली बार, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों के लिए घर पर मतदान की सुविधा बढ़ाने का निर्णय लिया है। चंडीगढ़ में, 85 वर्ष से अधिक आयु के 4,680 मतदाता और 3,735 दिव्यांग मतदाता हैं जो इस सुविधा के लिए पात्र हैं। घरेलू मतदान की सुविधा कोविड-19 के रोगियों के लिए भी मान्य है, लेकिन बीमारी की वर्तमान दशा अनुसार इस समय शायद ही कोई कोविड का सक्रिय रोगी चंडीगढ़ में नहीं है। ऐसे मतदाताओं के दरवाजे पर पंजीकरण फॉर्म पहुंचाने के लिए विशेष टीमें काम कर रही हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त विनय प्रताप सिंह ने घरेलू मतदान की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि इस सुविधा का उद्देश्य उन मतदाताओं की मदद करना है जो वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं जा सकते हैं, लेकिन अपने मतदान के अधिकार को छोड़ना नहीं चाहते हैं। चंडीगढ़ में चूंकि बड़ी तादाद में सेवानिवृत्त लोग रहते हैं लिहाजा इस सुविधा से बड़ी संख्या में ऐसे लोगों को मदद मिलेगी। विनय प्रताप सिंह ने बताया कि ब्लॉक स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) और अधिकारियों की एक विशेष टीम 15 अप्रैल से वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग लोगों को फॉर्म 12-डी वितरित करना शुरू कर देगी। बीएलओ 40 फीसदी विकलांगता प्रमाण पत्र की जांच करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि केवल पात्र ही घर पर मतदान का विकल्प चुन सकें। बीएलओ फॉर्म भरेंगे और सुविधा का विकल्प चुनने वालों से सहमति ले रहे हैं। सहमति मिल जाने के बाद, उनके नाम पर एक मतपत्र जारी किया जाएगा और वे ईवीएम के माध्यम से मतदान के लिए पात्र नहीं होंगे। उनके नाम पर संबंधित मतदान केंद्र पर उपलब्ध मतदाता सूची पर मुहर लगाई जाएगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे दो बार मतदान न करें।



### घरेलू मतदान 18 मई से शुरू होगा

घरेलू मतदान के लिए एक शेड्यूल तैयार किया जाएगा, जो 1 जून से पहले पूरा हो जाएगा। विशेष अधिकारी प्रत्येक पंजीकृत मतदाता के घर पर वोटिंग डिब्बे ले जाएंगे और स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से चुनाव सुनिश्चित करने के लिए उचित वेबकास्टिंग की जाएगी। साथ ही, प्रत्येक राजनीतिक दल के पोलिंग एजेंट घर पर मतदान का कार्यक्रम भी साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग मतदाताओं के लिए हर सुविधा भी प्रदान की जाएगी, यदि वे वहां मतदान करना चुनते हैं।

### मतदान के लिए 4 मई से पहले नामांकन करें

शहर के निवासी, विशेष रूप से पहली बार मतदाता जिन्होंने अभी तक मतदान के लिए पंजीकरण नहीं कराया है, वे 1 जून के चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए 4 मई तक अपना नामांकन करा सकते हैं। निवासी मतदाता हेल्पलाइन ऐप या मतदाता पोर्टल के माध्यम से मतदाता सूची में नामांकन के लिए फॉर्म 6 भर सकते हैं, या बस फॉर्म को अपने बूथ स्तर के अधिकारी को सौंप सकते हैं। 4 मई की समय सीमा तक पंजीकृत सभी बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को वोट-फॉर-होम सुविधा में शामिल किया जाएगा।

## 85 वर्ष से अधिक उम्र के 4,680 और 3735 दिव्यांग

**चुनाव आयोग के अनुसार ये सभी वोटर डाक मतपत्र के जरिये कर सकेंगे मतदान**



**चंडीगढ़।** शहर में 85 वर्ष से अधिक आयु के 4,680 लोग और 3,735 दिव्यांग व्यक्ति हैं, जो डाक मतपत्रों के माध्यम से घरों से अपना वोट डाल सकेंगे। लोकसभा चुनाव में वरिष्ठ नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार, जिला निर्वाचन कार्यालय 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों और विकलांग व्यक्तियों को घर से वोट डालने की सुविधा प्रदान करेगा। इस सुविधा का उद्देश्य उन मतदाताओं की मदद करना है जो वोट डालने के लिए मतदान केंद्रों तक नहीं जा सकते हैं लेकिन अपने मतदान के अधिकार को छोड़ना नहीं चाहते। चंडीगढ़ में बड़ी तादाद में रिटायर्ड लोग रहते हैं लिहाजा इस सुविधा से बड़ी तादाद में लोगों को मदद मिलेगी। सुविधा का लाभ उठाने के लिए, दोनों श्रेणियों के मतदाताओं को मतदान तिथि से कम से कम 10 दिन पहले चुनाव आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर फॉर्म 12-डी भरना होगा। इसके अलावा, जिला निर्वाचन कार्यालय वरिष्ठ नागरिकों को फॉर्म वितरित करने के लिए एक विशेष टीम तैनात करेगा, जिसमें ब्लॉक स्तर के अधिकारी और कर्मचारी शामिल होंगे। वे डाक के माध्यम से भी रिटर्निंग अधिकारी को फॉर्म जमा कर सकते हैं।

## भाजपा को बीते दो लोकसभा चुनावों में पड़े सबसे अधिक वोट

**चंडीगढ़।** वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव के आंकड़ों पर अगर नजर डालें तो इस चुनाव में सबसे ज्यादा वोट भाजपा को पड़े थे। भाजपा ने कुल 2 लाख, 30 हजार,967 वोट ( 2,30,967) लेकर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस इस चुनाव में दूसरे नंबर पर रही थी जिसे 1 लाख 84 हजार 117 वोट (1,84,117) पड़े। इसी तरह अगर वर्ष 2014 के चुनाव की बात करें तो भाजपा को कुल 1 लाख 91 हजार, 295 वोट हासिल हुए और पार्टी की प्रत्याशी किरण खेर विजयी रही। दूसरे स्थान पर कांग्रेस के पवन बंसल रहे जिन्हें 1 लाख 21 हजार 700 (1,21,700) वोट पड़े।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कुल 5,80,730 वोट चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर पड़े। कालोनियों, गांवों और शहरी एरिया का यह डाटा है। इसी तरह वर्ष 2019 में कुल पड़े वोटों की संख्या 6,19,336 पर पहुंच गई। यानि 2019 के चुनाव में कुल 38,606 वोट 2014 की बनिस्बत फालतू पड़े।

वर्ष 2019 में पुरुष वोटरों की संख्याः 3,41,640
वर्ष 2019 में महिला वोटरों की संख्याः 3,04,444
वर्ष 2019 में कुल वोटरों की संख्याः 6,46,084
वर्ष 2019 में पोल हुए पुरुष वोटरों की संख्याः 2,40,635
वर्ष 2019 में पोल हुए महिला वोटरों की संख्याः 2,15,572
वर्ष 2019 कुल पड़े वोटरों की संख्याः 4,56,207
वर्ष 2019 में पुरुषों का वोट प्रतिशतः 70.44
वर्ष 2019 में महिलाओं का वोट प्रतिशतः 70.81
वर्ष 2019 में कुल पड़े वोट का प्रतिशतः70.61
वर्ष 2014 में पुरुष वोटरों की संख्याः 3,32,888
वर्ष 2014 में महिला वोटरों की संख्याः ,2,81,051
वर्ष 2014 में कुल वोटरों की संख्याः6,13,939
वर्ष 2014 में पोल हुए पुरुष वोटरों की संख्याः 2,44,901
वर्ष 2014 में पोल हुए महिला वोटरों की संख्याः 2,08,413
वर्ष 2014 कुल पड़े वोटरों की संख्याः 4,53,314
वर्ष 2014 में पुरुषों का वोट प्रतिशतः 73.57
वर्ष 2014 में महिलाओं का वोट प्रतिशतः 74.15
वर्ष 2014 में कुल पड़े वोट का प्रतिशतः 73.84

# शहर का मतदाता बंटा, जिस पार्टी के पास 30 फीसदी वोट उसकी जीत पक्की

अर्थ प्रकाश/खुशविंदर धालीवाल




**चंडीगढ़, 3 मई।** चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर 1967 में भारतीय जनसंघ के चांद गोयल, 1971 में कांग्रेस के अमरनाथ विद्यालंकार, 1977 में पूर्व उपराष्ट्रपति जनता पार्टी के कृष्णकांत, 1980 और 1984 में कांग्रेस के जगन्नाथ कौशल, 1989 में जनता दल के हरमोहन धवन, 1991 में कांग्रेस के पवन कुमार बंसल, 1996 और 1998 में भाजपा के सत्यपाल जैन, 1999, 2004 और 2009 में कांग्रेस के पवन कुमार बंसल ने जीत हासिल की थी। जिसके बाद 014 में बीजेपी की किरण खेर ने इस सीट पर जीत हासिल की थी और 2019 में भी शहर के मतदाता ने किरण खेर में अपना विश्वास जताया। चंडीगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 2024 के सर्वे अनुसार कुल मतदाता 6,47,291 हैं।

2011 की देश की जनगणना के अनुसार, देश के पहले नियोजित शहर चंडीगढ़ की आबादी 10, 55,450 थी ल शहर में पुरुषों की कुल संख्या 55 फीसदी और महिलाएं 45 फीसदी हैं।

वहीं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में चंडीगढ़ लोकसभा सीट पर कुल 646729 मतदाता थे, जिन्होंने भाजपा प्रत्याशी किरण खेर को 231188 वोट देकर जिताया था. उधर, कांग्रेस उम्मीदवार पवन कुमार बंसल को 184218 वोट हासिल हो सके थे थे, और वह 46970 वोटों से हार गए थे। देखा जाए तो शहर ने ज्यादातर कांग्रेस पार्टी को ही सांसद दिए परन्तु लोकसभा चुनाव 2024 में शहर का मतदाता बंटा हुआ नज़र आ रहा है बीते महीनों में लोकसभा चुनाव घोषित होते ही पेंडू संघर्ष कमेटी चंडीगढ़, चंडीगढ़ पंजाबी मंच, पेंडू संघर्ष कमेटी और चंडीगढ़ बूथ मार्किट एसोसिएशन, चंडीगढ़ इंडस्ट्रियल फॉर्म और शहर के अंदर और बाहर बसी पुनर्वास योजना के अंतर्गत बसी कॉलोनीयों के मलिकाना हक़ को लेकर सभी संगठन सक्रिय हो गए है एक अकेले पेंडू संघर्ष कमेटी चंडीगढ़ को छोड़ दें तो बाकी सभी एक सुर में अपनी मांगे हर प्रत्याशी से उसके चुनावी मेनिफेस्टो में दर्ज़ करवाना चाहता है।

पेंडू संघर्ष कमेटी सीधे तौर पर बीजेपी का बहिष्कार का आवाहन कर रही है बाकी वोट बैंक्स पर नज़र डाले तो अल्पसंख्यक उसकी राय बंटी हुई है दलित समाज का बड़ा हिस्सा बसपा के हक़ में है वोट बैंक का काफी बड़ा प्रतिशत गाँवो में बस रहा है ऐसे में एक विश्लेषण अनुसार जिस भी राजनितिक दल का तीस प्रतिशत चंडीगढ़ के कुल वोट बैंक का पक्का है जीत का सेहरा उसी के सिर बंधेगा।



हम दलित समाज से हैं और दलितों का दमन हर सरकार ने किया हमें नाममात्र सुविधाये दें कर हमारा शोषण ही किया गया मै शहर के पिछड़े इलाके रामदरबार में रहती हूँ यहां वर्षो से पीने के साफ पानी की समस्या है पार्षद, सांसद सब को पता है पता नही कौन कब हमारी सुध लेगा बाकी लोकसभा चुनाव की बात करे तो हम किंग मेकर स्तिथि में है हमारा अपना प्रत्याशी डॉ ऋतु सिंह है और हमारी जीत पक्की है

**-मीना कुमारी**
**सोशल वर्कर रामदरबार**



हम किसान है और पिछले चार साल से किसान अपना हक़ मांग रहा है हम बीजेपी का विरोध करेंगे शहर के कुल मतदाता का पचास प्रतिशत चंडीगढ़ के गाँवो में बसता है और हम बाकी पचास प्रतिशत मतदाता से भी अपील करते है आप वोट किसी भी पार्टी को दो पर बीजेपी को भूल से भी वोट नही देनी और हमारा संघर्ष तब तक रहेगा ज़ब तक किसान जो कि अन्नदाता है उसे उस का हक़ मिले।

**जोगिंदर सिंह, वाईस प्रेजिडेंट**
**पेंडू संघर्ष कमेटी चंडीगढ़**



हमें चाहिए इंडी गठबंधन बीजेपी ने देश का भठा बिठा दिया 2014 के बाद से ही धर्म की राजनीती हो रही है केंद्र में वो सरकार होनी चाहिए जो युवाओं को रोज़गार दें। मौजूदा सरकार ने सबकुछ बेच दिया देश की सीमाए सुरक्षित नही है चीन लद्दाख में अंदर तक घुस आया जिस की कोई चर्चा नही करता मोदी जी ने कोई प्रेस कॉन्फ्रेंस नही की आज तक।

**-हरविंदर सिंह**
**बिजनेस मैन**



हमारे लिए कोई सरकार भी अच्छी नही एडवोकेट होने के नाते बड़ी जिम्मेदारी से बोल रहा हूँ भारत अभी रोटी कपड़ा और मकान के संघर्ष से ही नही निकल पाया चंडीगढ़ के अपने मुद्दे है जिन में से सबसे अहम है रोज़गार चंडीगढ़ का युवा ना पंजाब में अप्लाई कर सकता है ना हरियाणा में जबकि चंडीगढ़ सब के लिए खुला है चंडीगढ़ को ना भाजपा चाहिए ना ही कांग्रेस हमें चाहिए एक तीसरा विकल्प।

**एडवोकेट विक्रांत**
**धनास चंडीगढ़**



मेरी निजी राय से हम संतुष्ट नही है मौजूदा सरकार से पिछले दस साल से कोई रोज़गार नही, चंडीगढ़ के लोगो के लिए कोई योजना नही कांग्रेस को भी बीस साल लगातार सांसद दिया हमने लेकिन निराशा ही मिली पुनर्वास कॉलोनीयों और चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड के मकानो के लिए नीड बेस्ड चेंज हवा में ही रह गए और हस्पताल में सुविधा यों की कमी है हालात यहां तक है कि इमरजेंसी सुविधा में भी ओ पी डी जैसे बर्ताव होता है।

**-एडवोकेट विश्वास**



हम छोटे छोटे दुकानदार है, शहर की प्रगति में हमारा बराबर का हिस्सा है वो चाहे प्रशासन के रेवेन्यू हो, चाहे सामाजिक तौर पर हो शहर की सारी बूथ मार्किट ने हमेशा अपना योगदान बढ़ चढ़ कर दिया परन्तु प्रशासन हमारे साथ सौतेला व्यवहार करता आया है इस बार हम उसी प्रत्याशी को समर्थन देंगे जो अपने मेनिफेस्टो में हमारी माँग को रखेगा

**मुकेश गोयल, प्रेजिडेंट**
**चंडीगढ़ बूथ मार्किट एसोसिएशन**



हमारी ज़ायज़ मांगे लम्बे समय से पेंडिंग है, फायर एन ओ सी, फ्री होल्ड, कन्वर्शन लेकिन कोई भी हमारी समस्याओ को हल नही कर पा रहा द्य प्रशासन से बात करे तो उनसे जवाब मिलता है फ़ाइल एम एच ए भेजी जा चुकी है वहाँ अप्रोच करे तो कोई संतोषजनक जवाब नही हम कहाँ जाए इसी वजह से कई बड़े उद्योग चंडीगढ़ से शिफ्ट हो चुके है हमारी मज़बूरी है हमें शहर से प्यार है इस लिए हमारी बात सुनी जाए इस बार हम अपनी मांगे कैंडिडेट के मेनिफेस्टो में चाहते है और जीतने के बाद यदि वो काम पूरे नही होते तो हमें कोई कड़ा कदम उठाना पड़ेगा।

**नवीन मिग्लानी इंडस्ट्रीलिस्ट**




# सोनीपत में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली के नामांकन में शामिल हुए पूर्व सीएम मनोहर लाल

# कांग्रेस का चरित्र कौरवों की तरह है: मनोहर लाल

कांग्रेस द्वारा 55 साल से बोए गए कांटों को हटा रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी: मनोहर लाल

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत, 3 मई।** सोनीपत में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बड़ौली की नोमिनेशन सभा में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा 55 सालों से बोए गए कांटों को अब पीएम मोदी हटा रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस को कौरवों की टीम कहा। उन्होंने कहा कि चुनाव कौरव और पांडवों के बीच की लड़ाई जैसा है। इस चुनावी जंग में कांग्रेस का चरित्र कौरवों जैसा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाने की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने 55-60 साल के शासन में धारा-370, नक्सलवाद व आतंकवाद जैसे कांटे देश में बोए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 सालों में इन कांटों को दूर हटाया है और देश को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में बिहार से लेकर केरल तक अलगाववाद का गलियारा बन गया था जिसे पीएम मोदी ने खत्म किया और भारत को कश्मीर से कन्याकुमारी तक मजबूत करने का काम किया है।

मनोहर लाल ने सभा में बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश पर कभी शासन नहीं किया। देश पर तो नेहरू परिवार ने राज किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भी यह मान लिया है कि उनका राज अब आने वाला नहीं है। कांग्रेस के गरीबी हटाओ नारे और महिलाओं को एक-एक लाख रुपये देने के वादे पर कटाक्ष करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस झूठ बोलती है। कांग्रेस कभी भी गरीबी खत्म नहीं कर सकती, क्योंकि गरीबी के सहारे ही तो कांग्रेस सत्ता में आने का सपना संजोती रही है।

मनोहर लाल ने कहा कि गरीबी को मोदी सरकार समाप्त कर रही है। गरीब कल्याण की नीतियों के कारण 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी की रेखा से उपर उठे हैं। मोदी ने 10 सालों में देश को खंडित करने की मंशा रखने वाले नक्सलवाद पर लगाम लगाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और वामंपथियों के शासन में नार्थ ईस्ट में कभी गो बैक इंडिया के नारे लगते थे, लेकिन अब भाजपा शासन में वहां ''वी आर इंडियन के नारे लग रहे हैं।

सभा में राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार, रामचंद्र जांगड़ा, कार्तिकेय शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद डीपी वत्स, विधायक निर्मल चौधरी, पूर्व मंत्री बच्चन सिंह आर्य, कविता जैन, कृष्णा गहलावत, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, उमेश शर्मा, ललित बत्रा, धर्मपाल मलिक, उमेश शर्मा, जवाहर सैनी, जगबीर, ओम प्रकाश शास्त्री, बबीता दहिया, वीरेंद्र शांडिल्य, देवेंद्र कौशिक भी मौजूद थे।

## इनेलो गुंडागर्दी, कांग्रेस प्रॉपर्टी डीलिंग और बीजेपी करती है विकासः महिपाल ढांडा

हरियाणा के पंचायत मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि इनेलो का काम गुंडागर्दी करना था और कांग्रेस के राज में प्रॉपर्टी डीलिंग का धंधा होता था और भाजपा के शासन में विकास होता है। विकास के दम पर पूरे भारत में अबकी बार 400 पार का नारा लग रहा है। श्री ढांडा ने कहा कि विपक्ष के लोग जाति पाति और धर्म के आधार पर लोगों को बांटने की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र पर चलते हुए बिना भेदभाव के विकास कर रही है। लोगों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग आएंगे और झूठे वादे करके बरगलाने का काम करेंगे, लेकिन आप लोगों को उनकी बातों में नहीं आना है और देश के विकास के लिए कमल का बटन दबाकर वोट देना है।

## हरियाणा की दसों सीटों पर खिलेगा कमलः बडौली

सोनीपत लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार मोहनलाल बडोली ने दावा किया कि हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर कमल का फूल खिलने जा रहा है। उन्होंने लोगों से वोट की अपील करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के लिए 25 मई को कमल का बटन दबाकर मतदान करें। उन्होंने कहा कि लोगों को भाजपा के विकास कार्यों पर इतना विश्वास है कि वह अब किसी के बहकावे में आने वाले नहीं है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों से मिले और भाजपा के पक्ष में मतदान करायें।

## बबीता दहिया भाजपा में शामिल

वरिष्ठ नेत्री बबीता दहिया ने जजपा छोड़कर सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में आस्था जताई है। बबीता पिछले 25 वर्षों से चौटाला परिवार से जुड़ी हुई थी। बबीता ने कहा कि वह मोदी और मनोहर की जोड़ी से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 10 सालों में बिना भेदभाव के विकास के काम किए हैं। देश और प्रदेश ने 10 सालों में काफी तरक्की की है। बबीता ने कहा कि अब मुख्यमंत्री नायब सैनी हरियाणा में विकास की नई गाथा लिखने का काम करेंगे। इस अवसर पर पूर्व एसडीएम वीरेंद्र सांगवान ने भी भाजपा में शामिल होने का ऐलान किया।

-हैल्थ केयर कॉर्नर-

# सीजोफ्रेनिया: परवीन बॉबी की मौत का कारण



शिखा जैन
मेंटल हेल्थ काउंसलर
जी.एम.सी.एच-32, चंडीगढ़

सीज़ोफ्रेनिया एक अति गंभीर मानसिक रोग/ मनोविकृति (साइकॉटिक इलनेस) है; जिसमें प्रभावित व्यक्ति ऐसी असामान्य मानसिक दशा में पहुंच जाता है कि उसकी सोच तथा वास्तविकता में बहुत अंतर आ जाता है। यह रोग व्यक्ति की धारणाओं, विचारों और व्यवहार को बुरी तरह प्रभावित करके बिल्कुल बदल देता है।

इस रोग के प्रमुख लक्षण हैं : 'मतिभ्रम, दृष्टिभ्रम, श्रवण मतिभ्रम, मिथ्याभास, शक, वहम', अजीब सोच, बातें व व्यवहार। इसके अलावा नकारात्मक लक्षण जैसे पहले वाले कोई भी काम न कर पाना, पहले की पसंद किसी भी गतिविधि में खुशी महसूस न कर पाना, सामाजिक तौर पर बिल्कुल अलग-थलग हो जाना, घर से बाहर निकलना, लोगों से मिलना बात करना बंद कर देना। ऐसे मनोविकृत रोगी को मतिभ्रम के कारण या तो कुछ ऐसा दिखाई देता है या सुनाई देता है; जो वास्तविकता से बिल्कुल परे होता है। ऐसे में व्यक्ति बाहरी दुनिया से अलग अपने आप में ही बड़बड़ाता, मुस्कुराता या चिल्लाता रहता है; जिसे लोग 'पागलपन या ऊपरी हवा' का नाम देते हैं और झाड़ फूंक करवाने चल पड़ते हैं।

ऐसे व्यक्तियों को पक्के तौर पर यह वहम होता है कि कोई उन्हें हानि पहुंचाना या मारना चाहता है व उनके इस शक के दायरे में अधिकतर जान पहचान के ही लोग होते हैं। उन्हें यह वहम भी दृढ़ता से होता है कि आसपास सब उनके बारे में ही बातें कर रहे हैं, उन्हें ही देख रहे हैं और उनके विरुद्ध गहरी साजिश कर रहे हैं; ठीक वैसे ही, जैसे अभिनेत्री परवीन बॉबी के साथ हुआ था और सीज़ोफ्रेनिया उनकी मौत का कारण बना था। अगले अंक में जानेंगे इस रोग के कारण व उपचार।

न्यूज ब्रीफ

## नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की जयंती मनाई



**कुरुक्षेत्र (अप्रस/कुलतार)।** कपूरथला रियासत के संस्थापक व महान सिख योद्धा नवाब जस्सा सिंह अहलूवालिया की 306वीं जयंती पर स्थानीय अहलूवालिया चौक पर मनाई गई। इस अवसर पर अहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया, उप प्रधान अशोक रोशा, प्रदीप रोशा, के पी वालिया, यशपाल वालिया, प्रवीण वालिया, रणधीर वालिया, प्रदीप वालिया, महिपाल वालिया, सुरेन्द्र वालिया, अनिल वालिया, वीरेन्द्र वालिया, देवेन्द्र वालिया, तरुण वालिया, अनिरुद्ध वालिया, अश्विन वालिया, सौरभ वालिया, अनुज वालिया, हितेश वालिया, माधव वालिया, राधव वालिया आदि ने आहलूवालिया चौंक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अहलूवालिया सभा के प्रधान नरेंद्र वालिया ने बताया कि सिख फेडरेशन के सर्वोच्च कमांडर नवाब जस्सा सिंह का जन्म 3 मई 1718 को पाकिस्तान में लाहौर में आहलू गांव में हुआ था। वर्ष 1753 में उन्होंने 2200 युवा हिंदू लड़कियों को अहमद शाह अब्दाली के चंगुल से मुक्त करवाया था। इस कार्रवाई से उन्होंने भारतीयों के दिल में एक विशेष स्थान हासिल किया और उन्हें मुक्तिदाता का नाम भी दिया गया। उन्होंने वर्ष 1761 में लाहौर पर विजय प्राप्त की और 1762 में अफगान बलों के खिलाफ युद्ध में महान होलोकॉस्ट (वड्डा घल्लूघारा) में भयंकर लड़ाई लड़ते शरीर पर दो दर्जन घावों का सामना भी किया। 1764 में उनके द्वारा खालसा ने सरहिंद पर विजय प्राप्त की।

## राशन कार्ड धारक 8 मई तक प्राप्त कर सकते है बकाया राशन

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारी सुरेन्द्र सैनी ने कहा कि जिला के बीपीएल व एएवाई कार्ड धारकों को मास अप्रैल 2024 में मिलने वाले गेहूं, बाजरा, चीनी व सूरजमुखी तेल के वितरण की तिथि को 8 मई 2024 तक बढ़ा दिया गया है। जिला के जिन बीपीएल व एएवाई कार्ड धारकों को मास अप्रैल 2024 में गेहूं, बाजरा, चीनी व सूरजमुखी तेल नहीं मिला पाया है, वह अपने डिपो धारक से ये सभी आवश्यक वस्तुएं 8 मई 2024 तक प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में यदि किसी लाभार्थी को शिकायत है तो वह संबंधित सहायक खाद्य एवं पूर्ति अधिकारी/निरीक्षक के कार्यालय या जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक कार्यालय कुरुक्षेत्र में संपर्क कर सकता है। इसके अलावा विभाग के टोल फ्री पीडीएस हेल्पलाइन नंबर 1800-180-2087 व डीएफएससी कार्यालय के दूरभाष नंबर 01744-294418 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है।

## लड़कियों ने लहराया परचम, 40 ने प्राप्त की मेरिट



**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित सत्र 2023-24 के 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलेवा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वाणिज्य संकाय में खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर कब्जा किया। वही विद्यालय की छात्रा वंदना ने 500 में से 466 निकिता ने 407 और मुस्कान ने 432 अंक प्राप्त करके प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा कला संकाय में छात्रा मनीषा ने 463 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया तो वहीं विद्यालय की कल 65 छात्राओं में से 40 छात्राओं ने मेरिट प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। विद्यालय के प्राचार्य सतेंद्र कुमार बेनीवाल ने स्टाफ के सभी सदस्यों के साथ उत्कृष्ट परिणाम लाने वाली छात्राओं के घर जाकर उन्हें पुष्प माला पहनकर मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# हिमाचल के कई क्षेत्रों में बारिश और अंधड़ का येलो अलर्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला, 3 मई।** हिमाचल प्रदेश के कई क्षेत्रों में शनिवार को बारिश, अंधड़ और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव आने का पूर्वानुमान है। रविवार से धूप खिलने की संभावना है। सात से नौ मई तक दोबारा प्रदेश में कई जगह मौसम बिगड़ने के आसार हैं। शुक्रवार को राजधानी शिमला सहित अधिकांश जगह हल्के बादल छाए रहने के साथ धूप खिली। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने शुक्रवार देर रात से पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से मौसम बदलने की संभावना जताई है।

शनिवार को उच्च पर्वतीय क्षेत्रों किन्नौर, लाहौल-स्पीति सहित चंबा, कांगड़ा, शिमला व कुल्लू के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी और अन्य क्षेत्रों में बारिश होने के आसार हैं। पांच और छह मई को उच्च पर्वतीय जिलों को छोड़कर शेष क्षेत्रों में धूप खिली रहने का पूर्वानुमान है। शुक्रवार को प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में बारिश और बर्फबारी नहीं हुई। उधर, वीरवार रात को केलांग में न्यूनतम तापमान 0.9, मनाली-कुकुमसेरी 5.9, कल्पा 7.4, भुंतर 8.5, सोलन 10.7, मंडी 11.2, हमीरपुर 11.8, बिलासपुर 12.6, शिमला-ऊना 13.0, कांगड़ा 14.6, धर्मशाला 15.1 और नाहन में 17.3 डिग्री सेल्सियस दर्ह हुआ।

| क्षेत्र | अधिकतम तापमान |
|---|---|
| धौलाकुआं | 35.9 |
| ऊना | 34.4 |
| बरठी | 32.9 |
| सुंदरनगर | 31.6 |
| सोलन | 31.0 |
| नाहन | 30.9 |
| मंडी | 30.6 |
| कांगड़ा | 30.0 |
| हमीरपुर | 29.3 |
| भुंतर | 28.6 |
| चंबा | 28.1 |
| धर्मशाला | 25.4 |
| बिलासपुर | 24.3 |
| शिमला | 24.3 |
| मनाली | 22.8 |

# मुख्यमंत्री सुक्खू को हिमाचल हाईकोर्ट का नोटिस

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**शिमला, 3 मई।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने पूर्व कांग्रेस विधायक एवं धर्मशाला विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा की ओर से दायर मानहानि के मामले में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को नोटिस जारी किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि मुख्यमंत्री ने जिला ऊना में भाषण देते हुए कहा कि कांग्रेस के छह विधायक और तीन निर्दलीय विधायक 15-15 करोड़ रुपये में बिके हैं। याचिकाकर्ता सुधीर शर्मा के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि इससे सुधीर शर्मा की छवि को गहरा आघात पहुंचा है। लोगों में उनकी छवि खराब की जा रही है। इसको लेकर सुधीर शर्मा ने उच्च न्यायालय में मानहानि का दावा दायर किया। इस मामले की सुनवाई न्यायाधीश सत्येन वैद्य ने की। अदालत ने कहा कि दूसरे पक्ष को सुने बिना कोई भी निर्णय देना सही नहीं होगा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी।

## कुरुक्षेत्र से प्रदीप सैनी ने किया सरमाएदारों के खिलाफ संघर्ष का ऐलान, भरा पर्चा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** राष्ट्रीय गरीब दल ने भी हरियाणा में अपने तीन प्रत्याशी मैदान में उतारे हैं। करनाल सोनीपत और कुरुक्षेत्र में लोकसभा क्षेत्र में सरमाएदारों के खिलाफ ताल ठोकी है। कुरुक्षेत्र से युवा समाजसेवी प्रदीप सैनी ने कुरुक्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया हैं। करनाल के जाने माने वकील प्रदीप सैनी ने बताया कि उनका संघर्ष गरीबो के लिए हैं। वह उनके हक की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे कांग्रेस और भाजपा ने सैनी समाज के साथ अन्याय किया हैं। कुरुक्षेत्र सीट पर सैनी समुदाय की दावेदारी बनती थी। एडवोकेट प्रदीप सैनी ने बताया कि उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी महाबीर सिंह की अगुवाई में गरीब के हितों की लड़ाई लड़ाई रहे हैं। उनके दल ने करनाल से तिलकराज सिंघल को मैदान में उतारा हैं। प्रदीप सैनी राष्ट्रीय गरीब दल के प्रादेश लीगल सैल के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि वह अपनी उम्मीदवारी के लिए पार्टी का आभार जताते हैं।

## गुरुद्वारा साहिब से देसी घी चोरी, कटर से खिड़की काटकर घुसे चोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जगराओं, 3 मई।** जगराओं में शहर के नजदीक नानक नगरी स्थित गुरुद्वारा साहिब में रात के अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने गुरूद्वारा साहिब में कटर से खिड़की काट कर अंदर घुसे। इसके बाद गोलक काट कर नगदी व देसी घी चुरा लिया।

यह पूरी वारदात गुरूद्वारा साहिब में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस मामले पुलिस ने एक महिला समेत तीन आरोपियों पर चोरी का केस थाना सिटी में दर्ज कर लिया। आरोपियों की पहचान लखविंदर सिंह उर्फ काला प्रदीप सिंह उर्फ रीठा निवासी नानक नगरी व रजनी निवासी नई गोशाला अगवाड़ ख्वाजा बाजू जगराओं के रूप में हुई है।

इस मामले से संबंधित जानकारी देते हुए थाना सिटी के एएसआई मोहन लाल ने बताया कि पीड़ित गोरा सिंह निवासी नानक नगरी ने पुलिस को शिकायत दर्ज कार्रवाई थी। जब वो और जगतार सिंह रोजाना की तरह नित्त नेम करने के लिये सुबह 5:30 बजे गुरूद्वारा साहिब में गए।

उन्होंने गुरूद्वारा साहिब का गेट खोल कर पाठ किया। पाठ करने के बाद रोजाना की तरह जब वह प्रसाद बनाने के लिये रसोई में गए। तो देखा कि किलो देसी घी गायब था।

जिसके बाद उन्होंने गुरूद्वारा साहिब की गोलक की तरफ ध्यान दिया तो पैरो तले जमीन निकल गई। गुरूद्वारा साहिब की गोलक टूटी पड़ी थी और उसमें से करीब 25 हजार रूपये गायब थे। जब उन्होंने वहा लगे कैमरे चेक किए।

जिसके बाद पता चला कि गांव नानक नगरी का रहने वाला आरोपी अपने साथियों के साथ गुरुद्वारा साहिब में दाखिल हुआ है। उसने कटर के साथ खिड़की को काट कर वह गुरुद्वारा साहिब में दाखिल हुआ। फिर आरोपी ने गोलक को काट कर रूपये चुरा लिये।

बता दें कि पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद आरोपी पर थाना सिटी में केस दर्ज कर लिया है।

# भाकियू का 18 प्रदेशों का प्रतिनिधिमंडल 7 को मिलेगा गृह मंत्री अमित शाह से

मुलाकात के बाद भाकियू विचार-विमर्श कर लोकसभा चुनाव में करेगी भाजपा का समर्थन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 3 मई।** भारतीय किसान यूनियन (मान गुट) हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष एवं केंद्र सरकार द्वारा गठित एमएसपी समिति के सदस्य ठाकुर गुणी प्रकाश ने कहा कि आगामी 7 मई दिन मंगलवार को किसान समन्वय समिति (के.सी.सी.) के चेयरमैन, भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद स. भूपेंद्र सिंह मान के नेतृत्व में देश के विभिन्न 18 प्रदेशों के किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर देश के गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में भेंटवार्ता करेंगे। उन्होंने कहा कि भेंटवार्ता के बाद के.सी.सी. की बैठक आयोजित होगी, जिसमें चर्चा कर लोकसभा चुनाव में भाकियू द्वारा देश भर में के.सी.सी. द्वारा समर्थन की घोषणा की जाएगी। कस्बे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेशाध्यक्ष गुणी प्रकाश ने कहा कि मंगलवार को गृह मंत्री से के.सी.सी. के चेयरमैन भूपेंद्र सिंह मान की अगुवाई में होने वाली बैठक में किसानों के मुद्दों पर चर्चा होगी, जिसमें किसानों को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुला बाजार, नई टैक्नोलजी, किसानों को आर्थिक आजादी मिलें, जिसमें किसान स्वयं अपनी फसलों के भाव तय कर सके, मंडियों में लगाई गई पाबंदियों को हटाने सहित कई किसान हित के मुद्दों पर चर्चा कर सरकार से अपील की जाएगी कि किसान हित में यह नीति लागू करें। किसान नेता ठाकुर गुणी प्रकाश ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव में पंजाब व हरियाणा में भाजपा उम्मीदवारों का विपक्ष के इशारे पर विरोध किया जा रहा है, ताकि दोनों प्रदेशों का माहौल खराब किया जा सके। गांव व शहर सबका सांझा होता है और हर नागरिक को अपनी बात रखने व विरोध जताने का अधिकार है, लेकिन जिस पर तरह से भाजपा उम्मीदवारों का विरोध हो रहा है वह सरासर गलत व निदंनीय है। जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। सरकार को चाहिए कि आरजकता फैलाने वाली ताकतों की जांच कर उनके खिलाफ सख्त कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि 7 मई को गृह मंत्री से बैठक के बाद भाकियू की बैठक होगी और उसमें विचार-विमर्श करके लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की जाएगी।

# नई शिक्षा नीति से शिक्षक वर्ग में रोष: अनुराग ढांडा

## एचवीएएस ने आप प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 3 मई।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा को शुक्रवार को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की समस्त प्रदेश कार्यकारिणी ने प्रधान धर्मेंद्र ढांडा के नेतृत्व में अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। उनके साथ आम आदमी पार्टी के एजुकेशन विंग के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने ज्ञापन में एजुकेशन पॉलिसी 2020 की जमकर आलोचना की और कहा कि ये पॉलिसी बीजेपी सरकार द्वारा शिक्षकों, बच्चों पर थोपी गई है। इसके साथ उन्होंने प्रदेश के सरकारी स्कूलों को विलय करने के नाम बंद करने को लेकर भी सरकार की नीति के विरोध अपना मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में चिराग योजना, मॉडल संस्कृति स्कूलों के नाम पर फीस थोपना, ऑनलाइन तबादलों, पदों व स्कूलों का रैशनलाइजेशन करने के नाम पर सार्वजनिक शिक्षा के ढांचे पर अप्रत्याशित हमला किया जा रहा है। अलोकतंत्रिक शिक्षा नीति 2020 को लेकर शिक्षकों में ही नहीं, अभिभावकों और नागरिकों में भी भारी आक्रोश फैल रहा है। अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी शिक्षा, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को लेकर राजनीति करती है। सबसे पहले हरियाणा में आम आदमी पार्टी ने सरकारी स्कूल को विलय करने और बंद करने का विरोध किया था। आम आदमी पार्टी हरियाणा में सरकार बनने पर दिल्ली की तर्ज पर सरकारी स्कूलों को प्राइवेट से बेहतर किया जाएगा। वहीं हर बच्चे को फ्री दाखिला दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों को लेकर भी बेहतर नीति बनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अब तक बीजेपी सरकार हरियाणा में हजारों स्कूलों को बंद कर चुकी है कई से अधिक शिक्षकों के पद समाप्त कर चुकी है। उन्होंने कहा हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार आने पर दिल्ली और पंजाब की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में प्राइवेट स्कूलों से भी बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। इसी तर्ज पर पंजाब में भी शिक्षा क्रांति की दिशा में काम हो रहा है।




# करनाल में कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को पंचकूला कोर्ट ने दी जमानत

## वर्ष 2018 में हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी को लेकर फ्लैक्स बोर्ड लगाने पर दर्ज हुआ केस

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला, 3 मई।** करनाल लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा को साल 2018 में दर्ज केस में पंचकूला जिला कोर्ट ने नियमित जमानत दे दी है।बुद्धिराजा शुक्रवार को पंचकूला कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने उन्हें बेल देकर उनको राहत दी है। हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने पंचकूला में दर्ज एफआईआर व भगोड़ा घोषित करने के आदेश को रद्द करने की हाईकोर्ट से गुहार लगाई थी। कोर्ट में बुद्धिराजा के वकील ने आश्वासन दिया था कि वह जल्द ही ट्रायल कोर्ट में समर्पण कर देंगे। इस आश्वासन के बाद हाई कोर्ट ने सुनवाई सात मई तक स्थगित कर दी थी।

बुद्धिराजा के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर 3 जनवरी 2024 को पंचकूला सेक्टर 14 के पुलिस थाना में धारा 174ए के तहत मामला दर्ज किया गया। बुद्धिराजा के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की पुलिस में शिकायत दर्ज थी। इस मामले में न्यायालय में सुनवाई थी। सुनवाई के दौरान वह पेश नहीं हुए थे। याचिका के अनुसार उन्हें वर्ष 2018 में हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के खिलाफ बेरोजगारी को लेकर फ्लैक्स बोर्ड लगाने पर दर्ज केस में भगोड़ा घोषित किया गया है।



### हर मंच से उठाएंगे बेरोजगारी का मुद्दाः दिव्यांशु

चंडीगढ़। हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष एवं करनाल लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धिराजा ने ऐलान किया है कि इस चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हर मंच पर बेरोजगारी के मुद्दे पर सवाल पूछा जाएगा। पंचकूला की अदालत द्वारा जमानत प्रदान किए जाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह केस बेरोजगारों की आवाज उठाने के कारण दर्ज किया गया था। दिव्यांशु ने कहा कि करनाल लोकसभा हलके में भी युवाओं के साथ धोखा हुआ है। उन्हें भारी संख्या में वह युवा मिल रहे हैं, जिन्होंने सरकार से नौकरियां मांगी और उन्हें सरकार की तरफ से धोखा ही दिया गया। दिव्यांशु ने कहा कि वह अपनी इस मुहिम को बंद नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी के मुद्दे पर आज पूर्व तथा मौजूदा मुख्यमंत्री जवाब देने से भाग रहे हैं। वह करनाल लोकसभा हलके में प्रचार के दौरान हर मंच से युवाओं की आवाज उठाएंगे।

### पहले किया कोर्ट में समर्पण फिर मांगी माफी

बचाव पक्ष के वकील एस पी एस परमार ने मीडिया को जानकारी दी कि हाई कोर्ट के निर्देश पर दिव्यांशु बुद्धि राजा ने कोर्ट में समर्पण किया। जिसके बाद कोर्ट को बताया गया कि यह बैलेबल अपराध है जिसके मद्देनजर हम अपनी मर्जी से सरेंडर कर रहे हैं। कोर्ट से मांग की थी अपराध को देखते हुए दिव्यांशु को बेल दे दी जाए। जिसके बाद उन्होंने दिव्यांशु बुद्धिराजा को नियमित जमानत दे दी।

### ऐसे बाहर आया मामला

बुद्धिराजा को एक पुराने केस में कोर्ट ने भगोड़ा करार दिया था। इसका खुलासा तब हुआ, जब कांग्रेस ने उन्हें भाजपा उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ लोकसभा टिकट देने की घोषणा की। तीन दिन पहले उन्होंने करनाल लोकसभा क्षेत्र से नामांकन भरा था। इसके बाद उन्होंने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर इस केस पर रोक लगाने की मांग की।

### बोले करनाल के लोग देंगे वोट से जवाब

दिव्यांशु बुद्धि राजा पंचकूला कोर्ट से बाहर आने के बाद कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को अब करनाल की जनता अपने वोट से जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल की उन्हें जेल भेजने की यह साजिश थी। लेकिन कोर्ट में पेश होने के बाद अदालत ने उन पर विश्वास जताया और उन्हें जमानत दी।

## जेजेपी के बागी विधायकों का नया पैंतरा

# पार्टी से बगावत करेंगे लेकिन अपनी सदस्यता भी बचाएंगे

लोकसभा चुनाव में पार्टी के विरोध में प्रचार में उतरेंगे बागी विधायक

अर्थ प्रकाश/नीरज सिंगला

**जींद, 3 मई।** जेजेपी के बागी विधायकों ने अपनी विधानसभा सदस्यता बचाते हुए पार्टी के खिलाफ काम करने का फैसला किया। बरवाला से पार्टी के विधायक जोगीराम सिहाग ने साफ ऐलान कर दिया है कि वह पार्टी में बने रहेंगे और भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे। उनके घर पर पार्टी का झंडा लगा रहेगा।

असल में जेजेपी में उस समय से ही बगावत के सुर सुनाई देने लगे थे, जब पार्टी का भाजपा के साथ गठबंधन टूटा था। माना जाता था कि कम से कम पांच विधायक पार्टी के खिलाफ जा सकते हैं। इनमें जोगीराम सिहाग, रामनिवास सुरजाखेड़ा, दादा रामकुमार गौतम, देवेंद्र सिंह बबली और ईश्वर सिंह के नाम शामिल हैं। दलबदल विरोधी कानून साफ कहता है कि किसी भी पार्टी के दो तिहाई से ज्यादा विधायक पार्टी छोड़ सकते हैं। उसे स्थिति में उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी लेकिन अगर संख्या दो तिहाई या उससे कम हुई तो पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण उनकी सदस्यता चली जाएगी। अब इनकी संख्या पार्टी के कुल विधायकों की संख्या से आधी है तो ऐसे में उनकी सदस्यता जाने का खतरा था। यही कारण था कि नायब सैनी सरकार के विश्वासमत के समय पार्टी के कुछ विधायक सदन में पहुंचे लेकिन उसके बाद पार्टी के व्हिप का सम्मान करते हुए सदन की कार्रवाई में भाग नहीं लिया।

पार्टी के बागी विधायकों के सूत्रों का कहना है कि अब यह विधायक एक नई रणनीति के तहत काम करेंगे। इस रणनीति में यह विधायक पार्टी सुप्रीमों अजय चौटाला और पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को इस बात के लिए मजबूर करेंगे कि वह इन्हें पार्टी से निष्कासित कर दें। अगर इन्हें पार्टी से निकाला जाता है तो उनकी विधानसभा की सदस्यता पर किसी प्रकार की कोई आंच नहीं आएगी।

इस नई रणनीति के अंतर्गत पार्टी के विधायक पार्टी के खिलाफ प्रचार करेंगे। जोगीराम सिहाग हिसार में भाजपा उम्मीदवार रणजीत सिंह चौटाला के लिए प्रचार करेंगे। यहां जननायक जनता पार्टी ने दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला को उम्मीदवार बना रखा है। देवेंद्र बबली और रामनिवास सुरजाखेड़ा सिरसा लोकसभा क्षेत्र में अशोक तंवर के लिए प्रचार करेंगे। गुहला से विधायक ईश्वर सिंह नवीन जिंदल के लिए प्रचार में उतर सकते हैं। दादा रामकुमार गौतम को लेकर जो जानकारी सामने आ रही है कि वह या तो चुप्पी साधेंगे या फिर वह कांग्रेस के लिए प्रचार करेंगे। उनके भाजपा में जाने की संभावनाएं कम नजर आती है।

बागी विधायकों की इस नई रणनीति से पार पाना पार्टी के लिए आसान नहीं है। जेजेपी के सूत्रों के अनुसार इन लोगों द्वारा पार्टी के विरुद्ध प्रचार करने पर पार्टी विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर दिन के खिलाफ विधानसभा की सदस्यता के अयोग्य करार दिए जाने की कार्रवाई करने की मांग करेगी। लेकिन माना यह जाता है कि क्योंकि वह सरकार में न तो शामिल होंगे और न ही विधानसभा के अंदर उन्होंने पार्टी के खिलाफ कोई काम किया होगा तो ऐसे में विधानसभा अध्यक्ष इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं करेंगे।

साढ़े 4 साल तक सत्ता की मलाई खाने के बाद गठबंधन से अलग हुए इन विधायकों के अचानक अपने बागी तेवर तीखे कर लेने के कारण प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर माहौल गरमाने लगा है।

# करनाल में हुआ लोकल फोर वोकल का नारा बुलंद

## साढ़े सात दशक बाद आया है करनाल के सामने इतिहास बदलने का अवसर



### पानीपत की चौथी लड़ाई साबित होगा चुनाव

करनाल और पानीपत की धरा पर लगभग तीन सौ साल बाद तुर्रा की अवाज बुलंद हो रही हैं। वरिंद्रर मराठा की सभाओं में तुर्रा की अवाज से माहौल गर्म हो जाता हैं। लोग कहते ळैं कि तुर्रा बाजेगा खट्टर, दिव्यांशु भागेगा। उनके दल में एक साधु भी है जिन्होंने प्रोफेसरगिरी छोड़ दी। 24 साल से लड़ाई लड़ रहे हैं। उनके साथ राम कुमार कश्यप भी 24 साल से हैं। वह कदम से कदम मिला कर चल रहे है। शिवाजी महाराज की प्रतिमा के समक्ष शपथ लेकर लोग कहते है कि अब पहली बार करनाल में जंग का ऐलान जैसा लग रहा है। रणभेरियों का परिचायक तुर्रा बजने लगा हैं। अब लगता है कि पीर परवस सी हुई अब तो पिघलना चाहिए। हंगामा करना मैरा मकसद नहीं अब तो तस्बीर बलना चाहिए। करनाल की तस्बीर बदलने की हसरत दिल में लेकर 24 साल से संघर्ष कर रहे बीरेंद्र मराठा इस बार जीतेंगे यह उनके समर्थकों का भरोसा।

पानीपत की चौथी लडाई में अब पहली बार बजा है तुर्रा

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 3 मई।** चंडीगढ़ के बाद अब करनाल में लोकल फोर वोकल का नारा बुलंद हो रहा हैं। करनाल - पानीपत संसदीय क्षेत्र में लोकल बनाम बाहरी की लड़ाई बनती जा रही है। जहां एक तरफ 1952 से अब तक करनाल के साथ हुए पक्षपात और अन्याय की भरपाई करने का दावा करनाल में एनसीपी बीरेंद्र मराठा कर रहे हैं।

वहीं वह गांव गांव जाकर कह रहे हैं। करनाल में ना तों सेहत ना ही शिक्षा और न ही रोजगार की व्यवस्था हैं। पहली बार उन्होंने कहा कि भजपा और कांग्रेस के पास करनाल के लिए कुछ भी नहीं हैं। भजपा के पास दस साल से कुछ नहीं रहा। कांग्रेस पिछले कई दशकों से करनाल के साथ सौतेला व्यवहार करती आई हैं।

उन्होंने कहा कि यदि उन्हें चुन कर संसद भेजा तो वह पैट्रोलियम का रोजगार परक संयंत्र लगाने के लिए लड़ाई लड़ेंगे। वह करनाल के लिए इजराइल के सहयोग से डेरी उद्योग का क्लस्टर लगाएंगे। उन्होंने कहा कि करनाल के कल्पना चावला मैडीकल कालेज को एम्स और पीजीआई के बराबर का दर्जा दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि आज करनाल के युवा रोजगार के अभाव में विदेश जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बाहरी नेता को प्रत्याशी बनाय हैं। भाजपा ने दोनों वाहरी नेताओं को प्रत्याशी बनाया हैं। उन्होंनें कहा कि करनाल में नेता कहां हैं। केवल वाहरी व्यक्तियों का बर्चस्व हैं। एक सवाल के जबाब में कहा कि पहली बार करनाल के सामने इतिहास बदलने का अवसर आया है।

लोग भी अब समझने लगे हैं। करनाल में पहली बार जिस तरह से लोकल का मुद्दा बना हैं। यह कमाल कर सकता है। वरिंदर मराठा ने कहा कि लोग सवाल करें कि कांग्रेस और भाजपा ने करनाल के लिए क्या किया। कांग्रेस ने केवल रोहतके हिसार सिरसा भिवानी का विकास किया। भाजपा ने सबका साथ सबका विकास का नारा देकर करनाल के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि अब लोग समझा रहे हैं।

# छात्रा मुस्कान ने 12वीं कक्षा में प्राप्त किए 96.2 प्रतिशत अंक

, छात्राएं बोली-पढ़ाई ऐसे हुई कि कभी ट्यूशन की जरूरत ही नहीं पड़ी

अर्थ प्रकाश/रविन्द्र गिरि

**घरौंडा, 3 मई।** घरौंडा के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मुस्कान ने 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर ब्लॉक में दूसरा स्थान हासिल किया है। वहीं छात्रा खुशी ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में दूसरा और अन्य छात्रा मुस्कान ने 91.8 प्रतिशत अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया है, तीनों ही छात्राएं आर्ट स्ट्रीम की है। इसके अतिरिक्त 208 छात्राओं में से 63 छात्राओं ने मैरिट हासिल की। छात्राओं परीक्षा परिणाम से स्कूल में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन ने छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



### कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम में भी लिए 80 प्लस-

स्कूल कार्यकारी प्रिसिंपल सुनीता ने बताया कि स्कूल की कॉमर्स स्ट्रीम की छात्रा तमन्ना ने 88.6 प्रतिशत, तन्नु ने 85.8 प्रतिशत और मन्नत ने 81.2 प्रतिशत अंक हासिल करके अपनी स्ट्रीम में क्रमश प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया है। साइंस स्ट्रीम में ज्योति ने 89.4 प्रतिशत, स्नेहा ने 84.4 प्रतिशत और वंदना ने 83.6 प्रतिशत अंक हासिल किए है और अपनी स्ट्रीम में पहला, दूसरा और तीसरा स्थान पाया है। साइंस स्ट्रीम की छात्राएं नीट का एग्जाम देने के लिए गई हुई है। इतना अच्छा रिजल्ट स्कूल के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है, जिसका श्रेय सभी टीचरों को जाता है और स्कूल की प्रिंसिपल परमजीत जी का हमेशा से ही मार्गदर्शन मिला है।

# जनता की आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में बढ़ रही सरकार: सुमन सैनी



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 3 मई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह देश की तस्वीर बदली है उसके बदले जनता अब नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज विश्व के सबसे चहेते नेता बन चुके हैं। पूरा विश्व उनकी बात सुनता है। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी सुमन सैनी शुक्रवार को करनाल पहुंची और कई कार्यक्रमों में शिरकत की। सुमन सैनी पटेल मार्किट में घंटाघर चौक के पास योगेश भुगडा, कर्ण विहार में निसार व पृथ्वी विहार में महावीर, सविता द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंची और करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए मतदान की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएंगे। सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री के निर्णयों से आर्थिक विकास, राजनीतिक विश्वास, उन्नतिशील भारत के निर्माण एवं विश्व पटल पर भारत की साख में मजबूती के लक्ष्यों को हासिल किया है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां से समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति की आशाओं एवं आकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में नरेंद्र मोदी की सरकार सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। सुमन सैनी ने कहा कि करनाल से मनोहर लाल की एक बड़ी जीत होगी और विधानसभा उप चुनाव में नायब सिंह सैनी करनाल से विधायक बनकर करनाल की जनता की सेवा करेंगे। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम की चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता, मीना कांबोज, रेखा आनंद, मेघा भंडारी, सुनील गुप्ता व सुनील गोयल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



## सम्पादकीय

# नयागांव की सड़क को खोलने से जनता की राह होती आसान

चंडीगढ़ में करीब चार दशक से बंद पड़ी एक सड़क को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने खोलने के आदेश दिए तो सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। यह व्यवस्था की वह तिकड़मबाजी है, जिसे आम जनता कभी समझ नहीं पाती। हाईकोर्ट ने कहा था कि सामान्य जनता का रास्ता इस तरह से बंद नहीं किया जा सकता। वहीं अब सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि सीएम आवास के बाहर की सड़क आम जनता के लिए नहीं है। जबकि यह सच है कि माननीय आम जनता के वोट से ही आम जनता की सेवा के लिए बनते हैं। हमारी पूरी न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधानपालिका जनता के लिए ही है। गौरतलब है कि चंडीगढ़ में सुखना झील से लेकर पंजाब के नयागांव तक की सड़क को आतंकवाद के दौर में साल 1980 में बंद कर दिया गया था। उस समय इस सड़क का बंद किया जाना जरूरी था, क्योंकि इससे आने-जाने वालों की वजह से पंजाब एवं हरियाणा के मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा को संकट पैदा हो सकता था। हालांकि जब पंजाब से आतंकवाद खत्म हो गया और चंडीगढ़ से भी इसका कोई वास्ता नहीं रहा तब भी मुख्यमंत्रियों की सुरक्षा के नाम पर इस सड़क को बंद रखा गया। इस सड़क की वजह से नयागांव में रहने वाले लोगों और यकीन मानिए नयागांव में सिर्फ आम जनता ही नहीं रहती, अपितु पंजाब के बेहद धनाढ्य लोग भी रहते हैं, वे भी इस सड़क से न आ पाकर चंडीगढ़ के विभिन्न सेक्टरों से घूमकर अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं। आखिर आम जनता के साथ यह ज्यादती नहीं है?

> **गौरतलब है कि इसी सड़क पर हरियाणा के मुख्यमंत्री का भी आवास है। हालांकि अब जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस सड़क को खोलने के चंडीगढ़ प्रशासन को आदेश दिए हैं, तो इस पर पंजाब सरकार की ओर से आपत्ति जताई गई। हवाला दिया गया सुरक्षा का। पंजाब सरकार की याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट ने अब इस सड़क को खोलने के हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। बेशक, न्यायपालिका का आदेश ही सर्वोपरि होता है लेकिन आजकल देश में ऐसे फैसलों की भरमार हो गई है, जब छोटी अदालतों के फैसले तो हाईकोर्ट तक आते-आते बदल दिए जाते हैं या फिर निरस्त कर दिए जाते हैं।**

गौरतलब है कि इसी सड़क पर हरियाणा के मुख्यमंत्री का भी आवास है। हालांकि अब जब पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने इस सड़क को खोलने के चंडीगढ़ प्रशासन को आदेश दिए हैं, तो इस पर पंजाब सरकार की ओर से आपत्ति जताई गई। हवाला दिया गया सुरक्षा का। पंजाब सरकार की याचिका पर ही सुप्रीम कोर्ट ने अब इस सड़क को खोलने के हाईकोर्ट के आदेश को निरस्त कर दिया है। बेशक, न्यायपालिका का आदेश ही सर्वोपरि होता है लेकिन आजकल देश में ऐसे फैसलों की भरमार हो गई है, जब छोटी अदालतों के फैसले तो हाईकोर्ट तक आते-आते बदल दिए जाते हैं या फिर निरस्त कर दिए जाते हैं। लेकिन हाईकोर्ट के फैसलों को भी सुप्रीम कोर्ट में बदल दिया जा रहा है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सेक्टर-2 की इस सड? को पहली मई से खोलने के आदेश दिए थे। इसके बाद चंडीगढ़ पुलिस ने एक ट्रैफिक मैनेजमेंट कमेटी भी बनाई और इसमें दो बाहरी ट्रैफिक एक्सपर्ट भी शामिल किए गए। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने सड़क का एक तरफ का हिस्सा ट्राइल के तौर पर खोला और फिर उसमें भी बैरिकेडिंग कर दी। हाईकोर्ट का तर्क था कि जब पंजाब एवं हरियाणा के राज्यपालों के आवासों के सामने से भी रोजाना हजारों लोग सुखना लेक घूमने आते हैं, अगर यह सड़क खुली रह सकती है तो फिर पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास के सामने की सड़क क्यों नहीं खुली रह सकती। इसके बाद इस सड़क को खोलने के आदेश दिए गए। हालांकि पंजाब सरकार ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर दी और उसने हाईकोर्ट के आदेश को खारिज भी करा दिया।

मालूम हो, नयागांव और न्यू चंडीगढ़ के आसपास का इलाका आज बेहद सघन और भीड़भाड़ वाला हो गया है। यह इलाका चंडीगढ़ के उस दबाव को बांट रहा है, जोकि वर्षों के दौरान धीरे-धीरे इस ब्यूटीफुल शहर पर बढ़ता जा रहा है। पूरे देश से चंडीगढ़ में रहने के लिए, नौकरी के लिए, इलाज के लिए और शिक्षा के लिए लोग आ रहे हैं। प्रत्येक वर्ष लाखों लोग यहां घूमने आते हैं, वहीं हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जाने के लिए भी चंडीगढ़ के रास्तों का ही इस्तेमाल करते हैं। अब धीरे-धीरे शहर की जरूरत और ज्यादा फैलाव की हो रही है। हालांकि यह दो राज्यों की राजधानी है, उसमें भी पंजाब का हिस्सा हरियाणा से ज्यादा है। नयागांव पंजाब का ही सबअर्बन इलाका है, यहां दर्जनों फार्म हाउस और रिहायशी कालोनियां हैं, बावजूद इसके चंडीगढ़ से इसका सीधा रास्ता नहीं निकल रहा। क्या नया गांव के लोगों को इसका अधिकार नहीं है कि वे बगैर परेशानी के उस सड़क का इस्तेमाल कर सकें जोकि उन्हें सीधे गंतव्य तक लेकर जाए। बेशक, यह उनका हक है। लेकिन अब चूंकि सुप्रीम कोर्ट ने इस संबंध में फैसला सुनाया है तो इस पर दोनों ही तरह से विचार की जरूरत है। हालांकि यह संभव हो सकता है कि अगर जनता की परेशानी को समझते हुए पंजाब सरकार इस रास्ते को खुलवाने पर फिर से विचार करे। वैसे भी एक सरकार जनता की सेवा के लिए ही होती है।

# दुनिया गोल है

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

भूगोल हमें बताता है कि हमारी पृथ्वी चपटी और गोलाकार आकार की है, जिसका मतलब है कि यह ज्यादातर गोलाकार है, लेकिन अपने ध्रुवों पर थोड़ी चपटी है और भूमध्य रेखा पर थोड़ी उभरी हुई है। यह लगभग एक अनियमित आकार के दीर्घ वृत्त की तरह की है। इसके अलावा, अन्य ग्रहों की तरह पृथ्वी भी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है और यह अपनी धुरी पर भी घूमती है। पृथ्वी अपने अक्ष पर दाहिनी ओर यानी पूर्व दिशा में 23.5 डिग्री झुकी हुई भी है। पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है जिसके कारण दिन और रात होते हैं क्योंकि पृथ्वी का जो भाग सूर्य के सामने होता है वहां सूर्य की रोशनी पहुंचने के कारण दिन होता है और जो भाग पीछे छुप जाता है वहां रात हो जाती है। पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है उसके कारण हम विभिन्न मौसम देख पाते हैं।



हैप्पीनेस गुरू
पीके खुराना

पृथ्वी लगभग गोलाकार है और समय, स्थान और स्थिति के अनुसार दुनिया के लोगों का व्यवहार बदलते मौसम की तरह हमेशा बदलने वाला होने के कारण दुनिया के बारे में भी यह जुमला बन गया कि दुनिया गोल है। आज हम अपने आसपास की दुनिया में जो भी गड़बड़ियां देखते हैं उसका कारण यही है कि ''दुनिया गोल है'', यानी, लोगों के व्यवहार के बारे में कोई सटीक भविष्यवाणी कर पाना हमेशा संभव नहीं है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि एक ही स्थिति पर अलग-अलग व्यक्तियों की राय, नज़रिया और व्यवहार अलग-अलग होंगे। यह तो रही दुनियावी स्थिति, लेकिन अगर हमें एक सीधे-सच्चे इन्सान की तरह इसी दुनिया में जीवन बिताना हो तो हमें क्या करना होगा? हम पहले ही कह चुके हैं कि पृथ्वी गोल है, दायीं ओर झुकी हुई है, अपनी धुरी पर घूमती है और सूर्य के भी चारों ओर चक्कर लगाती है। सवाल यह है कि पृथ्वी के गोल होने का, अपनी धुरी पर घूमने का, दांयी ओर झुके हुए होने का, सूर्य के चारों तरह चक्कर लगाने का हमारे जीवन पर क्या प्रभाव है, या हम इससे क्या सीख सकते हैं?

पृथ्वी गोल है, यानी, इसका कोई आरंभ और कोई अंत नहीं है। इसे हम यूं भी कह सकते हैं कि पृथ्वी का गोला बनाने के लिए हम जहां से शुरू करते हैं, उसका अंत भी वहीं होगा। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए। हम पैदा होते हैं, बड़े होते हैं, पढ़ते-लिखते हैं, पढ़ाई पूरी होने पर काम पर जाना शुरू करते हैं, शादी होती है, बच्चे होते हैं, और हमारी उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारे बच्चों के साथ भी यही क्रम चलता है, बड़े होना, पढ़ना-लिखना, काम पर लगना और फिर शादी हो जाना। बच्चे एक बार सैटल हो जाएं तो हमारा एक सर्कल पूरा हो जाता है। अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करते हुए हम एक तरह से गोल-गोल घूमते हैं, यह है अपनी ही धुरी पर घूमना। जैसे पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है, वैसे ही हम भी जब अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियां पूरी करते हैं तो हम अपनी धुरी पर घूम रहे होते हैं। लेकिन जब हमारे बच्चे सैटल हो जाते हैं और उनकी शादी भी हो जाती है तो हमारा वह चक्कर भी पूरा हो जाता है जिसकी तुलना हम पृथ्वी के सूर्य के चारों तरफ चक्कर लगाने से कर सकते हैं। वह जीवन का एक चक्र है, जो पूरा हो गया। अपनी धुरी पर घूमते रहना तो तब भी जारी रहता ही है, क्योंकि हम परिवार की जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो पाते। बच्चों के बाद नाती-पोते हमारे नये खिलौने बन जाते हैं और हम उन्हें सहेजने-संवारने में जुट जाते हैं। लेकिन सूर्य के चारों तरफ के पृथ्वी के चक्कर की तुलना वाले अपने चक्कर के बाद हम मानो ठहर जाते हैं और सूर्य के चारों ओर का हमारा अगला चक्कर लगता ही नहीं।

यहां फिर सवाल यह है कि हमारे अपने जीवन में हमारे लिए सूर्य के चक्कर का क्या मतलब है और इसका महत्व क्या है? जब एक बार हमारे अपने बच्चे सैटल हो गये और शादी करके अपने-अपने परिवार में रम गये तो हमारी पारिवारिक ज़िम्मेदारियों का एक चरण पूरा हो गया। इस दौरान हमारी उम्र बढ़ी, हमारा अनुभव बढ़ा, हमने कई नए पाठ सीखे, अब दौर है कि हम अपना ज्ञान दुनिया में बांटें। जब हम परिवार के लिए कुछ करते हैं तो हम अपनी धुरी पर घूम रहे हैं और जब हम समाज के लिए कुछ करते हैं तो हम मानो सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाने वाला काम कर रहे हैं। पृथ्वी गोल है, यानी हमें इसी गोले में घूमते रहना है, परिवार का भी ध्यान रखना है और समाज को भी कुछ देना है। पृथ्वी एक तरफ 23.5 डिग्री झुकी हुई है, यानी, हमें भी झुक कर चलना है, विनम्र होकर चलना है, सेवा करते हुए चलना है। जब हम ऐसा करते हैं तो हम सच्चे इन्सान बन जाते हैं। यही आध्यात्मिकता है। पूजा-पाठ हम करते हों, अच्छा है। भजन-कीर्तन करते हों, अच्छा है। दान-पुण्य करते हों, अच्छा है। लेकिन किसी ज़रूरतमंद की सहायता कर देना किसी भी पूजा-पाठ, भजन-कीर्तन और साधारण दान-पुण्य से कहीं ज्यादा अच्छा है। हमारे पास दान के लिए धन न हो तो भी कोई बात नहीं, किसी का हौसला बढ़ा देना, किसी की उदासी को खुशी में बदल देना, किसी का मार्गदर्शन कर देना भी सच्ची पूजा है, सच्ची अर्चना है, सच्ची वंदना है।

''सहज सन्यास मिशन'' हमें यही सिखाता है कि आध्यात्मिक होने के लिए हमें करुणामयी होना होगा, अपने आसपास के लोगों के प्रति सहृदय होना होगा, उनकी भावनाओं को समझना और उनका आदर करना होगा। अध्यात्म की यह पहली सीढ़ी है। विनम्र हुए बिना, करुणामयी हुए बिना, संवेदनशील हुए बिना हम आध्यात्मिक हो ही नहीं सकते। आध्यात्मिक होने के लिए परिवार छोड़ने की आवश्यकता नहीं है, काम-धंधा छोड़ने की आवश्यकता नहीं है, दुनिया छोड़ने की आवश्यकता नहीं है, बस सच्चा, ईमानदार, विनम्र और दयालु इन्सान बनने की जरूरत है। इन्सानियत आ गई तो आध्यात्मिकता आ गई। हम इन्सान बन गये तो मानो संत बन गए। कपड़े रंगें या न रंगे, जटा-जूट बढ़ायें या न बढ़ायें, सिर मुंडाएं या न मुंडाएं, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी सोच बदली कि नहीं, हमारी नीयत बदली कि नहीं, हमारा व्यवहार बदला कि नहीं, यह पैमाना है आध्यात्मिकता का। आध्यात्मिक हो गये तो संत हो गये। संत हो गये तो दुनिया की सेवा में लग गये। दुनिया की सेवा में लग गये तो सूर्य के चारों ओर के चक्कर वाला चरण पूरा होने लग गया। हम परिवार को समय दें, परिवार के लिए कुछ करें, और लगातार करते रहें, यह हमारी धुरी पर हमारा चक्कर है। हम समाज को समय दें, समाज के लिए कुछ करें, और लगातार करते रहें, यह समाज रूपी सूर्य के चारों ओर हमारा चक्कर है। पृथ्वी गोल है, यानी, न आदि है न अंत। दुनिया गोल है, यानी, यहां भी न आदि है न अंत। हम जब तक हैं, तब तक चक्कर काटते रहें, परिवार के चारों ओर भी और समाज के चारों ओर भी। अपनी ज़िम्मेदारियां निभाते रहें, अपना योगदान देते रहें तो हम संत हो गये और परमात्मा से जुड़ गये। आध्यात्मिकता का सार बस इतना सा ही है।

## अर्थ प्रकाश में **34 साल पहले** आज का दिन

### खाड़कू हमले में गुरदासपुर के पुलिस प्रमुख बाल-बाल बचे, विभिन्न घटनाओं में 5 खाड़कुओं सहित 7 व्यक्ति मरे

**चंडीगढ़।** गत रात्रि के दौरान पंजाब में 5 खाड़कु व एक पुलिस कर्मी सहित 7 व्यक्ति मारे गये और 3 खाड़कु गिरफ्तार किये गये। प्राप्त जानकारी के अनुसार तरनतारन जिला के गांव चकसरल में सुरक्षाबलों के साथ हुई मुठभेड़ में दो खाड़कु मारे गये। मारे गए खाड़कु बिना नंबर कार में जा रहे थे और सुरक्षा बलों ने रुकने का संकेत किया तो खाड़कुओं ने फायरिंग शुरु कर दी थी। इसी दौरान गुरदासपुर जिला के पुलिस प्रमुख सुमन्त कुमार गोयल खाड़कु हमले में बाल-बाल बच गए। पुलिस प्रमुख श्री गोयल ने बताया कि गत रात जब वे अपनी बुलेट प्रूफ कार में कही जा रहे थे तो खाड़कुओं ने अचानक उनके काफिले पर अंधाधुंध गोलियां चलाई, परिणाम स्वरूप एस्कार्ट कर रहे पुलिस कर्मियों ने जवाब में गोलियां चलाई। यह आपसी गोलीबारी की मुठभेड़ लगभग एक घंटे तक चली। आज सुबह जब उस इलाके में सर्च की गई तो वहां एक लाश मिली जो खुंखार खाड़कु बलविंदर सिंह उर्फ राकेट की थी। वह केसीएफ का सदस्य था और पुलिस को कई वारदातों में वांछित था। अमृतसर जिला में सुरक्षा बलों ने खाड़कुओं के छुपने के स्थान पर छापा मारा तो एक अन्य खाड़कु बलविंदर सिंह उर्फ नींकू ने सायनाइड खाकर आत्महत्या कर ली।

### औद्योगिक क्षेत्र की समिति का गठन


चंडीगढ़। औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं व इन्हें दूर करने के लिए एक समिति का गठन किया है। इसके चेयरमैन व निर्देशक राजीव शर्मा होंगे। आर.के. संयुक्त सचिव बनाए गए है। इनके अतिरिक्त 17 सदस्यों की एक कार्यकारिणी भी बनाई गई है। डीएसपी अबरोल, स्वास्थ्य अधीक्षक डा. चौधरी सहित रामपाल शर्मा, विमल किशोर, के.के.सेठ, अशोक सचदेवा, डी.पी. खाण्डेलिया, एचएस विज, किशोर गुप्ता, एम.एम. खन्ना, जे.आर. ग्रोवर, टी.के. सहगल और प्रीतम सिंह आदि इसके सदस्य है।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1767- प्रसिद्ध कवि तथा कर्नाटक संगीत के संगीतज्ञ त्यागराज का जन्म।
1780- अमेरिकी कला एवं विज्ञान अकादमी की स्थापना।
1799- मैसूर राज्य का शासक टीपू सुल्तान का निधन।
1846- अमेरिकी प्रांत मिशिगन में मृत्युदंड को खत्म किया गया।
1854- भारत का पहला डाक टिकट आधिकारिक रुप से जारी हुआ।
1896- लंदन डेली मेल का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ।
1897- फ्रांस के पेरिस बाजार में आग लगने से करीब 200 लोगों की मौत हुई।
1905- भारत की पहली महिला न्यायाधीश अन्ना चांडी का जन्म।
1924- पेरिस में 8वें ओलिंपिक खेलों की शुरुआत हुई।
1935- पंजाबी की प्रतिष्ठित, बहुचर्चित अग्रज लेखिका दलीप कौर तिवाना का जन्म।
1945- जर्मनी की सेना ने नीदरलैंड, डेनमार्क और नार्वे में सरेंडर किया।
1957- भारतीय इतिहासकार हेमचंद्र रायचौधरी का निधन।
1959- पहला ग्रैमी अवॉर्ड आयोजित हुआ।
1979- श्रीमती मार्गरेट थैचर ब्रिटेन की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
1980- कोल माइंस डे की घोषणा हुई।
1980- जिम्बाब्वे के नेता रॉबर्ट मुगाबे ने चुनाव में भारी जीत हासिल की और पहले अश्वेत राष्ट्रपति बने।
1983- चीन ने परमाणु परीक्षण किया।
1989- अमेरिकी अंतरिक्ष यान एफटीएस-30 का प्रक्षेपण हुआ।
1994- काहिरा में इजरायल एवं फ़लिस्तीनी नेताओं द्वारा फ़िलिस्तीनी स्वायत्तता से संबंधित ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर।
1999- भूमिगत बारूदी सुरंगों के उत्पादन पर प्रतिबंध लगाने के लिए ओटावा संधि के सभी हस्ताक्षरकर्ता देशों की पहली बैठक मापूतो (मोजाम्बिक) में शुरू।
2003- मैक्सिको की अन्ना गुएवेरा ने 35.30 सेकेण्ड का समय लेकर ग्रांप्री मीटर की 300 मीटर दौड़ में विश्व रिकार्ड बनाया।
2007- बैंकॉक में ग्लोबल वार्मिंग पर बैठक सम्पन्न।
2008- सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनी 'सेल' ने भारतीय इस्पात गठबंधन से अपने को अलग किया।
2008- विख्यात तबला वादक पंडित किशन महाराज का निधन।

## बोल ब्यूटीफुल

**मानक गुप्ता:** इस बार गुजरात का चुनावी मुकाबला इतना एकतरफा लग रहा है कि देश में कहीं इसकी चर्चा भी नहीं हो रही। अभी तक एक भी डिबेट में गुजरात का जिक्र तक नहीं आया। बाकी लगभग सभी राज्यों पर बहस हुई है।



**शिव कांत:** इंटरनेट मीडिया झूठ और अतिरंजना का ऐसा भंवर बन गया है जिसमें रोज एक सच फंसा दिखता है। एस्ट्राजेनेका की कोविशील्ड वैक्सीन को ही ले। इसके संभावित खतरे 2021 के आरंभ से पता थे, मगर जोखिम दस लाख में एक का था, इसलिए टीके लगाए। कंपनी ने वही बात कोर्ट में मानी है।

**सुशील दोशी:** यह अजीब संयोग है कि विश्व कप टीम में चुने गए कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन आइपीएल में एकाएक खराब हो गया। बुमराह, सिराज और अर्शदीप विकेट नहीं ले पा रहे तो हार्दिक पांड्य, रोहित, सूर्यकुमार यादव, जडेजा और शिवम दुबे के बल्लों से रन नहीं निकले। जब विश्व कप सामने है तो फर्म बनाए रखना जरूरी है।

## अपराध कथा



# लगातार शिकंजा कैसे जाने से मुश्किल में हैं गैंगस्टर

गैंगस्टरों का जीना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। गैंगस्टरों के खिलाफ अभियान लगातार जारी है. इस अभियान के तहत कभी गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या की खबरें आ रही हैं तो कभी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की खबरें चल पड़ती हैं।

भले ही इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं रही हो, लेकिन इसमें कोई शक नहीं है कि गैंगस्टरों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। कहीं गैंगस्टरों के साथ मुठभेड़ हो रही है तो कहीं गैंगस्टर पुलिस की गोली के शिकार हो रहे हैं।

### गोल्डी बराड़ की हत्या की अफवाह

अब अचानक, पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की अमेरिका में कुछ बदमाशों के गोली मारकर हत्या की खबर से चर्चाओं का बाजार गर्म है। सवाल उठ रहे हैं कि मारा गया गोल्डी बराड़, सिद्धू मूसेवाला की हत्या का आरोपी ही है। भारत सरकार ने कनाडा में छिपे गोल्डी बराड़ को आतंकी घोषित किया हुआ है।

खबर थी कि अमेरिका में गोल्डी बराड़ नामक व्यक्ति की गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। गोल्डी को ही पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का असली मास्टरमाइंड माना जाता है। इसके बाद चर्चा चली कि मारा गया गैंगस्टर गोल्डी बराड़ नहीं, बल्कि एक बड़ा नशा तस्कर है।

हालांकि, पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने भी इस बात की पुष्टि नहीं की कि गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की हत्या हो गई है। अमेरिकी चैनल के अनुसार अमेरिका के फेयरमोंट के होल्ट एवेन्यू में बराड़ को गोलियां मारी गई थीं।

गैंगस्टर लखबीर ने अपने फेसबुक अकाउंट पर एक पोस्ट डालकर आतंकी गोल्डी बराड़ की हत्या की जिम्मेदारी ली थी। अपने फेसबुक अकाउंट में उसने लिखा कि गोल्डी बराड़ की हत्या हमने करवाई है। विदेश में बैठा लखबीर सिंह भी पंजाब में अपना गिरोह चला रहा है और उसके खिलाफ रेड कार्नर नोटिस भी जारी हो चुका है।

लखबीर और बिश्नोई दोनों ही पंजाब के अलावा देश भर में अपना-अपना नेटवर्क चला रहे हैं और दोनों ही आपस में कट्टर विरोधी हैं। दोनों गुटों में कई बार गैंगवार हो चुकी है। गैंगस्टर लखबीर की पोस्ट पर अगर विश्वास किया जाए तो माना जा सकता है कि लारेंस बिश्नोई गिरोह को विदेश से चलाने वाला गोल्डी बराड़ ही है। पहले वह कनाडा में रहता था, लेकिन मूसेवाला की हत्या के बाद वह अमेरिका शिफ्ट हो गया। श्री मुक्तसर साहिब जिले के रहने वाले गोल्डी का असली नाम सतविंदर सिंह है। उसके पिता पंजाब पुलिस में सब इंस्पेक्टर थे।

गोल्डी बराड़ के चचेरे भाई अकाली नेता गुरलाल बराड़ की चंडीगढ़ में अक्टूबर, 2020 में एक क्लब के बाहर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या को लखबीर गिरोह ने ही अंजाम दिया था। पंजाब विश्वविद्यालय का छात्र गुरलाल और लारेंस बिश्नोई में खासी दोस्ती थी. गुरलाल की हत्या का बदला लेने के लिए गोल्डी बराड़ ने अपराध का रास्ता चुना और इसके लिए उसने लॉरेंस से हाथ मिला लिया था।







गोल्डी ने आठ फरवरी, 2021 को अपने भाई गुरलाल की हत्या का बदला लेने के लिए फरीदकोट के जिला यूथ कांग्रेस अध्यक्ष गुरलाल सिंह पहलवान की हत्या करवा दी। इसके बाद गोल्डी स्टूडेंट वीजा पर कनाडा भाग गया। गोल्डी के खिलाफ दो बार रेड कार्नर नोटिस जारी हो चुका है। वह विदेश में चेहरा बदल-बदल कर रह रहा था। पिछले कुछ वर्षों से वह तब चर्चा में आया, जब वर्ष 2021 में मोहाली में लॉरेंस और गोल्डी के दोस्त यूथ अकाली नेता विक्की मिड्डूखेड़ा की हत्या कर दी गई।

लॉरेंस और गोल्डी का मानना था कि इस हत्या के पीछे सिद्धू मूसेवाला का भी हाथ है। मिड्डूखेड़ा की हत्या का बदला लेने के लिए बराड़ ने विदेश में बैठ कर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की साजिश रची और 2022 में उसकी हत्या कर दी गई। बराड़ को भारत लाने के लिए पंजाब पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां लगातार प्रयास कर हैं।

### पन्नू की हत्या की भी उड़ी थी अफवाह

इससे पहले भारत के खिलाफ जहर उगलने वाले विदेश में बैठे गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की भी अफवाह उड़ी थी। इस संबंध में एक रॉ अधिकारी का नाम लिया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'रिपोर्ट में एक गंभीर मामले में अवांछित और निराधार आरोप लगाए गए हैं।' उन्होंने कहा, 'भारत सरकार ने संगठित अपराधियों, आतंकवादियों और अन्य के नेटवर्क पर अमेरिकी सरकार की ओर से शेयर की गई सुरक्षा चिंताओं की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित की है, जिसकी जांच जारी है।' जायसवाल ने वाशिंगटन पोस्ट की खबर के जवाब में कहा था कि 'इस पर काल्पनिक और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की जरूरत नहीं है।'

पिछले साल नवंबर में अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर अमेरिका में सिख अलगाववादी पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में भारत सरकार के एक आधिकारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था। भारत में आतंकवाद के आरोपों में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सात दिसंबर को संसद में कहा था कि भारत ने इस मामले में अमेरिका से प्राप्त सूचना की जांच के लिए एक जांच समिति गठित की है, क्योंकि इस मामले से देश के राष्ट्रीय हित भी जुड़े हैं।

### मूसेवाला मामले में आरोप तय

पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में मानसा की अदालत ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवानपुरिया सहित 25 लोगों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। इसके अलावा अदालत ने गैंगस्टर गोल्डी बराड़, लॉरेंस बिश्नोई, जग्गू भगवानपुरिया, चरणजीत चेतन और जगतार सिंह की तरफ से निर्दोष होने संबंधी अर्जी को खरिज कर दिया है।

सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने अदालत की तरफ से आरोप तय करने पर संतुष्टि जाहिर करते हुए कहा कि अब उन्हें इस केस में कुछ उम्मीद बंधी है। उन्होंने कहा कि मूसेवाला मामले में बहुत से सफेदपोश भी साजिशकर्ता हैं, लेकिन उनको अभी जांच में शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की जेल से जारी वीडियो की भी अभी तक जांच नहीं हो पाई है।

बलकौर सिंह ने कहा कि लॉरेंस और उसके साथियों ने सरेआम पंजाब की जेलों में बैठ कर साजिश रची। एनआईए की जांच में भी सामने आ चुका है कि लॉरेंस जेल में बैठ कर भी सालाना करोड़ों रुपए कमा रहा है। साथ ही गैंगस्टरों की तरफ से कत्ल की जिम्मेदारियां भी ले रहा है।

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में आरोप तय होने के बाद मानसा अदालत अब इस मामले की सुनवाई 20 मई को करेगी। इस मामले में आर्म्स एक्ट में लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवानपुरिया सहित अन्य लोगों को भी नामजद किया गया है।

### बंबीहा गैंग के छह शूटर गिरफ्तार

पंजाब पुलिस ने गैंगस्टरों के खिलाफ अभियान तेज करते हुए बंबीहा गैंग के छह सहयोगी पकड़े हैं। मोगा पुलिस की तरफ से दबोचे गए इन लोगों में लवप्रीत सिंह, सुनील कुमार, करण, विक्की गांधी, हेम प्रीत चीमा और साहिल शर्मा शामिल हैं।

मेहना पुलिस थाने में इन सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के पास से तीन पिस्तौल, तीन कारतूस, एक देसी कट्टे के साथ दो कारतूस और दो कारें बरामद की गई हैं।

एसएसपी विवेकशील सोनी ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि छह लोग अवैध हथियार और गोला-बारूद के साथ किसी अपराध को अंजाम देने की फिराक में मेहना के बस स्टैंड पर खड़े हैं। इसके बाद मोगा सीआईए स्टाफ के इंचार्ज इन्स्पेक्टर दलजीत सिंह ने अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच कर सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार किये गए आरोपियों में विक्की गांधी पर मोगा में छह आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि सुनील कुमार अलग-अलग थानों में 13 मामले दर्ज हैं। लवप्रीत सिंह पर भी पहले से ही एक मामला दर्ज है। पुलिस इन सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

उधर, पंजाब के फरीदकोट जिले में मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दो गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया है। दोनों गैंगस्टरों के पैर में गोली लगी हैं. गिरफ्तारी के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक दोनों गैंगस्टर किसी वारदात को अंजाम देने के लिए फरीदकोट आए थे, गैंगस्टरों की पहचान विपुल प्रीत और करन के रूप में हुई है। यह दोनों जालंधर के रहने वाले हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश करेगी कि इनके निशाने पर कौन था। पंजाब पुलिस ने इन दिनों गैंगस्टरों के खिलाफ अभियान छेड़ रखा है।

इससे पहले तरनतारन पुलिस ने नौशेरा पन्नुआं में तीन गैंगस्टर गिरफ्तार किए थे। इन गैंगस्टरों की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी, मोहपरीत सिंह उर्फ मोही और शमशेर सिंह उर्फ शेरा के रूप में की गई थी। जालंधर और मोहाली पुलिस की तरफ से भी सात गैंगस्टरों को गिरफ्तार किया जा चुका है।


**रिपोर्ट: सुमित्रा**




# लोकसभा सीटों पर दावेदारों की ताल आखिर कौन करेगा कमाल

**गुरुग्राम से राजब्बर ने किया नामांकन, भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राव दाव सिंह और भाजपा के आनंद कुमार आमने-सामने**

**प्रदेश में अब तक 136 प्रत्याशियों ने किए नामांकन दाखिल**



अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव में ताल पर ताल ठोक रहे प्रत्याशियों में आखिर हरियाणा में कौन कमाल करेगा, यह सवाल हर किसी के मन में कौंध रहा है। प्रत्याशियों की चहल कदमी के साथ शुरू होने वाला दिन चुनावी गहमा-गहमी के बीच बीत रहा है। शुक्रवार को गुरुग्राम से कांग्रेसी प्रत्याशी राजब्बर के नामांकन भरने के साथ हरियाणा ने सुर्खियां बटोरनी शुरू कर दी। हॉट सीट बनी अंबाला निर्वाचन सीट पर दावेदार ताल पर ताल ठोक रहे हैं। अब तक 15 नामांकन भरे जा चुके हैं। जन नायक जनता पार्टी की प्रत्याशी किरण पूनिया, बहुजन मुक्ति पार्टी से सूरज कुमार, बहुजन समाज पार्टी से पवन कुमार, निर्दलीय माम चंद सहित भारतीय जवान किसान पार्टी के बलजीत सिंह और हरियाणा जनसेना पार्टी से राकेश कुमार प्रत्याशियों ने नामांकन भरे। भिवानी-महेंद्रगढ़ सीट से दो उम्मीदवारों ने पर्चे भरे। कांग्रेस प्रत्याशी राव दाव सिंह, भारतीय जवान किसान पार्टी प्रत्याशी आनंद कुमार ने अपने अपने नामांकन दाखिल किए। फरीदाबाद सीट से बहुजन मुक्ति पार्टी से लेखराम दबंग, राष्ट्रीय विकास पार्टी से प्रत्याशी महेश प्रताप शर्मा, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से श्याम सुंदर, निर्दलीय सुरेंद्र कुमार सैनी, जननायक जनता पार्टी की प्रत्याशी तानिया हुड्डा और कांग्रेस प्रत्याशी महेंद्र प्रताप सिंह ने नामांकन भरे।

**राजब्बर ने दाखिल किया नामांकन**

उधर, लोकसभा चुनाव में गुरूग्राम सीट राजनीतिक अखाड़ा बनी रही है। इस सीट से 19 नामांकन भरे जा चुके हैं। शुक्रवार को अभिनेता राजब्बर ने कांग्रेस पार्टी की तरफ से बतौर प्रत्याशी अपना नामांकन भरा तो अभिनेता को देखने लोगों की भीड़ उमड़ी रही। उधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह और निर्दलीय सिंह राम समेत स्वयं शासन पार्टी के उम्मीदवार धर्मेंद्र ठाकरान ने नामांकन दाखिल किए। हिसार सीट से निर्दलीय प्रत्याशी चंद्र मोहन, बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी देश राज, निर्दलीय प्रत्याशी आत्मा राम और इंडियन नेशनल लोक दल से रविंदर सिंह उर्फ रवि सिंह चौटाला और लोकदल से ही प्रत्याशी सुनेना ने नामांकन भरे। करनाल सीट से निर्दलीय प्रत्याशी सोनिया और पीपल्स पाटी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के प्रत्याशी नितिन ने नामांकन दाखिल किए।

### कुरुक्षेत्र में पार्टियों का डंका

लोस चुनाव में कुरुक्षेत्र मानो हर राजनीतिक दल की नाक का सवाल बन चुका है। चुनाव आयोग को इस सीट से 22 नामांकन मिल चुके हैं। शुक्रवार को पीपल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) से प्रत्याशी इंद्रजीत कंबोज ने नामांकन किया। इसके अलावा जननायक जनता पार्टी से पाला राम ने नामांकन किया है। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से प्रत्याशी विक्रम सिंह और निर्दलीय प्रत्याशी वरुण गुप्ता ने नामांकन किया। उधर, रोहतक सीट भी हॉट सीट में तब्दील हो गई है। अब तक यहां से चुनाव आयोग को 14 नामांकन मिल चुके हैं, जिनमें से 6 उम्मीदवारों ने शुक्रवार को नामांकन किया। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) से प्रत्याशी राकेश सिंह, भारतीय जनता पार्टी से रीटा शर्मा, भारतीय जनता पार्टी से प्रत्याशी अरविंद कुमार शर्मा, भारतीय जवान किसान पार्टी के प्रत्याशी जगबीर सिंह और निर्दलीय प्रत्याशी संजय ने नामांकन किया। सिरसा सीट से 13 नामांकन दाखिल किए गए। लोकतांत्रिक लोक राज्यम पार्टी से प्रत्याशी धर्मपाल, निर्दलीय प्रत्याशी सतपाल सिंह, बहुजन रिपब्लिक सोशलिस्ट पार्टी से प्रत्याशी राजेश, भारतीय आशा पार्टी से प्रत्याशी राजिंदर कुमार, जननायक जनता पार्टी से प्रवीन कुमार, जननायक जनता पार्टी से रमेश खटक, कांग्रेस से प्रत्याशी नलिन सिंह ने नामांकन भरे। वहीं सोनीपत सीट पर इस बार मुकाबला कड़ा माना जा रहा है। निर्दलीय संत धर्मवीर छोतिलवाला, भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी गीता, भाजपा से ही मोहन लाल, बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याशी उमेश कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी जगबीर ने अपने अपने नामांकन दाखिल किए।

# फोगाट ने छात्र-छात्राओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया



अर्थ प्रकाश /विशाल

**सफीदों।** सफीदों के एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष फोगाट ने शुक्रवार को नगर के राजकीय पीजी कालेज पहुंचकर छात्र-छात्राओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने की। इस मौके पर प्राचार्या डा. तनाशा हुड्डा ने एसडीएम मनीष फोगाट का अभिनंदन किया। एसडीएम मनीष फोगाट ने कालेज के विद्यार्थियों को वोट जरूर करने की शपथ भी दिलवाई। अपने संबोधन में एसडीएम मनीष फोगाट ने कहा कि मतदान करना हर किसी का सिर्फ अधिकार ही नहीं है, बल्कि एक विशेषाधिकार है। हमें हर चुनाव में मतदान करने के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। विद्यार्थी खुद तो मतदान करें ही साथ ही साथ अपने घर-परिवार, आस-प?ौस, गांव व शहर में मतदान के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाएं व दूसरों को चुनावी प्रकिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

# अच्छी केंद्र सरकार चुनने के लिए सभी मतदाता करें मतदान: लब्बू जांगड़ा



अर्थ प्रकाश /कृष्ण

**निसिंग ।** अच्छी केंद्र सरकार चुनने के लिए सभी मतदाताओं को अपने मतदान का प्रयोग बहुत जरूरी करना चाहिए। मतदान करना हमारा मौलिक अधिकार है,जो देश के लोगों को लंबे संघर्ष के बाद मिला है। मतदान करने से पहले सभी मतदाता लोकसभा के सभी प्रत्याशियों का मूल्यांकन कर लेना चाहिए ताकि हमें यह पता चल सके कि कौन सा प्रत्याशी हमारा प्रतिनिधि बनकर देश की सेवा कर सकेगा। यह बात निसिंग क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व नगर पार्षद लबकुश उर्फ लब्बू जांगड़ा ने निसिंग में लोगों को मतदान के लिए जागरूक करते हुए कहे। जांगड़ा ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। जहां लोगों को मतदान के जरिए अपने देश,प्रदेश,शहरी व ग्रामीण सरकार का प्रतिनिधि चुनने का अधिकार मिला हुआ है। इस मतदान से ही हम अपने देश में केंद्र सरकार का चयन कर सकते हैं। जांगड़ा ने कहा कि जनता के प्रति गंभीर प्रतिनिधि चुनें चुनाव कोई भी हो। हमें ऐसा प्रत्याशी चुनना चाहिए जो शिक्षित एंव जनता के प्रति गंभीर हो। लोकतंत्र के इस त्यौहर में प्रत्येक मतदाता को अपने मत का प्रयोग कर मतरूपी आहुती देने का काम करना चाहिए। लब्बू जांगड़ा ने बताया कि आप का मत बहुमूल्य है,इसका सही इस्तेमाल करें। लोगों के मतदान न करने से ऐसे लोग चुनाव जीत जाते हैं,जो आम लोगों के हितों की रक्षा नहीं करते।

# घरों से कूड़ा उठाने वालों का 70 दिनों का वेतन बकाया



अर्थ प्रकाश /सुशील

**नारायणगढ़।** सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीआईटीयू) व नगरपालिका कर्मचारी संघ के सांझा प्रतिनिधिमंडल में शामिल रमेश नन्हेड़ा ,सतीश सेठी, मंगा साहिब व धर्मवीर ने कहा कि घरों से कूड़ा उठाने का टेंडर 13 सितम्बर 2023 को खत्म होने के बाद कर्मियों को 14 सितम्बर 23 को वेतन देने की लिखित गारंटी देकर काम करवाया गया था। परंतु सात महीने बीत जाने पर भी आज तक भुगतान नही किया। इससे साफ है कि गारंटियों के नाम पर केवल जुमलेबाजी की जा रही है। दलित वर्ग के सफाई कर्मचारियों से काम लेकर वेतन न देना गैर कानूनी है। इसलिए सीआईटीयू मांग करता है कि बकाया वेतन का भुगतान जल्द किया जाए वरना लोकसभा चुनावो में भाजपा समेत सभी पार्टियों के उम्मीदवारों से न्याय की अपील की जाएगी।

प्रतिनिधिमण्डल ने चेयरपर्सन महोदया के नाम ज्ञापन उनके कार्यालय में ओम प्रकाश पार्षद को सौंपते हुए कहा कि सफाई कर्मियों ने टेंडर खत्म होने के बाद चेयरपर्सन की लिखित गारंटी पर 14-9-2023 से 19-10-202× तथा 27-10-23 से 29-11-202× तक कुल 70 दिन काम किया था। इस पर पार्षद महोदय ने भरोसा दिया कि वह इस बारे आज ही बात करेंगे।

# इनेलो पार्टी में मिलेगा सम्मान :शेर सिंह बडशामी



अर्थ प्रकाश /कुलतार

**कुरुक्षेत्र।** लोहारा में सूबेदार रिछपाल सिंह नखरोजपुर और सरदार नछतर सिंह नखरोजपुर के प्रयास से कुलदीप सिंह, अमृतपाल सिंह,काका सिंह, गुरजिंदर सिंह, हरदीप सिंह,चरण सिंह,गुरप्रीत सिंह, रघुबीर सिंह ने अन्य पार्टियों को छोड़कर पूर्व विधायक शेर सिंह बडशामी के नेतृत्व में इनेलो में शामिल हुए । इन सभी को शेर सिंह बड़शामी ने पार्टी का पटका पहनाकर ज्वाइन करवाया। इस अवसर पर हल्का प्रधान राजिंद्र कश्यप दुधला, पूर्व जिला परिषद सदस्य जगीर सिंह मेहरा, वरिष्ठ इनेलो नेता जगदीप सिंह दुगारी,करनैल सिंह बकाली जैलदार ,जोगिंदर सिंह हरिपुर, रूप राम डुड्डा, रामकुमार सरपंच खैरा,सरदार बगीचा सिंह ,सरदार अमरीक सिंह, रणबीर सिंह नांदल,निर्मल सिंह बपदी,मुख्य रूप से मोजूद थे।

# नरवाना ने अनाज मंडी से 400 ग्राम चरस सहित 2 तस्कर को किया काबू



अर्थ प्रकाश /अनील सैनी

**नरवाना।** सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने बड़ी कारवाई करते हुए अनाज मंडी नरवाना से 2 नशा तस्करों को 400 ग्राम चरस सहित काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पकडे गए नशा तस्करों की पहचान गुरुदेव व आदित्य वासियान इंदिरा कॉलोनी नरवाना जिला जींद के रूप में हुई है।

सीआईए इंचार्ज सुखदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम के एएसआई रमेश कुमार के खुफिया सूचना मिली कि अनाज मंडी नरवाना में दो नशा तस्कर पर मोटरसाइकिल पर चरस बेचने लिए आने वाले हैं। सीआईए टीम ने खुफिया सूचना को उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया और मुखबिर की बताई जगह पर ट्रैप लगाया थोड़ी देर बाद एक काले रंग की मोटरसाइकिल नंबर एच आर 32एल 7394 पर 2 व्यक्ति फायर ब्रिगेड के दफ्तर के पास दिखाई दिए । सीआईए टीम ने एकदम रेड की तो दोनों तस्करों ने पुलिस की सरकारी गाड़ी को देखकर मौका से भागने की कोशिश की लेकिन सीआईए टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए दोनों आरोपियों को काबू कर लिया।


## न्यूज ब्रीफ

### 105 वर्षीय को चुनावों में वोट डालने का निमंत्रण पत्र सौंपा



**सफीदों (दीवान)।** सफीदों के एसडीएम एवं निर्वाचन अधिकारी मनीष फोगाट ने शुक्रवार को गांव मालसरी खेड़ा पहुंचकर उपमंडल सफीदों की सबसे बुजुर्ग महिला 105 वर्षीय भरथो देवी को लोकसभा चुनावों में वोट डालने का निमंत्रण पत्र सौंपा। एसडीएम ने पहले तो भरथो देवी का हालचाल पूछा और उसके बाद उन्हे निमंत्रण पत्र सौंपते हुए उन्हे आगामी 25 मई को लोकसभा चुनावों में मतदान जरूर करने की अपील की। एसडीएम मनीष फोगाट ने भरथो देवी को पेशकश की कि वे घर से भी मतदान कर सकती है और अगर पोलिंग बूथ पर वोट डालना चाहती हैं तो प्रशासन की ओर से उन्हे गाड़ी उपलब्ध करवा दी जाएगी। जिस पर भरथो देवी ने एसडीएम की दोनों पेशकश दरकिनार करते हुए बड़े जोश के साथ कहा कि वे ना तो घर से वोट डालेंगी और ना ही उन्हे किसी गाड़ी की जरूरत हैं। मैं खुद पैदल चलकर पोलिंग बूथ पर जाऊंगी और अपना मतदान करूंगी। भरथो देवी के मतदान के प्रति जोश को देखकर खुद एसडीएम, परिवार के लोग व अन्य ग्रामीण हैरान रह गए। साथ ही भरथो देवी ने हर व्यक्ति को कहा कि वह मतदान जरूर करें जोकि हर किसी का प्रजातांत्रिक अधिकार है।

### अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत की बैठक आयोजित



**रोहतक (सुकरमपाल)।** आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता श्री राजन बोहत,अध्यक्ष, हरियाणा प्रदेश द्वारा की गई बैठक में मुख्य रूप से माननीय श्री सुरेंद्र चौधरी जी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत द्वारा भाग लिया गया बैठक में अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत के कार्यों की समीक्षा की गई तथा बैठक के में मुख्य विषय हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी की 3 वर्ष का कार्यकाल पूरे होने उपरांत नियम के तहत नई कार्यकारिणी का गठन करना रहा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा हरियाणा प्रदेश की नई कार्यकारिणी गठन करने हेतु हरियाणा के प्रदेश प्रभारी श्री संजय बिडलान को नियुक्त किया गया प्रदेश प्रभारी द्वारा इस जिम्मेदारी को निभाते हुए बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारी गणों से विचार विमर्श किया इसमें सभी उपस्थित पदाधिकारी गणों द्वारा वर्तमान में कार्यरत प्रदेश कार्यकारिणी की सराहना करते हुए पुराने कार्यकारिणी करने को ही अगले 3 वर्ष के लिए जिम्मेदारी देने की सिफारिश की तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा भी इस निर्णय पर सहमति जताई गई नई प्रदेश कार्यकारिणी में श्री राजन बोहत को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई तथा श्री श्रवण बोहत को महासचिव के पद पर जिम्मेदारी सौंप गई सभी पदा अधिकारियों द्वारा नए कार्यकारी को शुभकामनाएं प्रदान की गई तथा संगठन को और आगे बढ़ाने की उम्मीद जताई गई बैठक में,मुख्य,रूप,से,उपस्थित,पदाधिकारीगण मौजूद थे श्री सुरेंद्र चौधरी राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतीय वाल्मीकि महापंचायत राजेंद्र ढाका राष्ट्रीय उपाध्यक्षअमरपाल गहलोत राष्ट्रीय सलाहकार मोहित बग्गा प्रदेश अध्यक्ष युवा श्री मुन्नू चावरिया प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश सरवन प्रदेश सचिव रवि चौहान जिला अध्यक्ष रोहतक बसंत बोहत प्रवक्ता हरियाणा।

# हुड्डा कांग्रेस का इतिहास देंखे, संविधान की सबसे ज्यादा धज्जिया कांग्रेस ने उड़ाई है : अनिल विज

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अम्बाला।** 'डर गया बई डर गया राहुल गांधी डर गया' ये शब्द हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने 'राहुल गांधी के अमेठी से स्मृति ईरानी के सामने चुनाव न लड़कर रायबरेली से आज अपना नामंकन भरने को लेकर कहे। साथ ही विज ने राहुल गांधी, शरद पवार व भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर भी जमकर जुबानी प्रहार किया।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री अनिल विज ने राहुल गांधी के अपनी परम्परागत सीट अमेठी से चुनाव न लड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने पर तंज कसते हुए कहा 'डर गया बई डर गया राहुल गांधी डर गया'।

विज ने कहा कि राहुल गांधी स्मृति ईरानी के सामने चुनाव लड़ने से डर गए है क्योंकि वहां पर लोगो को काम का हिसाब देना पड़ेगा, इसलिए वे रायबरेली से चुनाव लड़ रहे है। राहुल गांधी के बलात्कारियो के लिए वोट मांगने पर विज ने कहा कि राहुल गांधी कभी भी विकास की बात तो करते नहीं, इसी तरह से बातें करते है इसलिए अब उनकी बातो का क्या जवाब दे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस शहजादे को पीएम बनवाने को उतावला है, पर अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस का अलग अलग राष्ट्रीय मुद्दों पर जो दृष्टिकोण रहा है उससे पाकिस्तानी जनता की इनके प्रति बहुत सहानुभूति है और बहुत से काम ये चीन व पाकिस्तान को खुश करने के लिए करते है। इसलिए पाकिस्तानी तो चाहेंगे कि ये बन जाये तो मजा आ जायेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में तो सीमा मे घुसकर उनको मजा छकाया गया है इसलिए वो चाहते है कि कोई कमजोर आदमी आ जाये।

**हुड्डा कांग्रेस का इतिहास देंखे, संविधान की सबसे ज्यादा धज्जिया कांग्रेस ने उड़ाई है :** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि हम संविधान बचाने के लिए इकठ्ठा हुए है संविधान बचेगा तभी प्रजातंत्र बचेगा, इस पर तंज कसते हुए अनिल विज ने कहा कि 'हुड्डा साहेब कांग्रेस का इतिहास देख लो पहले संविधान की सबसे ज्यादा धज्जिया कांग्रेस ने उड़ाई है आपकी पार्टी की इंदिरा गांधी ने एमरजेंसी लगाकर लोगो के मौलिक अधिकार छीन लिए थे। अखबारों मे से खबरे उठा ली जाती थी, लोगो को जबरदस्ती पकड़ पकड़ कर नसबंदी की जाती थी कई कुंवारो की नसबन्दी करवाई गई थी। विज ने कहा कि यही नहीं कांग्रेस ने धारा 356 लगाकर संविधान से ऐसे खेल खेले जैसे बच्चे फुटबॉल से खेलते है। विज ने कहा कि अगर संविधान की बात करनी है तो सबसे पहले अपने दड़्तरो से इंदिरा गांधी की फोटो उतार कर फेंको।

**मनोहर लाल के आगे भी बुद्धिराजा सरेंडर कर दें :** करनाल के कांग्रेस के लोकसभा के उम्मीदवार बुद्धिराजा ने एक केस के चलते सरेंडर करने की बात कही है इस पर विज ने तंज कसते हुए कहा कि अच्छी बात है और मै चाहूंगा कि मनोहर लाल के आगे भी वो सरेंडर कर दे।

### नरेंद्र मोदी को हर देश ने सम्मान दिया है

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने कहा है कि नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद को कलंकित किया है, पर भटकते हुए पूर्व मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रधानमंत्री क्या होता है, पहली बार हमारे देश और विदेश के लोगो को भी नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पता चला है। अनिल विज ने कहा कि कांग्रेस के प्रधानमंत्री तो विदेशो मे जाकर दरवाजे पर खड़े रहते थे लेकिन नरेंद्र मोदी को हर देश ने सम्मान दिया है और कई देशो ने सर्वोच्च अवार्ड दिये है। हां, कांग्रेस को तकलीफ जरूर हो रही है।

# अंबाला संसदीय क्षेत्र के लिए अब तक 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र किय दाखिल

अर्थ प्रकाश /सचिन मलिक

**मुलाना।** लोकसभा आम चुनाव के तहत 01 अम्बाला संसदीय क्षेत्र के लिए अब तक 12 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत जिन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं, उनमें भारतीय जनता पार्टी से बंतो देवी कटारिया, कांग्रेस पार्टी से वरूण चौधरी, इनेलो से गुरप्रीत सिंह, बहुजन समाज पार्टी से पवन कुमार, जेजेपी से किरण पुनिया, हरियाणा जनसेना पार्टी से राकेश कुमार, भारतीय जवान किसान पार्टी से बलजीत सिंह, बहुजन मुक्ति पार्टी से सूरज कुमार, पिपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेसी) से गुलाब सिंह नरवाल, एकम सनातन भारत दल से मेहर सिंह चालिया व निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर मामचंद व मोहर सिंह शामिल हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा0 शालीन ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया के तहत जिन प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किए जा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया से सम्बन्धित रिपोर्ट चुनाव आयोग द्वारा बनाए गये ऐप वोटर रजिस्ट्रेशन हैल्पलाईन ऐप पर देखी जा सकती है। इसके साथ-साथ जिला वैबसाईट पर भी यह रिपोर्ट देखी जा सकती है।

उन्होंने बताया कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक सम्पन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए है। एमसीएमसी द्वारा भी फेक और पेड न्यूज पर नजर रखी जा रही है। चुनाव प्रक्रिया के तहत नामांकन भरने की अंतिम तिथि 6 मई सांय 3 बजे तक है। प्रत्याशियों के नामांकन की जांच 7 मई को होगी वहीं नामांकन वापिस लेने की तिथि 9 मई है।

### बच्चो के सर्वांगीण विकास में माता-पिता की अहम भूमिका- श्री गेमल दहिया

**बराड़ा (जयबीर राणा थंबड)।** मॉडर्न एजुकेशन सीनियर सेकेंडरी स्कूल अधोया में अभिभावक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के माता-पिता को बुलाया गया। जिसमें माता-पिता को बच्चो के प्रति व्यवहार और उनके रहन-सहन को लेकर समझाया गया और सुझाव लिए । स्कूल प्रबंधक श्रीमती इंदु कपूर ने बच्चो के विकास के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। स्कूल प्रिसिंपल श्री गेमल दहिया ने कहा कि यदि एक बच्चे को उचित मार्गदर्शन और अच्छा रहन-सहन सिखाना है तो माता-पिता के सहयोग के बिना यह कर पाना असंभव है। बच्चो के विकास के लिए माता-पिता की भागीदारी बहुत जरूरी है। माता-पिता और अध्यापकों के प्रयास से ही हम बच्चो के उज्जवल भविष्य की कामना कर सकते हैं।

# सफीदों मंडी में डोर टू डोर जागरूकता अभियान

अर्थ प्रकाश /दिवान



**सफीदों।** आगामी गर्मी व बरसात के मौसम में मच्छर जनित मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनियां व जापानी बुखार आदि बीमारियों के फैलने की संभावना को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सफीदों मंडी में डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया। जागरूकता अभियान की अगुवाई एमपीएचडब्ल्यू राकेश कुमार व जितेंद्र कुमार ने की। इस मौके पर लोगों के सैंपल भी लिए गए। स्वास्थ कर्मचारियों ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि इस किसी को सप्ताह में एक दिन ड्राई डे यानि सूखा दिवस मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के मच्छर बीमारी नहीं फैलाते बल्कि संक्रमित मच्छर, मादा एनाफ्लिज, एडीज एजिप्टि व क्यूलेक्स बीमारी को फैलाते हैं और हमें इनको पैदा होने से रोकना चाहिए। अपने घर या आसपास पानी एकत्रित करने या होने वाले संसाधनों कूलर, टंकी, होदि, मटके, ड्रम, फ्रीज के पीछे की ट्रे को खाली करके सुखने के उपरांत पुन: प्रयोग में लाना चाहिए। स्वास्थ्य कर्मचारी राकेश कुमार ने बताया कि हमें अपने आसपास बने गड्ढों में मिट्टी भर देनी चाहिए। खड़े पानी में काला तेल डालना चाहिए। मच्छरों से बचाव के लिए खिड़की दरवाजों पर जालियां लगवाने के अलावा मच्छरदानी का प्रयोग करना चाहिए। क्वायल, टिकिया, क्रीम, लिक्विड इत्यादि का प्रयोग करें। बुखार, सिर व जोड़ो में दर्द, उल्टी, आँखों के पीछे दर्द, कमजोरी महसूस होने आदि लक्षण नजर आने पर समय पर जांच करवाकर तत्काल ईलाज लेना चाहिए।



Bathinda: Santi 9780809351, Ludhiana 1: Raj 9814688000, Ludhiana 2: D.L Medical 9855603111, Sangrur 1: Ambay 9463559867, Sangrur 2: Rama 7696897760, Batala: Anmol 9464731685, Rampura: Deepak 9478759676, Rajpura: Deepak 9872213317, Jagron: Dr. Gupta 9417086337, Amritsar 1: G.S Medicine 9888453620, Amritsar 2: Khushab 7837215211, Amritsar 3: New Punjab 9876050155, Ferozpur 1: Ganpati 9463427229, Ferozpur 2: Parwaz 9417380555, Barnala 1: Garg 9815143319, Barnala 2 : Krishna 9815014111, Barnala 3: Om Prakesh 8146947152, Rahon: Gee Medical 9814940353, Tapa: Gill Medical: 9417638448, Hoshiarpur: Gokal 9814093906, Mansa 1: Goyal 9815563046, Mansa 2: Durga 9815131467, Kharar 1: Jain 9988378785, Kharar 2: P.C Jain 9988389896, Pathankot: Khanduja 9814133798, Jalandhar 1: Maddan 9815200866, Jalandhar 2: SR. Agencies 9815011423, Kotakpura: Mahadev 9872761234, Abohar: Mohit 9464205979, Nabha: Jain 9815251507, Moga: Romy 9417231231, Patiala: Raman 9888941352, Mour Mandi: SR. Agencies 9417581575, Kapurthala: SK. Traders 9417313133, Rama Mandi: SS. Pharma 9988224445, Malerkotla: Sher Trading 9814446658, Patiala: Shivom 9463074891, Bhagta: Yash 9815958279, Muktsar: Avinash 9814913366, Mansa: Satish 9878956037, Nawashehr: Friends 9815990901, Samana: Arora 9855710052, Tarantaran: Anmol 9256156672, Firozpur Cantt: Shiva 9855243377, Firozpur City 1: Varinda 9417448148, Firozpur City 2: Kamal 9877186485, Khanna: Gill 9872482735, Khanna: Vishal 9329800007, Rampura Phul 1: Panna Lal 9317557705, Rampura Phul 2: Prem Kumar 9815771690, Rampura Phul 3: Bharat 9876540399, Rampura Phul 4 : Deepak 9478459676, Faridkot 2: Labha Ram 8556800090, Faridkot 3: Kanshi Ram 8054270764, Ambala: Ram Kishan 9255151333, Fatehbaad 3: Rameshwer 9812490666, Rohtak: Jaswant 9996797007





# हरियाणा में राजनाथ सिंह का कांग्रेस पर हमला, बोले- देश को हिंदू और मुसलमान में बांटने की राजनीति कर रही कांग्रेस

## भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के नामांकन में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सैनी

- कानून लाकर जनता की कमाई पर डाका डालना चाहती है कांग्रेस: राजनाथ सिंह
- मोदी जी के नेतृत्व में अगले 10 सालों में देश से गरीबी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी: राजनाथ सिंह
- रक्षा मंत्री राजनाथ और मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अनेक मुद्दों पर कांग्रेस को घेरा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक, 3 मई।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हरियाणा के रोहतक से कांग्रेस पर तीखा हमला किया है। भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा की नामांकन जनसभा में बोलते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि देश को हिंदू- मुस्लमान में बांटना चाहती है। उन्होंने हमला तीखा करते हुए यह भी कहा कि कांग्रेस देश को कंगाल करने पर तुली हुई है और जनता की कमाई पर डाका डालना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसा कानून लाना चाहती है कि व्यक्ति की मृत्यु के बाद उसकी संपत्ति का 55 प्रतिशत हिस्सा सरकार के पास चला जाए और 45 प्रतिशत परिवार के पास रहे। कांग्रेस को यह आइडिया कांग्रेस के ही एक नेता सैम पित्रोदा ने दिया है,जो खुद इंडियन कांग्रेस के नाम से संगठन चलाते हैं। श्री सिंह ने कहा कि कांग्रेस की सारी कोशिशें बेकार हो जाएगी, क्योंकि देश की जनता को दुनिया की कोई ताकत बहका नहीं सकती।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस हिंदू और मुसलमान में देश को बांटकर राजनीति करना चाहती है और इसलिए उसने धर्म के आधार पर आरक्षण की बात कही है। जबकि भारत के संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस झूठ की राजनीति कर रही है, लेकिन भाजपा विकास और इंसाफ की राजनीति को प्राथमिकता देती रही है और आगे भी देती रहेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किस प्रकार की राजनीति करती है इसका उदाहरण इस बात से लिया जा सकता है कि पाकिस्तान के एक पूर्व मंत्री ने पुलवामा में आतंकवादी हमले के बाद कहा था कि यह आतंकवादी हमला पाकिस्तान ने करवाया था और पाकिस्तान के मंत्री कांग्रेस के राहुल गांधी की खुलकर तारीफ करते हैं।

राजनाथ सिंह ने कहा कि कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि पाकिस्तान से उनका कैसा रिश्ता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि हमने पुलवामा हमले के बाद पाकिस्तान की सीमा में घुसकर आतंकवादियों को मारने का काम किया और यह संदेश देने का काम किया कि अगर हमारे ऊपर कोई हमला करेगा तो वह सीमा के इस पार भी मरेगा और सीमा के उस पार भी मरेगा।

देश के रक्षा मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी की इच्छा थी कि देश से गरीबी समाप्त हो। कांग्रेस गरीबी समाप्त करने का नारा तो देती रही, लेकिन उसने गरीबी समाप्त करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण नीति आयोग और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने माना है कि देश में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर आए हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगले 10 सालों में देश में गरीबी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और भारत विश्व की महाशक्ति बनेगा। उन्होंने लोगों से कहा कि बापू की दो इच्छाएं थी। पहली इच्छा कांग्रेस खत्म हो और दूसरी गरीबी खत्म हो। गरीबी को मोदी सरकार खत्म कर देगी और अब 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को जनता खत्म कर देगी।

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि चंद्रयान-2 असफल हुआ था। जब चंद्रयान अपने मिशन में सफल नहीं हुआ तो वैज्ञानिकों की आंखों में आंसू थे। तब प्रधानमंत्री मोदी वैज्ञानिकों के पास पहुंचे और कहा कि इस असफलता से सबक लेकर आगे बढ़ने का काम करें। प्रधानमंत्री के हौसला अफजाई के कारण वैज्ञानिकों ने करीब डेढ़ साल में चंद्रयान 3 लांच किया और सफलता हासिल की।

### इस चुनाव के बाद कांग्रेस निपट जाएगी

ठाकुर राजनाथ सिंह ने कहा कि चुनाव का समय चल रहा है और यह चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से निपट जाएगा और इसके साथ ही कांग्रेस भी निपट जाएगी। सूरत में भाजपा उम्मीदवार के निर्विरोध चुने जाने पर कांग्रेस द्वारा इसे लोकतंत्र की हत्या कहे जाने का जवाब भी देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि देश में आजादी के बाद से अब तक 30 कांग्रेस उम्मीदवार लोकसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के उम्मीदवार पहली बार निर्विरोध चुने गए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल दागा कि क्या जब कांग्रेस के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए तब लोकतंत्र की हत्या नहीं हुई थी? राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ते रहे हैं और हारने के बाद पिछला चुनाव उन्होंने केरल में वायनाड से लड़ा था। अब केरल भी उनके लिए सुरक्षित नहीं है और अमेठी से वह चुनाव लड़ना नहीं चाहते। राजनाथ सिंह ने कहा कि राहुल का नाम रणछोड़ भी हो सकता है और रणछोड़ को देसी भाषा में और क्या कहा जाता है, वह यहां उसे नहीं कहना चाहते। उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने के लिए 56 इंच का सीना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने कांग्रेस की तरह आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की, बल्कि आंखों में आंखें डालकर राजनीति की है।

### भारत दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना

राजनाथ सिंह ने कहा कि नरेंद्र मोदी से पहले की सरकारों में थोड़ा बहुत काम हुआ था, लेकिन नरेंद्र मोदी ने काम को तेजी प्रदान की। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहले भारत की बात को गंभीरता से नहीं लिया जाता था, लेकिन आज जब भारत बोलता है तो दुनिया के लोग कान लगाकर ध्यान से सुनते हैं। उन्होंने कहा कि जब अटल बिहारी वाजपेई की सरकार थी, तब भारत धन दौलत के मामले में दुनिया में 11वें स्थान पर था और जब नरेंद्र मोदी ने सरकार संभाली उस समय भी भारत 11वें स्थान पर था, लेकिन भ्रष्टाचार को रोककर भारत को दुनिया की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाया है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किस प्रकार से भारत की बात को सुना और माना जाता है इसका उदाहरण देते हुए देश के रक्षा मंत्री ने कहा कि जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध हुआ तो देश के 22 हजार 500 बच्चे यूक्रेन में फंस गए थे, तब भारत के प्रधानमंत्री ने रूस और यूक्रेन दोनों के राष्ट्रीय अध्यक्षों से बात की। करीब 5 घंटे के लिए युद्ध रुका और भारत के सभी 22 हजार 500 बच्चे सुरक्षित देश में लौट आए।

## कांग्रेस ने नौकरी के नाम पर युवाओं और मुआवजे के नाम पर किसानों से धोखा किया: मुख्यमंत्री

- कांग्रेस ने 2-5 रुपये के चेक देकर किसानों का मजाक उड़ाया: नायब सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**रोहतक, 3 मई।** रोहतक में भाजपा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा की नोमिनेशन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन में युवाओं को नौकरियां देने का पैमाना पर्ची और खर्ची थी। जबकि भाजपा सरकार ने प्रदेश के युवाओं को कांग्रेस के पर्ची और खर्ची के जाल से बाहर निकाला तथा योग्यता के आधार पर नौकरी देने का काम पार्दर्शिता के साथ किया।

मुख्यमंत्री श्री सैनी ने कहा कि देश के अंदर कांग्रेस शासन में काफी दंगे होते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में तो किसान भी परेशान थे। यह वही कांग्रेस है जिसने किसानों को मुआवजा के 2 और 5 रुपये के चेक देकर उनका मजाक उड़ाया था।

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नया भारत बनाने का काम किया है। पिछले 55-60 सालों में जो काम नहीं हो पाया वे काम पिछले 10 सालों में मोदी सरकार ने करके दिखाए हैं। श्री सैनी ने कहा कि 10 सालों में देश और प्रदेश में बहुत बदलाव हुए हैं। अब देश में दंगों की नहीं, विकास की बात होती है। कांग्रेस के समय में तो भ्रष्टाचार चरम पर था। नौकरियों के साथ-साथ कांग्रेस शासन में ट्रांसफर में भी गड़बड़झाला होता था।

नायब सैनी ने कहा कि 2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद पारदर्शी सिस्टम लागू हुआ और युवाओं को मैरिट के आधार पर नौकरियां मिल रही है। कर्मचारियों के तबादले ऑनलाइन किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने 10 सालों में गरीब, किसान, युवा आदि सभी वर्गों के हितों के लिए योजनाएं बनाकर उनको लाभ पहुंचाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में 282 व 2019 में 303 सीटों के साथ नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने थे और इस बार 4 जून को जब परिणाम आएगा तो 400 से ज्यादा सीटों के बहुमत के साथ नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री की शपथ लेंगे। उन्होंने जनसभा में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लोग झूठ फैला रहे हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से आह्वान किया कि कांग्रेस की झूठ से खुद बचना है और दूसरों को भी बचाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोग जब वोट मांगने आएंगे तो बहुत सी झूठी बातें करेंगे, लेकिन लोगों को उनके बहकावे में नहीं आना है।

डॉ अरविंद शर्मा के नामांकन के अवसर पर राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, विधायक लक्ष्मण यादव, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, राव नरबीर, नरेश कौशिक, राजीव जैन, राजवीर ढाका, प्रीतम चौहान, राजवीर, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक हुड्डा, रेनू डाबला, अरविंद यादव, जिला परिषद अध्यक्ष मंजू हुड्डा, भाजपा की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अर्चना गुप्ता, महंत सतीश दास मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### रोहतक को मैट्रो से नहीं जोड़ पाया तो 2029 का चुनाव नहीं लड़ूंगा: शर्मा

रोहतक से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने मंच से बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि वह रोहतक को मैट्रो से जोड़ेंगे। उन्होंने आगे बढ़ते हुए कहा कि अगर वह ऐसा नहीं कर पाए तो 2029 का चुनाव नहीं लड़ेंगे। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा ने क्षेत्र की मांगे भी रखी। डा. शर्मा ने कहा कि असौदा तक मैट्रो मंजूर हो चुकी है। अब अगला मिशन मैट्रो को सांपला से रोहतक तक लाना है। डॉ. शर्मा ने राजनाथ सिंह के सामने मातनहेल व महम व माजरा, कलानौर में सैनिक स्कूल, अहीर रेजीमेंट, सैनिक स्कूल खोलने की मांग रखी। अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार को रोककर विकास के कार्यों को तेज करवाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में भी अथाह विकास हुआ है। श्री शर्मा ने कहा कि जनता के आशीर्वाद से केंद्र व राज्य में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। श्री शर्मा ने कहा कि जनता ही मेरी ताकत है और इसी ताकत के दम पर भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने में सफल होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी कहा है कि 4 जून के बाद प्रदेश में कार्यकर्ताओं का पूरा मान-सम्मान होगा। कार्यकर्ताओं के जायज काम बिना किसी सिफारिश के आधिकारी करें, इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा।

## भगवान महावीर दिगंबर जैन कन्या हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता कैंप लगाया

**यमुनानगर (अप्रस/आरके जैन)।** भगवान महावीर दिगंबर जैन कन्या हाई स्कूल में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सभी बच्चों व अध्यापकों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। स्कूल की प्रिंसिपल किरण शर्मा ने बताया कि जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में भगवान महावीर दिगंबर जैन कन्या हाई स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत सभी ने शपथ ली कि हम शत प्रतिशत मतदान करने में सहयोग करेंगे राष्ट्रहित के लिए पहले मतदान बाद में जलपान। उन्होंने बताया कि बच्चे आने वाले समय का भविष्य है जो अपने परिवार के सभी सदस्य व लोगों को राष्ट्रहित के लिए मतदान करवाने के लिए प्रेरित करेंगे क्योंकि यह हमारा राष्ट्रीय पर्व है।









## जयराम विद्यापीठ में पूजा अर्चना करने पहुंचे नवीन जिंदल व राज्यमंत्री सुभाष सुधा

### जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी से लिया आशीर्वाद

- अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के पदाधिकारियों ने स्वागत किया

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 3 मई।** ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित श्री जयराम विद्यापीठ के श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में पूर्व सांसद एवं भाजपा उम्मीदवार नवीन जिंदल तथा राज्यमंत्री सुभाष सुधा पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचे। विद्वान ब्राह्मणों एवं वेद पाठियों से पूजन करने के उपरांत विश्व के दुर्लभ स्फटिक मणि शिवलिंग पर आरती की। इस के बाद श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी से आशीर्वाद लिया। इस मौके पर अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के पदाधिकारी एवं अन्य संस्थाओं के लोग भी मौजूद थे। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव एवं श्री जयराम संस्थाओं के मीडिया प्रभारी राजेश सिंगला, ट्रस्टी श्रवण गुप्ता, सुरेन्द्र गुप्ता, टेक सिंह लोहार माजरा, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय सचिव खरैती लाल सिंगला, पवन गर्ग, के.सी. रंगा, हरि सिंह, सतबीर कौशिक, रोहित कौशिक इत्यादि ने भी नवीन जिंदल तथा राज्यमंत्री सुभाष सुधा का स्वागत व सम्मान किया।

### जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पूरी हवन में हुए शामिल एवं दिया आशीर्वाद



जग ज्योति दरबार के महंत राजेंद्र पूरी ने हवन यज्ञ में शामिल होने के उपरांत पूर्व सांसद एवं भाजपा के उम्मीदवार नवीन जिंदल को आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि जिंदल परिवार के सभी सदस्य हमेशा समाज कल्याण कार्यों में शामिल रहते हैं। राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान व अधिकार का श्रेय भी नवीन जिंदल को है। स्व. ओ.पी. जिंदल एवं नवीन जिंदल ने अपने कार्यकाल में कुरुक्षेत्र में अनेक स्वास्थ्य, पर्यावरण व विकास के अनेक कार्य करवाए हैं। महंत राजेंद्र पूरी ने कहा कि संत महापुरुषों का आशीर्वाद एवं लोगों का प्यार नवीन जिंदल के परिवार के साथ है।




### भाजपा की स्क्रिप्ट, कंगना अदाकारा, जय राम निर्देशक और फिल्म होगी फ्लॉप

# धन के प्रभाव में दागियों ने बेची आत्मा, जनता देगी जवाब : सीएम

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पांगी (चंबा)।** जिला चम्बा के पांगी में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज कांग्रेस पार्टी के पक्ष में धुंआधार प्रचार किया और मंडी लोकसभा सीट से पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य के पक्ष में वोट मांगे। किलाड़ में एक विशाल चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में सभी सीटें जीतने जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा के साथ साथ उपचुनाव की सभी 6 सीटें कांग्रेस पार्टी बड़े अंतर से जीतेगी।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि दागियों ने धन के प्रभाव में आकर अपनी आत्मा को बेच दिया और कांग्रेस पार्टी के साथ विश्वासघात किया। उन्होंने कहा कि इन 6 नेताओं ने जनता पर उपचुनाव का अनावश्यक बोझ डाला है। उन्होंने कहा कि भाजपा धनबल से सत्ता हथियाना चाहती है, लेकिन प्रदेश की जनता जनबल से इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि अब इन 6 दागी नेताओं को हराना प्रदेश के मतदाताओं की जिम्मेदारी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मण्डी से भाजपा की प्रत्याशी को जनता के मुद्दों का कोई ज्ञान नहीं है। भाजपा एक स्क्रिप्ट कंगना को दे रही है और वह अपने डायलॉग बोल रही हैं। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर एक फ्लॉप निर्देशक हैं और चार जून को यह फिल्म बुरी तरह से पिट जाएगी। उन्होंने कहा कि चार जून को फिल्म फ्लॉप होने के बाद कंगना वापिस मुम्बई चली जाएंगी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपनी 10 प्रमुख चुनावी गारंटियों में से पांच गारंटियों को मात्र सवा साल के कार्यकाल में पूरा किया है। सरकार ने पुरानी पैंशन को बहाल किया, महिलाओं को 1500 रूपये की पैंशन दी, युवाओं के लिए 680 करोड़ रूपये का स्टार्टअप फंड बनाया, सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पड़ाई शुरू की। इसके साथ साथ किसानों के कल्याण को देखते हुए दूध की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गाय का दूध 45 रूपय तथा भैंस का दूध 55 रूपये खरीदा जा रहा है।

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्रों में विकास कार्यो को विशेष प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पांगी क्षेत्र की समस्याओं को देखते हुए यहां राज्य सरकार सौर उर्जा के दोहन को बड़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि पांगी में बर्फवारी के दिनों में भी बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित करने के लिए बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम परियोजना स्थापित की जा रही है। पांगी क्षेत्र के खरयार में 1.2 मैगावाट तथा धरवार, हिलौर में 400-400 किलोवाट की सौर उर्जा परियोजनाएं स्थापित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि मालू नाला फेज-दो विद्युत परियोजना को आने वाले समय में नए सिरे से शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांगी में सड़क व्यवस्था को और सुदृड़ किया जाएगा तथा यहां चल रहे अधूरे प्रोजेक्टों को जल्द से जल्द पूरा करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वह दोबारा जल्द ही पांगी के दौरे पर आएंगे और तब क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणाएं भी करेंगे।

इस अवसर पर पार्टी प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह, कांग्रेस नेता अमित भरमौरी सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।



#### आपदा प्रभावित परिवारों को 4500 करोड़ रूपये का पैकेज दिया

ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि आपदा में कंगना रनौत ने प्रभावित परिवारों की कोई मदद नहीं की, जबकि फिल्म अभिनेता आमिर खान ने चुपचाप 25 लाख रूपये आपदा प्रभावितों के लिए दिए। उन्होंने कहा कि पिछली बरसात के दौरान हिमाचल प्रदेश में आई इतिहास की सबसे बड़ी आपदा के दौरान वे और मंत्रिमंडल के सभी सदस्य प्रभावित क्षेत्रों में जाकर आपदा प्रभावितों परिवारों के साथ खड़े रहे और उनकी मदद की। राज्य सरकार ने बिना केन्द्रीय सहायता के अपने सीमित संसाधनों से प्रभावित परिवारों को 4500 करोड़ रूपये का पैकेज दिया।

#### महिलाओं को 1500 रूपये की पैंशन दी

वर्तमान राज्य सरकार ने अपनी 10 प्रमुख चुनावी गारंटियों में से पांच गारंटियों को मात्र सवा साल के कार्यकाल में पूरा किया है। सरकार ने पुरानी पैंशन को बहाल किया, महिलाओं को 1500 रूपये की पैंशन दी, युवाओं के लिए 680 करोड़ रूपये का स्टार्टअप फंड बनाया, सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम में पड़ाई शुरू की। इसके साथ साथ किसानों के कल्याण को देखते हुए दूध की खरीद पर न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में गाय का दूध 45 रूपय तथा भैंस का दूध 55 रूपये खरीदा जा रहा है।

# शूलिनी विवि में एक्यूप्रेशर कार्यशाला आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन।** शूलिनी विश्वविद्यालय में योगानंद स्कूल ऑफ स्पिरिचुअलिटी एंड हैप्पीनेस ने हाल ही में 5-दिवसीय एक्यूप्रेशर कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में चांसलर प्रोफेसर पी के खोसला सरोज खोसला और इनोवेशन एंड लर्निंग अध्यक्ष आशीष खोसला की उपस्थिति सहित 40 से अधिक छात्रों और संकाय सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यशाला मानव शरीर में विभिन्न बीमारियों को कम करने के लिए एक्यूप्रेशर के सैद्धांतिक सिद्धांतों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों दोनों पर आधारित थी।

कार्यशाला के प्रमुख विशेषज्ञ सुविधाकर्ता उड़ीसा स्वास्थ्य सेवा संघ (ओएसएसएस) से सौमित्र दास, विकास कुमार साहू, लीना साहू और श्रेया सिंह थे।

सत्रों में सभी प्रतिभागियों के लिए इंटरैक्टिव अध्ययन, व्यावहारिक अनुप्रयोग और मौज-मस्ती के क्षणों का सहज मिश्रण हुआ। मानव शरीर और महत्वपूर्ण तंत्रिकाओं के बीच जटिल संबंधों को समझने से लेकर व्यावहारिक उपचार तकनीकों तक, कार्यशाला ने अमूल्य अंतर्दृष्टि और कौशल प्रदान किए। प्रतिभागियों ने अपने नए ज्ञान को लागू करने पर उल्लेखनीय परिणाम देखे, और दैनिक उपचार सत्रों के दौरान अपनी संबंधित बीमारियों से त्वरित राहत का अनुभव किया।

### हिमाचल में 27 जजों की ट्रांसफर

**शिमला (अप्रस)।** हिमाचल में 27 डिस्ट्रिक एवं एडिशनल डिस्ट्रिक जज के तबादले किए गए हैं। इसको लेकर हिमाचल हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जरनल ने गुरुवार देर रात आदेश जारी किए। डिस्ट्रिक एवं सेशन जज कुल्लू देवेंद्र कुमार को डिस्ट्रिक एवं सेशन जज (फॉरेस्ट) शिमला लगाया गया है। योगेश जसवाल को प्रिंसिपल जज फेमिली कोर्ट मंडी, डिस्ट्रिक सेशन जज हमीरपुर विकास भारद्वाज को डिस्ट्रिक एवं सेशन जज कुल्लू और डिस्ट्रिक एवं सेशन जज ऊना भुवनेश अवस्थी को डिस्ट्रिक एवं सेशन जज हमीरपुर लगाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### मोदी को वोट करने की अपील

**सोलन (अप्रस)।** आज सोलन मंडल युवा मोर्चा ने अरुण ठाकुर जी की अध्यक्षता में कंडाघाट में युवा साथियो वह मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए वोट अपील की और लोगो को 1 जून को मोदी को वोट करने का निवेदन व आग्रह किया। जिसमें विशेष रूप से उपस्थित रहे भाजयुमो प्रदेश प्रवक्ता श्री रोहित भारद्वाज जी है वह रोहित भारद्वाज ने लोगों से मिल कर देश के लोकप्रिय नेता श्री नरेंद्र मोदी जी को वोट करने की अपील वह नव मतदाताओं से मिल कर उन्हें 10 साल की उपलब्धियां गिनवाई वह कहा आने वाला भविष्य आप सभी युवाओं का है आप के हाथ में देश का भविष्य हैं आप सभी मोदी जी को अपना वोट दे कर इस देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाये और इस लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति डाले और इसमें विशेष रूप से उपस्थित रह युवा मोर्चा जिला सचिव मंगलेश राजपूत ,भाजपा कार्यालय सचिव अमित भारद्वाज,मंडल युवा मोर्चा उपाध्यक्ष विनीत शर्मा व मंडल उपाध्यक्ष युवामोर्चा राजेंद्र शर्मा व युवा मोर्चा साथी उपस्थित रहे ।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान आज्ञा का किया आयोजन

**बीबीएन (पवन कौशल)।** रामशहर। अर्की विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत कयार कनेता के गांव लोहार घाट में 4 से 10 मई तक का श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान आज्ञा का आयोजन किया जा रहा है । यह जानकारी कथा आयोजक लक्ष्मी सिंह पवार, पंचायत के पूर्व प्रधान एवं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्की बाबूराम पबार, नरेश कुमार पवार एवं जिला परिषद सदस्य कमलेश पवार ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यहां दी। कथा के मुख्य वक्ता रसिक जी महाराज अपने मुखारा बिंद से भगवान श्री कृष्णा। राम एवं भोले शंकर एवं अन्य दंत कथाओं के प्रसंग का विस्तृत विवरण एवं भजन सकीर्तन सुना कर श्रोतागनों को भाव विभोर करेंगे ।कथा का शुभारंभ 4 मई को 11 बजे भव्य शोभा यात्रा बाजे गाजे सक्रितन सहित किया जाएगा। कथा की पूर्णाहुति 10 मई को बाद दोपहर 12:00 बजे एवं अटूट भंडारे के साथ होगी ।कथा आयोजको ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है, की कथा पंडाल में प्रतिदिन पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं एवं कथा वक्ता रसिक जी महाराज के मुखारा बिंद से विवेचन सुनकर अपने जीवन को निहाल एवं पुण्य के भागी बने ।कथा का समय प्रतिदिन एक से 4.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। उसके पश्चात पंडाल में उमड़े तमाम श्रोतागंनो को प्रसाद के रूप में भंडारा एवं साया कालीन संध्या पर लोकल कीर्तन मंडलियों द्वारा 8 से 10.00 बजे तक सकीर्तन भी किया जाएगा।

# हिमाचल में 34 सब इंस्पेक्टरों को प्रमोशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल पुलिस विभाग ने



34 सब इंस्पेक्टर को प्रमोशन दिया है। चुनाव आयोग की मंजूरी के बाद नवनियुक्ति पुलिस महानिदेशक अतुल वर्मा ने उनकी पदोन्नति के आदेश जारी किए है। इन्हें इंस्पेक्टर प्रमोट किया गया है। डीजीपी ने अपने आदेशों में स्पष्ट किया है कि प्रमोट किए गए पुलिस जवानों को उनके मौजूदा स्थान पर इंस्पेक्टर का चार्ज लेना है। कांगड़ा में सब इंस्पेक्टर रिंकू, नारायण सिंह व सुरजीत सिंह को प्रमोट किया गया है।

**इन्हें किया गया प्रमोट :** मंडी जिला में मुनीष कुमार, लेखराज, अनिल कुमार व रूप सिंह, लाहौल स्पीति में अर्जुन सिंह, किन्नौर में जगदीश कुमार व जनेश्वर ठाकुर, शिमला में जसवंत सिंह, जयंत करुण गौतम, अनिल कुमार, जीत राम, देवी सिंह और बलदेव सिंह, सिरमौर में रविंद्र पाल और सोलन में बलदेव सिंह को प्रमोशन दी दी गई है।

#### विजिलेंस में संचित कालिया की तरक्की

विजिलेंस में संचित कालिया, योगेश कुमार, सुमन बाला, परमजीत सिंह और प्रताप चंद, राम सिंह, स्टेट सीआईडी में संजीव कुमार व अशोक कुमार नेगी, पुलिस जिला नूरपुर में उधम सिंह, पीटीसी में सत्तपाल, 6वीं आईआरबीएन बटालियन में रामलाल व देवराज, तीसरी आईआरबीएन बटालियन में भूपेंद्र सिंह, चौथी आईआरबीएन में मूलराज और बद्दी में संजय कुमार को प्रमोट किया गया है। आदर्श आचार संहिता के कारण राज्य के गृह विभाग ने इनकी प्रमोशन के लिए केंद्रीय चुनाव आयोग से अनुमति मांगी थी।

# राष्ट्रीय संगोष्ठी में नौणी विश्वविद्यालय ने जीते छह पुरस्कार

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औदयानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय के नेरी और नौणी परिसरों के छात्रों और वैज्ञानिकों का हाल ही में पंजाब कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'खाद्य प्रसंस्करण 4.0 नवाचार और स्थिरता' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में शानदार प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के छह संकाय और 26 स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया।

खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश शर्मा ने 'खाद्य प्रसंस्करणः नवाचार और स्थिरता' पर एक व्यावहारिक व्याख्यान दिया और 'कार्यात्मक खाद्य पदार्थ और न्यूट्रास्यूटिकल्स' पर केंद्रित एक तकनीकी सत्र की अध्यक्षता भी की। सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिषेक ठाकुर को उनके पेपर 'वेस्ट टू वर्थ यूटिलाइजेशन ऑफ वास्प-अफेकटेड एप्पल वराइटि अन्ना का हिमाचल प्रदेश के उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में चिप्स बनाने के लिए' शीर्षक के लिए सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार से नवाजा गया। विश्वविद्यालय की सफलता में और योगदान देते हुए, डॉक्टरेट स्कॉलर अनुपमा आनंद और हरप्रीत कौर सैनी ने अपने संबंधित शोधपत्रों के लिए सर्वश्रेष्ठ मौखिक प्रस्तुति पुरस्कार जीता।

# विकास का दूसरा नाम बीजेपी, जब जब प्रदेश में कांग्रेस सरकार आई प्रदेश के विकास को लगा ग्रहण

अर्थ प्रकाश /शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर।** विकास का दूसरा नाम भारतीय जनता पार्टी है इसी बात को ध्यान में रखते हुए विश्व के सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है और आगे भी करती रहेगी यह बात केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल मंत्री भारत सरकार अनुराग सिंह ठाकुर ने सुजानपुर भाजपा द्वारा आयोजित पन्ना प्रमुख कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहि उन्होंने कहा कि केंद्र में जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है देश लगातार तरक्की कर रहा है भारत आज विश्व की 5वी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बनकर सामने आया है और जब केंद्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनेगी तो भारत तीसरी सबसे बढ़ी अर्थव्यवस्था बनकर सामने आएगा। हिमाचल में सरकार लगातार कर्ज पर कर्ज ले रही है केंद्र की सरकार ने जो सहायता प्रदेश की आपदा में कि उसका जिक्र कहीं नहीं होता है जो पैसा केंद्र सरकार ने दिया जो मकान बनाने के लिए पैसा केंद्र सरकार ने दिया उसमें भी बंदर बांट किया जा रहा है लेकिन देश के नरेंद्र मोदी ने कभी अपना और पराया की राजनीति नहीं की पूरे देश की जनता को अपना परिवार माना है संविधान को बचाने का काम अगर किसी ने किया है तो भारतीय जनता पार्टी ओर देश के प्रधानमंत्री ने किया है संविधान निर्माता को शत-शत नमन बीजेपी कर रही है करती आई है और करती रहेगी देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत रत्न संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के नाम पर पांच तीर्थ बनाए हैं प्रदेश के मुख्यमंत्री इस बात को जनता के सामने लिखकर दे कि समाज के पिछड़े वर्ग का आरक्षण काटकर मुस्लिम समुदाय को नहीं दिया जाएगा देश के मोदी भी कांग्रेस के नेताओं से इस बात की गारंटी मांग रहे हैं हम भी प्रदेश की सरकार से इस बात की गारंटी की मांग करते हैं अनुसूचित जाति जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग की अगर किसी ने सुध ली है तो वह भारतीय जनता पार्टी है उन्होंने कहा कि पूर्व में जब प्रदेश में बीजेपी की सरकार थी और उस समय के मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल थे तो उन्होंने इस तबके के लिए बजट प्रावधान जो 11 पॉइंट 8 प्रतिशत होता था उसे बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया था ताकि इस समाज के लोगों को किसी भी तरह की कोई कमी ना रहे। अनुराग ने कहा कि विकास की चक्र चंद इतनी है कि उनको कुछ नजर नहीं आ रहा जिन्होंने 60 साल सरकार चलाकर कुछ नहीं किया उनको मोदी सरकार का काम कहां से दिखेगा।



#### कांग्रेस को योग्य बनी है उम्मीदवार मिल नहीं रहे

सड़क शिक्षा स्वास्थ्य के साथ-साथ सबको रोजगार घर द्वार पर स्वरोजगार इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी काम कर रही है उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कोई नेता बड़ा और छोटा नहीं होता यहां कोई भी व्यक्ति किसी भी बड़े पायदान पर पहुंच सकता है पूरे देश में कांग्रेस की हालत देखने योग्य बनी है उम्मीदवार मिल नहीं रहे हैं यहां से वहां वहां से यहां चुनाव लड़ने को लेकर सहमति बन रही है।

# अगले पांच साल देश के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे : जयराम ठाकुर

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला/कोटखाई।** नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि आने वाले पांच साल भारत के विकास के लिए बेहद अहम हैं। नरेन्द्र मोदी का तीसरा कार्यकाल भारत की ऐतिहासिक बुलंदी का कार्यकाल होगा। मोदी के दो कार्यकाल तो विकास की एक झलक भर हैं। आगामी पाँच साल का ब्लूप्रिंट तैयार है। जो भारत को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार होगी। जिस तरह से प्रधानमंत्री काम कर रहे हैं, जनहित की योजनाओं को जिस तरह से लागू किया है। आज देश के लोग सोचते हैं कि नरेन्द्र मोदी जैसा नेता हमें तीस साल पहले क्यों नहीं मिला।यह पहली बार हुआ कि जब हर कार्यकाल के बाद नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता और विश्वसनीयता बढ़ती जा रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने सेब पर इंपोर्ट ड्यूटी पचास फ़ीसदी की। इसके बाद भी पचास रुपये न्यूनतम मूल्य निर्धारित किया। जिससे हिमाचल के बाग़वानों को बहुत बड़ी राहत मिली। कांग्रेस की सरकार ने बाग़वानो को ठगने का काम किया है। बाग़वानों को सेब के दाम तय करने की गारंटी दी लेकिन सेब बेचना भी मुश्किल हो गया है।

नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बनेंगे यह सिर्फ़ देश ही नहीं दुनिया के लोगों को भी यक़ीन है। तभी आज चुनाव के परिणाम आने के पहले ही दुनिया भर के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने देशों में आमंत्रित किया है। देश विदेश में यह ख्याति नरेन्द्र मोदी के कामों की वजह से हैं। 25 करोड़ से ज़्यादा लोगों को ग़रीबी रेखा से बाहर निकालना हो या 80 करोड़ से ज़्यादा लोगों को राजन मिल रहा है। 70 साल से ज़्यादा उम्र की लोगों को बिना किसी शर्त के आयुष्मान का लाभ देने की गारंटी दी है। राममंदिर का शिलान्यास और प्राण प्रतिष्ठा हमने अपने आँखों से इसी कार्यकाल के दौरान देखीं। कश्मीर बिना आर्टिकल 370 के एक निशान और एक प्रधान के साथ प्रगति की नई कहानी लिख रहा है। ट्रिपल तलाक़ को समाप्त किया, चार करोड़ आवास, पचास करोड़ से ज़्यादा को आयुष्मान के तहत इलाज की गारंटी नरेन्द्र मोदी ने दी है। आगे भी कई बड़े लक्ष्य निर्धारित किए हैं जिसेके पूर्व होने का जनता को पूर्ण विश्वास है।



जयराम ठाकुर ने कहा कि इस समय कांग्रेस में कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं है। अब तो उनके सबसे बड़े नेता का भी वही हाल है। पहले वह अमेठी से लड़ने वाले थे लेकिन उन्हें अपनी पारंपरिक सीट की ज़मीनी हक़ीक़त का अंदाज़ा हो गया तो अपनी दूसरी पारंपरिक सीट रायबरेली चले गये। क्योंकि वह स्मृति ईरानी से फिर से हारना नहीं चाहते हैं। यह हालत कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की हैं। उन्होंने कहा कि कोटखाई के लोगों ने जो मांगा वह दिया। एक ही दिन में दो-दो एसडीएम का दफ़्तर कोटखाई के लोगों की सुविधा के लिए खोला। फ़ायर स्टेशन से लेकर जिस विभाग के डिवीज़न की माँग की वह सब दिया।

जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए कहा कि प्रदेश में दुःख की सरकार चल रही यह सरकार बहुमत खो चुकी और जनता की नज़र में भी गिर गई है।नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस ने प्रदेश में हज़ारों की संख्या में चले हुए संस्थान बंद कर दिये, उन्होंने कहा कि हमने बिना कोई गारंटी दिए महिलाओं का किराया आधा किया, बिजली और पानी का बिल माफ़ लिया। हिमकेयर से पांच लाख का निःशुल्क इलाज दिया, सहारा योजना दी, दुःख इस बात का है यह गारंटी देने वाली सरकार ने यह सुविधाएं बंद कर दी है। कांग्रेस इसी तालाबंदी को विकास कह रही है। अब हिमाचल के लोगों की बारी हैं ऐसी सरकार और ऐसे लोगों की तालाबंदी करें। सड़कों का काम रुका पड़ा है। अस्पताल का काम रुका पड़ा है। स्कूल का काम रुका पड़ा है। हिमकेयर से इलाज रुक गया है। सहारा की पेंशन रुक गई है। कोटखाई में आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में नेता प्रतिपक्ष ने यह बातें कहीं। इस मौक़े पर उनके साथ लोक सभा प्रत्याशी सुरेश कश्यप, अरुण फ़ाल्टा, राकेश डोगरा, बिलाल शाह, नीलम सरैक, चेतन ब्रागटा, उमेश शर्मा, अनीता ख्लास्टा, अनिल काल्टा, रावेन्दर चौहान आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कोटखाई की जनता से सुरेश कश्यप को रिकॉर्ड वोटों की बढ़त दिलाने का निवेदन किया।

# सुशील शर्मा ने एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार किया ग्रहण

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** श्री सुशील शर्मा ने



एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और निदेशक (कार्मिक) का अतिरिक्त कार्यभार ग्रहण कर लिया है । वर्तमान में, श्री सुशील शर्मा एसजेवीएन में निदेशक (परियोजनाएं) के रूप में कार्यरत हैं और दिनांक 08 अप्रैल, 2024 को सार्वजनिक उद्यम चयन बोर्ड (पीईएसबी) द्वारा एक कठिन चयन प्रक्रिया के पश्चात इन्हें एसजेवीएन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के पद हेतु भी अनुशंसित किया गया है।

श्री सुशील शर्मा दिनांक 01 अगस्त, 2020 से एसजेवीएन के निदेशक (परियोजनाएं) के रूप में कार्यरत हैं। उल्लेखनीय रूप से, इन्होंने हिमाचल प्रदेश में 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन और 412 मेगावाट रामपुर जलविद्युत स्टेशन तथा उत्तराखंड में 60 मेगावाट नैटवाड़ मोरी जलविद्युत स्टेशन जैसी प्रमुख परियोजनाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जहां विद्युत स्टेशनों के सफल डिजाइन, निर्माण तथा कमीशनिंग में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। जलविद्युत क्षेत्र में गहन अनुभव के साथ-साथ स्वच्छ नेतृत्व गुणों से युक्त श्री सुशील शर्मा एसजेवीएन को अभूतपूर्व वृद्धि और बृहत् विकास के नए युग में ले जाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

विश्वेश्वरैया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, नागपुर के पूर्व छात्र, श्री सुशील शर्मा ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता के साथ इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री हासिल की। उनके पास एसजेवीएन सहित विभिन्न संगठनों में 30 वर्षो से अधिक का समृद्ध और विविध अनुभव है। उन्होंने 1990 में हि.प्र. राज्य तकनीकी शिक्षा सेवा से अपना कैरियर आरंभ किया।

# मारपीट और झपटमारी के 3 दोषियों को 10 साल की सजा

दोषियों पर 25-25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया



### अदालत में पंचकूला पुलिस की मजबूत पैरवी

पुलिस उपायुक्त हिमाद्रि कौशिक के नेतृत्व में थाना सेक्टर 5 प्रभारी रुपेश चौधरी के नेतृत्व में साढ़े तीन साल पुराने मामले में जिला अदालत ने 3 दोषियों को कड़ी सजा सुनाई। ए.एस.आई राममेहर ने मामले में कार्रवाई करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार करके अदालत में पेश कर जेल भेजा गया। मामले की पैरवी पंचकूला पुलिस के डीडीए रोमिल लांबा व एएसआई राममेहर की देखरेख में हुई जिनके नेतृत्व में अदालत ने दोषियों को सजा सुनाई ।

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** शहर में राह चलते व्यक्ति से मारपीट और झपटमारी करने के मामलों में जिला अदालत ने 3 दोषियों को 10 साल की सजा सुनाई।

वर्ष 2020 के इस मामले में व्यक्ति पर हमला और झपटमारी करने के मामले में सत्र न्यायाधीश वेद प्रकाश सिरोही की अदालत ने आकाश उर्फ टुटवा, रवि कुमार उर्फ पोची और देव नारायण को मामले का दोषी पाया और उन्हें 10 वर्ष सजा सुनाई। न्यायाधीश ने दोषियों पर 25-25 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया।

**ये है मामला:** साल 2020 की 3 अगस्त के इस दायर मामले में शिकायतकर्ता महेन्द्र सिंह वासी बरवाला हिसार था। थाना सेक्टर 5 में उसने शिकायत देकर बताया था कि वह दिनांक 2 अगस्त को अपने दोस्तों के साथ गाड़ी में बैठकर मोरनी हिल घूमने के लिए आए हुए थे। वह मोरनी रोड की तरफ से लौट रहा था। तब उसके दोस्त मोरनी की तरफ चले गए। नाडा साहिब गुरुद्वारा से आगे घग्घर नदी के पुल को क्रास किया तो सामने 5-6 लड़के खड़े थे। उसको अकेला देखकर हमलावरों ने उसे डंडों के साथ पीटना शुरू कर दिया। बरमाश उनसे उनका एक मोबाइल, कुछ पैसे, सोने की अंगूठी छीन कर भाग गए । तभी उस समय एक आटो वाले ने पीड़ित को नागरिक अस्पताल सेक्टर 6 में भर्ती करवाया। इसके बाद शिकायत पर भा.द.स. की धारा 379-बी के तहत मामला दर्ज करके कार्रवाई की गई।

## डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के सदस्य प्यार चंद कौंडल भी चुनाव मैदान में उतरे



**चंडीगढ़, (अप्रस)।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, चंडीगढ़ के सदस्य प्यार चंद कौंडल ने भी आजाद उम्मीदवार के तौर पर चंडीगढ़ लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को एसोसिएशन की एक बैठक संस्था के अध्यक्ष रोहित खुल्लर, सचिव परमिंदर सिंह, पूर्व अध्यक्षों अशोक चौहान व भाग सिंह सुहाग, पूर्व उपाध्यक्ष विनोद वर्मा व अध्यक्ष पद की प्रत्याशी रहीं सर्वजीत कौर, पूर्व लाइब्रेरी सेक्रेटरी गुरदेव सिंह, रणजीत धीमान व वरिष्ठ वकील शिवमूर्ति यादव की मौजूदगी में हुई जिसमें सर्वसम्मति से प्यार चंद कौंडल को तन-मन-धन से समर्थन देने का प्रस्ताव पारित करके उन्हें भारी मतों से विजय बनाने का वादा किया गया। प्यार चंद कौंडल ने इस समर्थन के लिए उनका धन्यवाद जताते हुए कहा कि शहर के सैंकड़ों वकीलों ने उन्हें अपना आशीर्वाद दिया है व वे जीतने के बाद शहरवासियों की समस्याओं को हल करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## लोकसभा चुनाव 2024

# पड़ोसी राज्यों के मतदाताओं का होगा पेड होली-डे, सरकारी कर्मचारी डाक मतपत्र से डाल सकेंगे वोट



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** लोकसभा चुनाव में इस बार बाहरी राज्यों में रह रहे मतदाता पंचकूला में आकर मतदान करेंगे तो उनका वेतन नहीं कटा जायेगा। ऐसे मतदाताओं का मतदान के दिन पेड होली-डे होगा। वहीं विभिन्न सरकारी विभागों में सेवा कर रहे कर्मचारी मतदान के दिन डाक मतपत्र से वोट डाल सकेंगे। इस संबंध में पंचकूला के निर्वाचन अधिकारी की ओर से ये निर्देश जारी किए गए हैं।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी यश गर्ग ने बताया कि राज्य सरकार ने 18वीं लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो राज्य सरकार के अधीनस्थ विभागों के कार्यालयों, बोर्ड, कॉर्पोरेशन और शिक्षण संस्थानों में कार्यरत है, को वोट डालने के लिए पेड होलीडे देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि मुख्य सचिव कार्यालय की ओर से जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानों में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है, ऐसे कर्मचारियों के लिए उन तिथियों को पेड होलीडे के रूप में नामित किया गया है।

### सरकारी विभागों के कर्मचारी डाक मतपत्र से डालेंगे वोट

आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभिन्न सरकारी विभागों के कर्मचारी भी इस बार डाक मतपत्र (पोस्टल बैलेट) के जरिये वोट डाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिये उन्हें फार्म 12-डी भरना होगा। फार्म 12-डी जिला चुनाव कार्यालय की ओर से उपलब्ध कराया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इसे चुनाव आयोग की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि ड्यूटी रोस्टर को देखते हुये जो कर्मचारी उनके यहां आवश्यक सेवाओं से जुड़े हैं और उनका वोट किसी अन्य हलके अथवा जिला में हैं, उन्हें फार्म 12-डी उपलब्ध कराया जाये। पूर्ण रूप से भरे हुए इस फार्म को नोडल अधिकारी के पास भिजवा दें। नोडल अधिकारी द्वारा इस फॉर्म को संबंधित एआरओ के पास भेजा जायेगा। एआरओ तथ्यों की पुष्टि के बाद इसे आरओ को प्रेषित करेगा। आरओ द्वारा बैलेट पेपर जारी किया जायेगा। बैलेट पेपर को निर्धारित तिथि पर सीलबंद लिफाफे में सुविधा केंद्र (फेसिलिटेशन सेंटर) में बॉक्स में डालना होगा।

### इन राज्यों में इस दिन चुनाव

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 01 जून 2024 तथा एनसीटी दिल्ली में 25 मई, हिमाचल प्रदेश में 01 जून, पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़ में 1 जून, 2024 को लोकसभा आम चुनाव होने हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कर्मचारी केवल अपने संबंधित संसदीय क्षेत्र में मतदान के दिन ही पेड होलीडे (सवैतनिक अवकाश) के हकदार होंगे।

### जिनका वोट बाहर तो ऐसे केरिंगे मतदान

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यदि किसी कर्मचारी का वोट अन्य जिला में है तो नोडल अधिकारी द्वारा फार्म डी को उस जिला के आरओ के पास भेजा जायेगा। वहां का आरओ ही बैलेट पेपर जारी करेगा। आरओ द्वारा जारी बैलेट पेपर कर्मचारी के पास पहुंचाया जायेगा। सुविधा केंद्र में डाले गये डाक मतों को संबंधित जिला के आरओ के पास विशेष संदेशवाहक द्वारा भिजवा दिया जायेगा। यह प्रक्रिया 25 मई से तीन-चार दिन पहले तक पूरी कर ली जायेगी। जो कर्मचारी डाक मतपत्र के जरिये वोट डालेगा वह ईवीएम से वोट नहीं डाल सकेगा।

# गांव दरिया की समस्याएं हल कराने का टंडन ने किया वादा

ग्रामीणों ने सैर के लिए पार्क, बच्चों के लिए खेल का ग्राउंड, सामाजिक कार्यों के लिए कम्युनिटी सेंटर बनाने और रेलवे स्टेशन में टैक्सी पार्क करने की समस्याएं रखीं सामने



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भाजपा सांसद प्रत्याशी संजय टंडन के समक्ष वार्ड नंबर 9, गांव दरिया के लोगों ने गांव की समस्याओं को रखा। काउंसलर धर्मेंद्र सिंह सैनी ने संजय टंडन से गांव में पार्क, बच्चों को खेलने के लिए खेल का ग्राउंड, सामाजिक कार्यों के लिए कम्युनिटी सेंटर बनाने और रेलवे स्टेशन में टैक्सी पार्क करने की समस्याएं हल कराने की गुजारिश की जिस पर संजय टंडन ने जीत हासिल करने के बाद हल कराने का वादा किया। संजय टंडन यहां एक चुनावी सभा में बोल रहे थे। ह?ारों की संख्या में लोगों ने सभा में हिस्सा लिया। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सैनी व मंडल प्रधान सतीश शुक्ला ने उनका तहेदिल से धन्यवाद किया। इस अवसर पर बीजेपी उप प्रधान रामवीर भट्टी, किसान मोर्चा के अध्यक्ष सरदार दीदार सिंह, शशि शंकर तिवारी हरिशंकर मिश्रा, पप्पू शुक्ला, नागेंद्र पांडे, बलविंदर शर्मा, काउंसलर गुरचरण सिंह काला, जीत सिंह, काउंसलर मनोज सोनकर, जिला उपाध्यक्ष अरविंद सिंह, रामबाबू राम, सरपंच, बहलाना, भजन सिंह, पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद नंदकुमार यादव, करण यादव, अजय पांडे, सरदार बलजीत सिंह सिद्धू, इंद्रजीत सिंह, कुलदीप सिंह, रणवीर सिंह, प्रेम, गुरदेव सिंह, बलवंत सिंह, गगनदीप सिंह, बलबीर सिंह, जसवंत सिंह, आदिल, अहमद, निक्कू पांडे, राहुल कौशिक, संतु सिंह कश्यप, प्रेम राज, अजय, सूरज, संजीव पारचा, दीपक सूबेदार, पुष्कर सिंह नेगी, मंडल प्रधान, राम शुक्ला, नरेंद्र लम, अजय, महिला शक्ति कमलजीत कौर, हीरावती, सिमरन, आशा, जस्सी , सोनिया व राजप्रीत कौर आदि मौजूद रहे।

## प्रेम गर्ग ने स्कूल प्रिंसिपल्स के निलंबन के खिलाफ आपत्ति जताई

अर्थ प्रकाश /वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी के नेता प्रेम गर्ग ने हाल ही में दस सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल्स के निलंबन और एक को पुनर्नियुक्ति करने पर आपत्ति जताई है, जो एक नकली कॉन्ट्रैक्टर राजीव कुमार द्वारा किए गए धोखाधड़ी के बाद हुआ। कुमार के अनुसार, सैकड़ों सफाईकर्मियों से रिश्वत लेते हुए उन्हें इन स्कूलों में नियुक्तियां देने का वादा किया गया था, लेकिन धोखाधड़ी का असली चेहरा सामने आया जब वादा किए गए वेतनों में से तीन महीने से अधिक समय तक विलम्ब हो गया। जबकि कॉन्ट्रैक्टर को गिरफ्तार किया गया, लेकिन घोटले से पैसे अब तक वापस नहीं मिले हैं, जैसा कि भुगतान की जाने वाली पार्किंग घोटले के मामले में हुआ था।

गर्ग कहते हैं कि हालांकि प्रिंसिपल लापरवाह रहे हो सकते हैं, लेकिन उन्हें सीधे घोटले में शामिल नहीं किया जा सकता है। वे इसके बजाय शिक्षा विभाग के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराते हैं। सवाल उठते हैं कि शिक्षा विभाग द्वारा कॉन्ट्रैक्ट किए गए सफाईकर्मि कहाँ हैं और क्या किसी अन्य कॉन्ट्रैक्टर को नियुक्त किया गया था। स्कूलों में क्या कोई और सफाईकर्मी थे, या क्या इन स्कूलों में कोई सफाईकर्मी थे ही नहीं? अगर किसी और कॉन्ट्रैक्टर को अनुबंधित किया गया था, जिसके द्वारा स्कूलों में सफाईकर्मियों की नियुक्ति की गई है, तो उसने क्या किया, वह कहाँ था? क्या किसी और कॉन्ट्रैक्टर को भी सफ़ाई कर्मचारियों के काम के लिए कोई धन दिया गया था? यह एक जांच का विषय हैयह भी हैरानी की बात है कि क्या ये स्कूल बिना किसी सफाईकर्मी के ही साफ़ हो रहे थे।

## पीजीआई कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन ने कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी कल्याण निधि योजना की शुरुआत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पीजीआई कॉन्ट्रैक्ट वर्कर यूनियन 598 के प्रधान गोल्डी ने जानकारी देते हुए बताया कि पीजीआई के कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों के लिए कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारी कल्याण निधि योजना की शुरुआत की गई है। जो भी अनुबंध कर्मचारी इस योजना का सदस्य होगा उसको कर्मचारी कल्याण निधि योजना के नियम और निर्देशानुसार लाभ प्रदान किए जाएंगे। यूनियन के कैशियर किशन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की नई ओपीडी में अब्दुल नामक अनुबंध कर्मचारी की पिछले महीने 21 अप्रैल को मृत्यु हो गई थी । न्यू ओपीडी के कर्मचारियों से कर्मचारी निधि योजना के लिए प्राप्त निधि को यूनियन के प्रधान गोल्डी, महासचिव प्रभात सिंह कैशियर किशन कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान राजेश कुमार और गुड्डी देवी ने अनुबंध कर्मचारी के घर जाकर अब्दुल की पत्नी को 31000 हजार रुपए का चेक प्रदान किया।

# चंडीगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व भाजपा प्रत्याशी टंडन को सौंपा डिमांड चार्टर

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़।** भाजपा कार्यालय कमलम में पहुंची चंडीगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा एवं भाजपा प्रत्याशी संजय टंडन को डिमांड चार्टर सौंपा। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष जतिंदर पाल मल्होत्रा ने कहा कि आज आपके सामने हैं बदले हुए भारत की तस्वीर,जिस गति से पिछले 10 वर्षों में विकास हुआ है,उसकी गति को बनाए रखने के साथ और बढ़ाने के लिए अगले पांच साल देश में प्रधानमंत्री पद पर नरेंद्र मोदी की आवश्यकता है। मल्होत्रा ने कहा कि चंडीगढ़ में चुनाव एक जून को है और यह समय शिक्षण संस्थानों की छुट्टियों का भी है। उन्होंने अपील की कि घूमने जाने का प्रोग्राम एक दो जून के बाद ही बनाएं और लोकतंत्र के इस महापर्व में शामिल होकर चंडीगढ़ को मतदान प्रतिशत के मामले में रिकार्ड बनाना चाहिए।

संजय टंडन ने चंडीगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन का पार्टी कार्यालय में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि एसोसिएशन का साथ पहले भी भाजपा को मिला है और उन्हें पूरी यकीन है कि आगे भी इसी तरह मिलता रहेगा। टंडन ने कहा कि अब तक मैं बिना कलम की ताकत से आपकी सेवा में हाजिर रहा हूं,भविष्य में जब कलम की ताकत आएगी तो वह चंडीगढ़ के वासियों के लिए ही होगी।चंडीगढ़ केमिस्ट एसिसएशन के अध्यक्ष अनूप गुप्ता और विनय जैन ने डिमांड चार्टर से कुछ विशेष मांगों को रखा। इन्होंने बताया कि देश भर में एसोसिएशन के 10 लाख से अधिक सदस्य हैं और चंडीगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन प्रदेश का बड़ा संगठन है,लेकिन अभी तक उनके पास आफिस स्पेस तक नहीं है।इन्होंने टंडन से मांग की कि वे चुनाव जीतने पर आफिस स्पेस, अपार्टमेंट एक्ट,जीएसपी और वैट के पुराने मामलों जैसी समस्याओं का हल कराने में अपनी भूमिका निभाएंगे,यह उम्मीद एसोसिएशन करती है।इस मौके पर प्रिंस बंदुला, दीपक बतरा,डा.कमल गुप्ता,दीपक कुमार सहित काफी संख्या में पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता ने ट्रांसपोर्ट चौक के रखरखाव में कोताही के कारण करार रद्द करने की मांग की

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** शहर के सबसे व्यस्त चौराहों में से



एक ट्रांसपोर्ट चौक की देखभाल का जिम्मा भाजपा नेता व पूर्व महापौर अनूप गुप्ता की कम्पनी कालका प्लाई पैलेस का है, परन्तु उनका ध्यान सिर्फ यहां अपनी कम्पनी के बोर्ड लगा कर मशहूरी करने तक ही है। ये आरोप चण्डीगड़ कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता व बापूधाम रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान कृष्ण लाल ने लगाए हैं। उन्होंने कहा कि यहां चारों तरफ साईकल ट्रैक व पैदल आने-जाने वालों के लिए फुटपाथ बनाए गए हैं परन्तु खूब बड़ी-बड़ी घास उग आने के कारण उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ता है।

# हरियाणा बनाओ अभियान का विरोध करने पर उम्मीदवार का संस्था करेगी सार्वजनिक विरोध

**संयोजक रणधीर सिंह बधरान ने कहा मुद्दे का समर्थन नहीं करने वालों को जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला ।** हरियाणा के लिए अलग राजधानी व उच्च न्यायालय की मांगों को लेकर जुटी हुई हरियाणा बनाओ अभियान संस्था की कार्यकारिणी द्वारा आज हरियाणा राजपूत अधिवक्ता सभा के अध्यक्ष यशपाल राणा को उनके संघर्ष और समर्पण को देखते हुए पगड़ी पहना कर व तलवार भेंट करके सम्मानित किया गया। यशपाल राणा हरियाणा बनाओ अभियान के सहसंयोजक भी हैं।

संस्था के संयोजक रणधीर सिंह बधरान ने इस दौरान बताया कि अब हरियाणा बनाओ अभियान के मुद्दे का समर्थन नहीं करने वाले राजनीतिक दलों को हरियाणा में जनता की नाराजगी का सामना करना पड़ेगा।

यह निर्णय लिया गया है कि यदि कोई भी उम्मीदवार इस मुद्दे पर नकारात्मक विचार रखता है तो उस उम्मीदवार के खिलाफ सार्वजनिक विरोध जताया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब संस्था हरियाणा के सभी संसदीय क्षेत्रों में अलग उच्च न्यायालय और नई राजधानी की मांग को उठाएगा जिसकी शुरुआत अम्बाला क्षेत्र से कर दी गई है । कार्यक्रम में राकेश शर्मा, संयोजक, सुरेंद्र बैरागी, रविकांत सैन, राजकुमार सलूजा, कृष्ण शर्मा एडवोकेट, सुरेंद्र चौहान, राम कुमार भ्याण विक्रम चौहान एडवोकेट, आशीष राणा, राज सिंह चौहान एडवोकेट, विजेंदर सिंह सिहाग, तकविंदर सिंह, इंदर सिंह वर्मा, अनिल कुमार त्रिपाठी पूजा कटारिया। और अधिवक्ता दीपल आदि शामिल रहे।

# तिवारी का चंडीगढ़ को भरोसा, भाजपा के 10 साल की भरपाई की जाएगी

**कहा - कांग्रेस जरूरतमंदों तक सीधे पहुंचती है**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ से इंडिया गठबंधन के सांझा उम्मीदवार मनीष तिवारी ने शहर के लोगों को भरोसा दिया कि वह भाजपा के शासनकाल में खोए गए कीमती दस सालों की भरपाई करेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा के विपरीत कांग्रेस के पास विकास का बहुआयामी दृष्टिकोण है, जो न केवल पूरे देश, बल्कि स्थानीय जरूरतों को भी ध्यान में रखती है। इसके अलावा, पार्टी बेरोजगार युवाओं या गरीब परिवारों जैसे जरूरतमंद व्यक्तियों को सीधे नियमित मासिक आय प्रदान करके उनकी मदद करेगी।

तिवारी सेक्टर 52, 21 और 22 के विभिन्न बाजारों और रिहायशी क्षेत्रों में लोगों से बातचीत कर रहे थे।

इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर से लेकर राष्ट्रीय राजधानी तक शासन करने वाली भाजपा सरकार की बेरुखी के कारण चंडीगढ़ ने कीमती दस साल खो दिए हैं। तिवारी ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा के पास सब कुछ था, फिर भी शहर हर पहलू में पिछड़ गया है। यहां तक की सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ अब देश के सबसे स्वच्छ शहरों में नहीं गिना जाता है।

उन्होंने चंडीगढ़ के निवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके पास एक विजन है, जिसके तहत वह समृद्ध और प्रगतिशील चंडीगढ़ बनाने के लिए योजना का जल्द खुलासा करेंगे जहां विकास की गाड़ी पीछे नहीं बल्कि आगे को दौड़ेगी।

इस दिशा में, एक सम्मानित सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री होने का व्यापक अनुभव रखने वाले तिवारी ने कहा कि कांग्रेस के पास प्रगति और विकास के लिए एक बहुआयामी रणनीति और दृष्टिकोण है।

उन्होंने कहा कि पार्टी के पास राष्ट्र निर्माण के लिए एक अच्छी तरह से परिभाषित सोच होने के साथ-साथ स्थानीय क्षेत्र के विकास के लिए भी खास योजनाएं हैं और सबसे बढ़कर उनका उद्देश्य बेरोजगार युवाओं व गरीब महिलाओं जैसे व्यक्तियों तक पहुंचकर उन्हें सीधे मासिक आय प्रदान करना है।

इस अवसर पर तिवारी ने पार्टी की 'गृहलक्ष्मी' योजना का जिक्र किया, जिसके तहत प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर महीने 8500 रुपये मिलेंगे, जो सालाना एक लाख रुपये है। यह रकम सीधे उनके बैंक खाते में जाएगी, जिससे निश्चित रूप से संबन्धित परिवारों को आर्थिक मदद मिलेगी।

इन बैठकों के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की ने चंडीगढ़ के विकास के लिए लोगों से कांग्रेस के हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि कभी सिटी ब्यूटीफुल कहलाने वाला चंडीगढ़ आज बहुत पिछड़ चुका है और इसे दोबारा पटरी पर लाने के लिए लोगों को पार्टी का साथ देना होगा।

### सेक्टर 52 में पदयात्रा

इससे पहले सुबह के वक्त चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की और अन्य वरिष्ठ नेताओं के साथ तिवारी ने सेक्टर 52 के बाजार और रिहायशी इलाकों में पदयात्रा की, जिसमें सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उनके साथ शामिल हुए। उन्होंने दुकानदारों, व्यापारियों और आम लोगों से बातचीत की और उनसे उनकी समस्याओं के बारे में पूछा व उन्हें जल्द से जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इस पदयात्रा का आयोजन चंडीगढ़ कांग्रेस के सचिव सुभाष गहलोत ने किया था। जहां अन्य के अलावा, वरिष्ठ महिला कांग्रेसी नेता माया जी, राजेंद्र कुमार, जनन सिंह, रिंकू भी मौजूद रहे। इसी तरह, सेक्टर 21 में विक्रम चोपड़ा ने अलग से पदयात्रा निकाली। सेक्टर 22 में पदयात्रा का आयोजन आप पार्षद दमनप्रीत बादल ने किया। इस यात्रा में सैकड़ों कांग्रेस और आप कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पदयात्रा के दौरान कांग्रेस और आप कार्यकर्ताओं के बीच बेहतरीन तालमेल देखने को मिला।

### लोगों से बातचीत

बाद में, तिवारी ने सेक्टर 21 में निवासियों से बातचीत की। इनमें जस्टिस (रिट.) अजय तिवारी, पूर्व मंत्री नसीब सिंह गिल और अन्य लोग शामिल हुए। इस चर्चा का आयोजन सुरजीत सिंह, गुरिंदर सिंह पूनिया, हरचरण सिंह बाठ और राजीव गोदारा ने किया।

### मलोया में जनसभा का आयोजन

गठबंधन उम्मीदवार मनीष तिवारी के समर्थन में मलोया में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जहां ब्लॉक अध्यक्ष विजय यादव और स्थानीय नेता लोगों की मौजूदगी में पार्षद निर्मला देवी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दिलावर सिंह, राजपाल राजा द्वारा तिवारी को सम्मान चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर सोमपाल राणा, अजय, अशोक राणा, विकास कुमार, मंगत राम, राजू गवाला, कृष्णा, धर्मवीर पार्टी में शामिल हुए।

**हरियाणा में रैडक्रॉस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की हुई समीक्षा**

## भारतीय रैडक्रास सोसायटी चंडीगढ़ की वर्चुअल बैठक आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़/पंचकूला।** हरियाणा प्रदेश की सभी जिला रैडक्रास शाखाओं के साथ भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा के उपाध्यक्ष एवं महासचिव की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। जिसमें रैडक्रॉस द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों की समीक्षा और 8 मई को विश्व रैडक्रास दिवस के आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस वर्ष रैडक्रास का विषय मानवता को जिन्दा रखना है। बैठक के दौरान डॉ. सुषमा गुप्ता, उपाध्यक्ष, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ ने हरियाणा प्रदेश के सभी जिला रैडक्रास सचिवों, सहायक सचिवों तथा जिला प्रशिक्षण अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हम सभी को मिलकर हरियाणा रैडक्रास को बुलंदियों तक लेकर जाना है। साथ ही इस मुहिम में सबको मिल-जुलकर अपना-अपना पूर्ण सहयोग देना है।

डॉ. मुकेश अग्रवाल, महासचिव, भारतीय रैडक्रास सोसायटी, हरियाणा राज्य शाखा, चण्डीगढ ने बैठक में सभी जिला रैडक्रास शाखाओं के सचिवों, सहायक सचिवों तथा जिला प्रशिक्षण अधिकारियों के साथ अनेक विषयों पर गहनता से विचार-विमर्श किया।




# चुनाव के समय कांग्रेस के लिए माई-बाप है जनता, बाद में तो इन्हें पहचानते नहीं: योगी आदित्यनाथ

अल्पसंख्यकों को कौन से खाने-पीने की स्वतंत्रता देना चाहती है कांग्रेस

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**बरेली/लखनऊ।** पहले कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल दल बोलते थे कि राम हुए ही नहीं। वहीं जब रामलला का दिव्य, भव्य और नव्य मंदिर बन गया तो कहते हैं राम सबके हैं। यह इनका दोहरा चरित्र है। ऐसे ही चुनाव के समय आप इनके माई बाप हैं और चुनाव खत्म होते ही यह आपको पहचानते नहीं हैं। सपा, बसपा और कांग्रेस का काम झूठ बोलना है। इनका मेनिफेस्टो भी कुछ इसी तरह का है। उसमें अल्पसंख्यकों को खाने पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गयी है। यह जनता को नहीं बता रहे हैं कि ऐसा कौन का खान पान है जो बहुसंख्यक समाज नापसंद करता है। दरअसल, अल्पसंख्यक समाज को गौ मांस पसंद है, जिसे हम होने नहीं देंगे। हम गौ माता की रक्षा के लिए जान भी देंगे। अयोध्या के महाराज दिलीप ने गौ माता को शेर के मुंह से छुड़ाया था। ऐसे धर्मात्माओं ने भारत माता की धरती पर जन्म लिया है। सपा और कांग्रेस को गलतफहमी है कि वह किसी की रुचि के अनुसार खान-पान की स्वतंत्रता देंगे। प्रदेश में गौकशी की बात तो दूर कोई इसके बारे में सोचेगा भी तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार खोल दिये जाएंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फरीदपुर (बरेली) में आंवला लोकसभा क्षेत्र के लिए आयोजित जनसभा में कही। इस दौरान उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के पक्ष में वोट की अपील की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में गरीब कल्याणकारी योजनाओं की बंदरबांट होती थी। कांग्रेस सरकार तो प्रभु श्रीराम और कृष्ण भगवान के अस्तित्व पर सवाल करती थी। वहीं सपा के लोग जय श्री राम का नारा लगाने पर जेल में बंद कर देने की धमकी देते थे। इतना ही नहीं कहते थे कि अयोध्या में कोई भी परिंदा पर नहीं मार सकता है। वहीं वर्ष 2014 के बाद प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलते भारत की तस्वीर सभी ने देखी है। अयोध्या में रामलला का दिव्य, नव्य और भव्य मंदिर बनकर तैयार है।

### एक किलो गेहूं और आटे के लिए टूट पड़ती है पाक की जनता

श्री योगी ने कहा कि वर्ष 1947 में भारत का विभाजन कर पाकिस्तान बना। यहां की आबादी 23 से 24 करोड़ की है, जो आज भूख से मर रही है। यहां की जनता 1 किलो गेहूं और आटे के लिए टूट पड़ती है। वहीं भारत में हर धर्म व जाति के 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन दिया जा रहा है। यह मोदी की गारंटी है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद की भट्ठी है। उसने इस भट्ठी को सुलगाया है और आज वही इसमें जल रहा है। वहीं पाकिस्तान कांग्रेस के लोगों की तारीफ कर रहा है। पुलवामा में जवानों की शहादत पर खुशी मनाने वाले राहुल गांधी की तारीफ कर रहे हैं। साथ ही राहुल गांधी को समर्थन देने की बात कह रहे हैं। ऐसे में आपको सतर्क रहने की जरूरत है। मुख्यमंत्री योगी ने मोदी सरकार के लिए लोकसभा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की ताकि देश को विकसित भारत बनाया जा सके।

# कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा जीतेगी हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीट: चेतन शर्मा

मोदी जी ने सेट किये विकास के नए आयाम

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फ़रीदाबाद।** हरियाणा में भाजपा का संगठन बहुत मजबूत है और कार्यकर्ताओं के दम पर हरियाणा की सभी 10 की 10 लोकसभा सीट और करनाल की विधानसभा सीट भाजपा जीतने जा रही है। भाजपा कार्यकर्त्ता एक-एक वोट कमल पर डलवाकर हरियाणा में सभी सीटों पर कमल खिलाएंगे और मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनायेंगे। लोकसभा फरीदाबाद की चुनावों की तैयारियों के निमित फ़रीदाबाद जिला कार्यालय 'अटल कमल' पर जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा के नेतृत्व में फरीदाबाद जिला संगठन की महत्वपूर्ण बैठक में पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर एवं खेल प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक चेतन शर्मा ने बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रबंधन और बूथ प्रबंधन के कार्य की समीक्षा की और संगठनात्मक विषयों पर महत्वपूर्ण चर्चा की। बैठक में जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा और जिला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा एवं मनोज वशिष्ठ, जिला उपधाध्यक्ष सुखबीर मलेरना, लक्ष्मण तंवर, कपिल अरोड़ा, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवान सिंह, महिला मोर्चा जिला महामंत्री अलका भाटिया, सीमा भारद्वाज, सीमा शर्मा, भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल, दर्शन लाल कुकरेजा आदि उपस्थित रहे। चेतन शर्मा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार देश के लोगों को मजबूत करने का कार्य कर रही है। पिछले 10 सालों में मोदी जी ने देश को आर्थिक तौर पर मजबूत किया है और विकास के नए आयाम सेट किये हैं। विकास की इस गति को बनाये रखने के लिए मोदी जी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाना है। एक एक कार्यकर्त्ता को बूथ को मजबूत करने और बूथ को जीतने के कार्य में लग जाना है। फरीदाबाद लोकसभा के सभी 2160 बूथों पर पहले से 370 वोट ज्यादा प्राप्त करके कमल खिलाने का कार्य करना है। जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की और कह कि लोकसंपर्क के माध्यम से कार्यकर्ता बूथ पर घर घर जाकर वोट के सत्यापन का कार्य करें और 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में मत पेटी के अंदर एक-एक वोट कमल पर डलवाने का कार्य करें। राजकुमार वोहरा ने अन्य संगठनात्मक विषयों पर भी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।

## स्पेशल और सामान्य बच्चों के साथ सम्मिलित बास्केटबॉल टूर्नामेंट आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** स्पेशल ओलंपिक्स भारत, चंडीगढ़ ने विवेक हाई स्कूल के सहयोग से शुक्रवार को स्पेशल और सामान्य बच्चों के साथ सम्मिलित बास्केटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया। चंडीगढ़ की अध्यक्ष दिलप्रीत कौर सेखों, अध्यक्ष, स्पेशल ओलंपिक्स भारत चंडीगढ़ और मिसेज हरबीना रंधावा, प्रधानाचार्य, विवेक हाई स्कूल की देखरेख में हुआ। इस कार्यक्रम की योजना और कार्यान्वयन सुश्री शीतल नेगी, क्षेत्रीय निदेशक, स्पेशल ओलंपिक्स भारत चंडीगढ़ द्वारा किया गया। 40 स्पेशल और नॉर्मल बच्चों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और दर्शकों ने उन्हें उत्साहपूर्वक समर्थन दिया। दिलप्रीत कौर सेखों ने सहयोग के लिए हरबीना रंधावा और प्रशासन का धन्यवाद दिया और कहा कि भविष्य में और ऐसे कार्यक्रम किए जाएँगे। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र वितरित करके हुआ।

## भाजपा की दमनकारी नीति से नहीं झुकने वाली देश की जनता: दीपक बावरिया

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव ने फरीदाबाद से भरी हरियाणा में सत्ता परिवर्तन की हुंकार

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया ने शुक्रवार को फरीदाबाद की धरती से हरियाणा में परिवर्तन की हुंकार भरते हुए कहा कि साल 2024 देश की दिशा और दशा बदलने वाला है। उन्होंने भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा कि देश-प्रदेश में भाजपा ईस्ट इंडिया कंपनी की तर्ज पर कार्य करते हुए दमनकारी नीति अपनाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है। लेकिन अब देश की जनता इनके जोर-जुम्मों के आगे झुकने वाली नहीं है और आने वाले चुनावों में वोट की चोट से चलता करेगी। बाबरिया शुक्रवार को फरीदाबाद के सेक्टर-12 मैदान में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह के पक्ष में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक योगेश शर्मा, वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह, लखन कुमार सिंगला, मोहम्मद इसराईल चौधरी सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया भारी भीड से गदगद उपस्थित जनसैलाब को वचन दिया कि कांग्रेस की सरकार बनते हुए आम गरीबों के हित में कार्य किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार जीरो टोलरेंश की नीति अपनाते हुए हर वर्ग के हत्थान के लिए कार्य करेगा। उन्होंने सरेआम ऐलान किया कि गरीबों के आसियाने पर बलडोजर चलाने की नीति को पूरी तरह से खत्म किया जाएगा क्योंकि कांग्रेस ने हमेश गरीबों को बसाने का कार्य किया जबकि भाजपा ने गरीबों को उजाडने का कार्य किया है।गरीब महिलाओं को एक लाख सालाना दिया जाएगा वहीं युवाओं को भी एक लाख सालाना बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने उपस्थितजनों से आह्वान किया कि वह इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी वोटों से जिताकर देश में राहुल गांधी को बडी ताकत प्रदान करें। उन्होंने लोगों से अपने जोश को बनाए रखने की अपील करते हुए प्रचार व प्रसार में जुट जाने का भी आह्वान करते हुए कहा कि जिस प्रकार का जोश हरियाणा में लोगों का दिख रहा है उससे साफ है कि फरीदाबाद सहित हरियाणा की सभी दस की दस लोकसभा सीटों पर विजय को निश्चत रूप से प्राप्त करेगी वहीं हरियाणा में बनने वाली अगली सरकार भी कांग्रेस की होगी।

इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता तरूण तेवतिया, बलजीत कौशिक, योगेश गौड, सुमित गौड, जेपी नागर, पराग शर्मा, रतिराम, संजीव चौधरी, मोहम्मद बिलाल, ईसराईल चौधरी, मुकेश शर्मा, जगत नागर, आप पार्टी के जिलाध्यक्ष हरेन्द्र भाटी, प्रवेश मेहता, आभाष चंदीला, राजाराम ठाकुर, मास्टर ऋषिपाल, सत्यवीर डागर, पूर्व मेयर डॉ.अतर सिंह व सूबेदार सुमन, अब्दुल गफ्फार कुरेशी, युद्धवीर झा, संजय कौशिक चेयरमैन, गुलशन बगगा, कुलदीप नागर सरपंच, दीपक चौधरी पार्षद, हरेन्द्र भडाना पार्षद, कैलाश बैंसला पार्षद, महेन्द्र सरपंच, राव महेन्द्र, रिंकू चंदीला, जितेन्द्र भडाना पार्षद, भरत अरोडा, अश्वनी कौशिक, एसएल शर्मा, नितिन सिंगला, अनिल नेताजी, जितेन्द्र चंदेलिया, बिजेन्द्र मावी, राजेश खटाना, विकास वर्मा, इशांत कथूरिया, संजय सोलंकी, विनोद कौशिक आदि अनेकों मौजूद थे।

### फरीदाबाद से हरियाणा में शुरू हुई बदलाव की हवा: उदयभान

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान ने कहा कि फरीदाबाद में अब बदलाव की हवा शुरू हो गई है जो बहुत जल्द ही आंधी का रूप लेगी क्योंकि अब समय आ गया है जब जनता भाजपा के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने के लिए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह को भारी बहुमत से विजयी बनाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल के शासन में फरीदाबाद के लोगों को सिवाय धर्म और जात-पात की राजनीति के अलावा कुछ नहीं मिला, इसलिए यहां के लोगों ने अब परिवर्तन का पक्का मन बना लिया है। वह शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र सिंह का सेक्टर-12 स्थित जिला सचिवालय में नामांकन दाखिल कराने के उपरांत आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। नामांकन सभा में उपस्थित हजारों के जनसैलाब ने एक तरह से चुनाव की शुरूआत में ही महेन्द्र प्रताप सिंह की जीत की गारंटी देदी। उपस्थित लोगों का उत्साह देखने लायक था तथा उन्होंने अबकी बार महेन्द्र प्रताप के नारों के साथ वातावरण को पूरी तरह से कांग्रेसमय बना दिया। सभा में फरीदाबाद नगर निगम के भाजपा पार्षद कैलाश बैंसला, महेन्द्र सरपंच, राव महेन्द्र, दीपक चौधरी, राकेश भडाना व जितेन्द्र भडाना सहित 6 पार्षदों ने मंच से अपने खुले समर्थन का ऐलान किया। इस मौके पर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी चौधरी महेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री हर्ष कुमार, विधायक नीरज शर्मा, पूर्व विधायक शारदा राठौर, पूर्व विधायक रघुवीर सिंह तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, पूर्व विधायक योगेश शर्मा, वरिष्ठ नेता विजय प्रताप सिंह, लखन कुमार सिंगला, मोहम्मद इसराईल चौधरी सहित लोकसभा क्षेत्र के सभी 9 विधानसभा क्षेत्रों के हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

## कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में प्रचार कर रहे उपमहापौर मनमोहन गर्ग



सेक्टर 14 एवं नहरपार सोसाइटियों में किया जनसम्पर्क

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद के निवर्तमान उपमहापौर मनमोहन गर्ग ने कहा है कि भाजपा के 10 साल शासन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की साख को विश्व पटल पर बढ़ाने का काम किया है। जो देश पहले भारत को कमजोर समझते थे आज वही भारत को सर्वशक्तिमान मानते हैं और उसके साथ संबंध जोड़ने के लिए आतुर हैं। गर्ग सेक्टर 14 व नहरपार सोसाइटियों में केंद्रीय राज्यमंत्री व भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में आयोजित नुक्कड़ सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश को मोदी जी के रूप में ऐसा मजबूत प्रधानमंत्री मिला है, जिसका डंका विदेशों में भी बजता है। अमेरिका, रूस, जापान सरीखे देश मोदी जी की कार्यशैली के मुरीद हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत का सपना मोदी जी ने देखा है, उसे साकार करने के लिए हम सभी को एकजुट होकर भाजपा उम्मीदवार कृष्णपाल गुर्जर के पक्ष में 25 मई को अधिक से अधिक वोट डालकर कमल को खिलाने का काम करना है। जिससे तीसरी बार मोदी जी को देश की बागडोर संभाल सकें और भाजपा उम्मीदवार अपनी हैट्रिक लगा सकें।

उन्होंने कहा कि 10 साल के कार्यकाल में फरीदाबाद में अभूतपूर्व विकास हुआ है। फरीदाबाद को दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम के साथ जोडने का काम किया है। जिससे यहां उद्योगों के साथ साथ व्यापारिक गतिविधियों में भारी इजाफा हुआ है और फरीदाबाद ने कनेक्टिविटी के मामले में देश में अपनी अलग पहचान बनाई है। पिछले साढ़े नौ साल में मनोहर सरकार में सबका साथ सबका विकास की नीति पर चलते हुए विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं वहीं अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी प्रदेश को विकास की ओर अग्रसर करने को तत्पर हैं।

## जिलाधिकारी ने नवीन गल्ला मण्डी में की जा रही तैयारियों का लिया जायजा

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**गौण्डा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत मतगणना स्थल नवीन गल्ला मंडी बहराइच रोड गोण्डा में चल रही तैयारियों का जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने नवीन गल्ला मंडी में सफाई व्यवस्था, लाइट व्यवस्था, पेयजल की व्यवस्था, तथा शौचालय की व्यवस्था के साथ ही साथ कैम्पस के अंदर टूटी-फूटी दुकानों का तत्काल समयबद्ध रूप से रिपेयरिंग कराकर समय से पहले तैयार कर लिया जाय। और उन्होंने कहा कि मतगणना से पहले पूरी तैयारी कर ली जाय, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाय कि किसी भी दुकान में कहीं कोई सुराग या गंदगी ना हो इस पर सभी अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें। इसके साथ उन्होंने कहा कि कैम्पस में चारों तरफ से सीसीटीवी कैमरा आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त मात्रा में लगाया जाय। ताकि कड़ी सुरक्षा एवं कड़ी देख रहे के साथ-साथ सकुशल निर्वाचन के कार्यों को कराया जा सके। उन्होंने कहा इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


## सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर आज 'मैडनेस की मालकिन' हुमा कुरेशी ने 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' शो

**चंडीगढ़।** 'मैडनेस की मालकिन' हुमा कुरेशी ने 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' में हेमांगी कवि, कुशाल बद्रीके, गौरव मोरे और इंदर साहिनी के 'बाहुबली' एक्ट की सराहना की; इस वीकेंड 'मैडनेस मचाएंगे-इंडिया को हंसाएंगे' में, गौरव दुबे 'मंजुलिका' बनकर सभी को डराने के लिए तैयार हैं। इस शनिवार, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का बहुचर्चित कॉमेडी शो 'मैडनेस मचाएंगे - इंडिया को हंसाएंगे' अपने 'बॉलीवुड मेरी जान' स्पेशल के साथ भारतीय सिनेमा का जश्न मनाएगा, जिसमें मशहूर कॉमेडियन मुबीन सौदागर इस मज़ेदार एपिसोड में अनुभवी कॉमेडियन्स के साथ शामिल होंगे! हर एक्ट के साथ, ये कॉमेडियन उल्लासपूर्ण स्पूफ के रूप में प्रतिष्ठित बॉलीवुड फिल्मों को सम्मान देंगे! प्रसिद्ध फिल्म 'बाहुबली' को एक हास्यपूर्ण ट्विस्ट देते हुए, कॉमेडियन हेमांगी कवि, कुशाल बद्रीके, गौरव मोरे और इंदर साहिनी क्रमशः राजमाता, कटप्पा, कालकेय और बाहु के रूप में हास्यपूर्ण संवादों की श्रृंखला पेश करेंगे, जो सभी को लोट-पोट कर देने का वादा करता है। उनके एक्ट में हंसी-मजाक का स्तर इतना ऊंचा था कि मैडनेस की मालकिन हुमा कुरेशी यह कहने से खुद को नहीं रोक सकीं, ÷यह एक पावर-पैक परफॉर्मेंस था!÷ अपने आगामी गैग के बारे में बात करते हुए, हेमांगी कवि कहती हैं, ÷फिल्म में राजमाता मेरा पसंदीदा किरदार है और मैं वह भूमिका निभाने के लिए आभारी हूं। इस स्पूफ को तैयार करने के लिए, मैंने राजमाता के भाव को समझने के लिए फिल्म को कई बार देखा, ताकि हम इस फिल्म को मज़ेदार तरीके से पेश कर सकें। कुशाल, गौरव और इंदर के साथ काम करना बहुत दिलचस्प था; क्योंकि हमारी ऑफ़-स्क्रीन केमिस्ट्री मंच पर सहजता से दिखाई देती है। दर्शकों को यह गैग निश्चित रूप से देखना चाहिए क्योंकि यह हास्य, रचनात्मकता का अनूठा मिश्रय है, और हमने इस प्रिय फिल्म के प्रति सम्मान अर्पित किया है।

### शिवहर में तीर के निशाने पर लालटेन और ओवैसी का तड़का

# ओवैसी के सियासी पैंतरे से किसको होगा फायदा?

अर्थप्रकाश/मुकेश कुमार सिंह


**पटना / बिहार।** बिहार के जिन सीटों पर असदुद्दीन ओवैसी के द्वारा प्रत्याशी उतारने के कयास लगाए जा रहे थे, वहाँ से ओवैसी कन्नी काट कर निकल गए। लेकिन एक बार फिर से ओवैसी बिहार की सियासत में हलचल पैदा कर रहे हैं। 7 मई को तीसरे चरण का मतदान होने वाला है। शेष बचे चार चरण के चुनाव के लिए, ओवैसी ने अपनी दावेदारी के पत्ते खोल दिये हैं। आखिर ओवैसी अब बिहार में किसका खेल खराब करेंगे और किस-किस का बेड़ा पार लगाएँगे, इस पर सियासी बहस छिड़ चुकी है। लोकसभा चुनाव के लगभग बीच में, असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के अचानक से बिहार में आठ से दस लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के ऐलान से बिहार की सियासत गरमा गई है। बिहार में पहले दो चरणों के चुनाव में नौ संसदीय सीटों पर मतदान हो चुके हैं। 7 मई को तीसरे चरण का मतदाना होना है। दूसरे चरण के चुनाव में सीमांचल की उन सीटों पर मतदाना हो चुके हैं, जहाँ ब?ड़ संख्या में मुस्लिम आबादी है। इस समीकरण के बाबजूद एआईएमआईएम ने सिर्फ किशनगंज से ही अपना उम्मीदवार उतारा है। किशनगंज सीट के लिए असदुद्दीन ओवैसी ने चुनाव प्रचार भी किया था। हालाँकि अब पार्टी ने अपनी रणनीति पूरी तरह से बदल ली है और कुछ चौंकाने वाले फैसले लेने जा रही है। एआईएमआईएम ने घोषणा की है कि वह बिहार में आठ से 10 सीटों पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। कयास लगाया जा रहा है कि इसमें किशनगंज और शिवहर के अलावे गोपालगंज, पाटलिपुत्र, महाराजगंज, मुजफ्फरपुर, मधुबनी, जहानाबाद, काराकाट, वाल्मीकिनगर और मोतिहारी की सीट शामिल हो सकती है। पार्टी ने शिवहर में पूर्व सांसद सीताराम सिंह के बेटे राणा रंजीत सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया है। शेष सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम की घोषणा का अभी।इंतजार है। लेकिन शिवहर से उम्मीदवार की घोषणा के साथ ही, ओवैसी सियासतदारों के निशाने पर आ गए हैं। उन पर आरोप लगाया जा रहा है कि वे समझ-बूझ कर एनडीए को कमजोर करने की रणनीति के तहत, शिवहर सहित इन अन्य सीटों पर चुनाव में प्रत्याशी उतारने जा रहे हैं। जिस शिवहर सीट से राणा रंजीत सिंह को प्रत्याशी बनाया गया है, वहाँ सीधा मुकाबला जदयू की लवली आनंद और राजद की रितु जायसवाल के बीच है। लवली आनंद राजपूत जाति से आती हैं। ऐसे में यहाँ राजपूत जाति से आने वाले राणा रंजीत सिंह को अपना प्रत्याशी बना कर, ओवैसी तमाम विरोधियों के निशाने पर आ गये हैं। कहा जा रहा है कि उन्होंने जान बूझ कर ऐसा किया है ताकि राजपूत वोटों में बंटवारा हो जाए। अगर ऐसा हुआ, तो यह लवली आनंद के लिए बड़ा झटका हो सकता है। यहाँ मुस्लिम वोटरों की संख्या 16 प्रतिशत है। यह पूरी तरह से साफ है कि मुस्लिम वोट बैंक की राजनीति के आधार पर खड़ी एआईएमआईएम के, अचानक से बिहार में कई सीटों पर उम्मीदवार उतारने के फैसले ने सभी को सकते में डाल दिया है। दीगर बात है कि सीमांचल के जिन इलाकों में चुनाव संपन्न हुए हैं, उनमें कटिहार और पूर्णिया दो ऐसी सीटें रही हैं, जहाँ मुस्लिम मतदाताओं की तायदाद 40 फीसदी से ज्यादा मानी जाती है। इसी तरह अररिया में करीब 42 प्रतिशत मुस्लिम वोटरों के बावजूद, एआईएमआईएम ने यहाँ से प्रत्याशी नहीं दिया। कटिहार में तो एआईएमआईएम ने आदिल हसन को प्रत्याशी तक घोषित कर दिया था लेकिन नामांकन से चंद घंटों पूर्व पार्टी का फैसला आया कि यहाँ से पार्टी चुनाव नहीं लड़ेगी।

### शिवहर में लवली आनंद को जिताने के लिए ओवैसी का मास्टर प्लान

अब हम ओवैसी के अचानक से बिहार चुनाव में, दखल के पीछे के असली मकसद को बताना चाहते हैं। इसमें कोई शक नहीं है कि ओवैसी का शिवहर से राजपूत प्रत्याशी देना और कई अन्य सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान करना, ओवैसी की बड़ी सियासी रणनीति का हिस्सा है। बिहार के राजनीतिक विश्लेषक शिवहर लोकसभा से राणा रंजीत सिंह को उम्मीदवार बनाने से लवली आनंद को नुकसान होने की बात कर रहे हैं। उनकी समझ से, यह राजद के लिए फायदे का सौदा साबित हो सकता है। लेकिन असली राजनीति कुछ और है। हमारे पास आई जानकारी के मुताबिक, राणा रंजीत सिंह को ओवैसी ने हत्यारोपी सजायाफ्ता पूर्व सांसद आनंद मोहन के मनुहार से चुनावी समर में उतारा है। शिवहर की जदयू प्रत्याशी पूर्व सांसद लवली आनंद, पूर्व सांसद आनंद मोहन की पत्नी हैं। राजनीतिक चौसर बिछाने में माहिर आनंद मोहन, यह जान रहे हैं कि कुछ राजपूत वोट उनके पाले से बाहर हैं और मुस्लिम वोट भी उनकी पत्नी लवली आनंद को नहीं मिलने जा रहे हैं। ऐसे में पूर्व सांसद आनंद मोहन यह सोच रहे हैं कि जो वोट राजद के पाले में जा सकते हैं, वे तमाम वोट किसी भी सूरत में राणा रंजीत सिंह को मिल जाये। इससे लवली आनंद की जीत पक्की हो

# जल्द ही लागू होगी महिलाओं को 1,000 और वरिष्ठ नागरिकों को 2,500 रुपये मासिक पेंशन देने की प्रक्रिया: पवन टीनू

कहा-भ्रष्टाचार और नशे के खिलाफ हम सबको मिलकर लड़ना होगा

पंजाब सरकार ने योग्यता के अनुसार 43 हजार से अधिक नौकरियां देकर आम लोगों का सपना पूरा किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जालंधर, 3 मई।** शुक्रवार को लोकसभा क्षेत्र जालंधर से शाहकोट विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के कर्मठ उम्मीदवार पवन टीनू ने कहा कि हमारी पार्टी के नेता आम लोगों के दुख-दर्द को अच्छी तरह से समझते हैं क्योंकि वे आम घरों से आते हैं , उन्होंने कहा कि पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार जल्द ही महिलाओं को 1000 रुपये प्रति माह देने का अपना वादा पूरा करने जा रही है और पेंशनभोगियों की पेंशन 1000 रुपये बढ़ाकर 2500 रुपये करने की रणनीति तैयार कर रही है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि हम अपनी सरकार द्वारा किये गये वादों को कदम दर कदम पूरा करेंगे यह आम आदमी पार्टी ही है जिसने में 43 हजार से ज्यादा नौकरियाँ बिना किसी सिफारिश या प्रभाव के योग्यता के आधार पर दी , हम सबको मिलकर भ्रष्टाचार और नशे के खिलाफ लड़ना होगा।

पवन टीनू ने सोहल खुर्द, औलख, पंडोरी, हरिपुर, तंदौरा, इस्माइलपुर, मेहसामपुर, अवान खालसा, कामवाला, उमरेवाल, बूटे की छन्ना, बाघेला, रायपुर अराइयां, धर्मा छन्ना, वाहेरां, उमरेवाल बिल्ले, दरिया वाला बिल्ले, रायपुर गुजरा, छोले गांव, रायपुर मंड आदि का दौरा करते हुए उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक लोगों को समान अधिकार देने के लिए संविधान बदलने की उम्मीद में बैठे नरेंद्र मोदी जानते हैं कि आम आदमी पार्टी उन्हें अगला कार्यकाल पाने के लिए सबसे कड़ी टक्कर दे रही है। इसके चलते उनके शीर्ष नेताओं को जेलों में डाला जा रहा है

श्री टीनू ने कहा कि हम संविधान बचाने के लिए जनशक्ति का सहारा ले रहे हैं और जनशक्ति ही है जो किसी को गद्दी पर बिठा सकती है और हटा भी सकती है।

### इन्होंने की समर्थन देने की घोषणा

शाहकोट निर्वाचन क्षेत्र के इस प्रभावशाली दौरे के दौरान, तीर्थ सिंह, संतोख सिंह, हरमेश सिंह, निर्मल सिंह, सरवन सिंह, स्वर्ण सिंह, कुलदीप सिंह, गुरनाम सिंह, परमजीत सिंह, बलवंत राम, सुखजिंदर सिंह, जगजीवन, तीर्थ आदि, निर्मल सिंह ब्लॉक गांव हरिपुर में प्रधान निर्मल सिंह सरपंच, परमिंदर सिंह लंबरदार, गुरनाम सिंह पंच, जोगा सिंह, रामजी दास फौजी, जगरूप सिंह मद्धू, निर्मल सिंह, सुखविंदर पाल, अवतार सिंह, मक्खन सिंह आदि, तंदौरा गांव में सरपंच दलजीत सिंह, जसपाल सिंह, जागीर सिंह, बलदेव सिंह, कश्मीर सिंह पन्नू, फुम्मन सिंह, आत्मा सिंह, बलविंदर सिंह, सोनू, प्रेम, महिंदर सिंह आदि, इस्माइलपुर में सरपंच यूसुफ, गुरचरण सिंह, जसविंदर सिंह, लंबर सिंह, गुरजीत सिंह, मुख्तियार सिंह, परमजीत सिंह, हरमेल लाल, गोरा और अवतार सिंह आदि, महसामपुर गांव में जसविंदर सिंह गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष, प्रीतम सिंह, राम दयाल पूर्व पंच, जागीर सिंह, बलदेव सिंह, चंचल सिंह, सुखदेव सिंह पन्नू, अमरीक सिंह, हरबंस सिंह, अवतार अवान खालसा में सिंह, इंदर सिंह आदि के अलावा कुलवंत सिंह अध्यक्ष ट्रक यूनियन, महिंदर सिंह अध्यक्ष पीकेयू, हरभजन सिंह, सुरिंदरपाल सिंह, रणजीत सिंह, परसराम, गुरप्रीत सिंह, गुरुमीत सिंह, कश्मीर सिंह, जरनैल सिंह मिस्त्री, समन्वयक सुख राम और ब्लॉक प्रधान कुलदीप सिंह खालसा आदि, उमरवाल में बिट्टू सरपंच, गुरदेव सिंह लंबरदार, गुरचरण सिंह पंच, डॉ. रेशम, गुरमुख सिंह, हरजिंदर सिंह, परमजीत सिंह, चरण सिंह, हैप्पी, करण आदि, इसी तरह गांव बुटे के छन्ना में भगवान सिंह, बलवंत सिंह, प्रकाश और हरजिंदर सिंह आदि, गांव बाघेला में सरपंच जगजीत सिंह, सचिव गुरिंदर सिंह, गांव में यूनुस पंच, भजन सिंह, गुरवंत सिंह, ज्ञान, सुनील कुमार, हरि कृष्ण, विलियम, परमजीत, सुरजीत, राज कुमार, जसवीर सिंह आदि और हरविंदर सिंह, हरदीप सिंह, अमनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, गुरबचन सिंह, पवनदीप सिंह रायपुररायण, मलकीत सिंह, कुलविन्दर सोनू, जसवन्त सिंह, मनजिन्दर सिंह और अन्य कई लोगों ने भी सरकार की उपलब्धियों को बहुत गंभीरता से सुना और हाथ उठाकर अपना समर्थन देने की घोषणा की।

# जनता ने महारानी प्रणीत कौर को जिताने का मन बनाया: संधू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लालड़ू, 3 मई।** पटियाला लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी महारानी प्रणीत कौर के चुनाव प्रभारी एसएमएस संधू दुआरा चुनाव प्रचार तेज करते हुए क्षेत्र में लगातार बैठकें की जा रही हैं। लालड़ू में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार में सबसे आगे है और महारानी के प्रति लोगों का स्नेह भी बढ़ रहा है। उन्होंने सभी वार्ड अध्यक्षों एवं कमेटी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी बदौलत ही हम यह जंग जीत रहे हैं। संधू ने कहा कि सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और इस चुनाव को लड़ने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा की यह क्लीयर है कि 4 जून को जीत हमारी ही होगी। इसलिए सभी नेता पूरी गंभीरता से अपने बूथ पर डटे रहें और एक-एक वोट महारानी के पक्ष में मतदान करवा इस जीत में भागीदार बनें। संधू ने कहा कि वे डेराबस्सी, लालड़ू, जीरकपुर और हलके के सभी गांवों में जा रहे हैं। जहां से बीजेपी के पक्ष में काफी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे साफ है कि इस बार भी लोग महारानी प्रणीत कौर को जिताने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील राणा, गुरुमीत टिवाणा समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

# पंजाब लोकसभा मतदान में 28 दिन शेष, उम्मीदवार उतारने में आप-अकाली दल सबसे आगे

बीजेपी पिछड़ी, कांग्रेस ने 12 सीटों पर उतारे

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 3 मई।** पंजाब में लोस चुनाव को 28 दिन ही शेष बचे हैं। 1 जून को पंजाब में मतदान होना है। ऐसे में सभी सीटों पर चुनावी माहौल दिन-ब-दिन गर्माता जा रहा है। पंजाब की सबसे हॉट सीट बनी लुधियाना सीट पर राजा वड़िंग के आते ही चुनावी माहौल पुरी तरह से गर्मा गया है।वहीं चुनाव को लेकर जहां इस बार आम आदमी पार्टी की और अकाली दल अपने उम्मीदवार खडे करने में सबसे आगे रहा है तो वहीं भाजपा उम्मीदवार खडे करने में सबसे बुरी तरह पिछड़ गई है।

वहीं कांग्रेस ने भी 12 सीटों पर अपने उम्मीदवार खडे किए हैं जबकि फिरोजपुर सीट अभी भी खाली है। लिहाजा देखना ये होगा की भाजपा आखिर कब तक सभी सीटों पर उम्मीदवार खड़े करेगी।

### 13 सीटों में से केवल 9 सीटों पर भाजपा उतार पाए उम्मीदवार

पंजाब में लोकसभा की कुल 13 सीटे हैं जहां आप अपने उम्मीदवार खडे करने में पहले स्थान पर रही। तो वहीं अकाली दल दूसरे स्थान पर रहा। भारतीय जनता पार्टी ने अब तक 13 में से 9 सीटों पर ही उम्मीदवार खडे किए हैं जबकि चार सीटों पर भाजपा के उम्मीदवारों का इंतजार हो रहा है। कांग्रेस ने भी अभी तक फिरोजपुर सीट पर अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की।

### इन सीटों पर है भाजपा उम्मीदवारों का इंतजार

पंजाब सीएम भगवंत मान के गृह जिले संगरूर में अभी तक भाजपा अपना उम्मीदवार खडा नहीं कर सकी। सूत्रों के मुताबिक यहां से अरविंद खन्ना का नाम लगभग फाइनल हो चुका है लेकिन पार्टी किन कारणों से खन्ना के नाम की घोषणा नहीं कर रही ये अभी भेद बना हुआ है। इसी तरह, फिरोजपुर सीट में सीनियर नेता राणा गुरमीत सिंह सोढी व रमिंदर आवला के नाम की चर्चा चल रही है। इसी तरह श्री आनंदपुर साहिब में भी भाजपा उम्मीदवार का इंतजार हो रहा है। इस सीट पर सीनियर नेता अविनाश राय खन्ना का नाम आगे चल रहा है। चौथी सीट है फतेहगढ साहिब जहां रिटायर्ड आईएएस अधिकारी एसआर लद्दधड और चरणजीत अटवाल के बेटे का नाम आगे चल रहा है।

लुधियाना में राजा वड़िंग की कार्यकर्ताओं संग बैठक, बोले-

# बिट्टू तो गयो, आंतरिक कलह भी दिखी, आशु-डाबर ने मीटिंग से बनाई दूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**लुधियाना, 3 मई।** लुधियाना में शुक्रवार को राजा वड़िंग द्वारा पार्टी कार्यकर्ताओं, ब्लॉक अध्यक्षों और मंडल अध्यक्षों के पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। इस बैठक में पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु, पूर्व विधायक सुरिंदर डाबर समेत अन्य नेताओं ने दूरी बनाकर रखी, हालांकि गुरुवार को राजा के रोड शो में पूर्व मंत्री आशु पहुंचे थे।

शुक्रवार की बैठक में आशु की गैर मौजूदगी ने आपसी गुटबंदी को जग जाहिर करके रख दिया है। यह मीटिंग पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय तलवार के दफ्तर में रखी गई थी, जहां पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं को राजा वड़िंग ने आपसी गिले शिकवे भुला कर पूरी तनदेही और मेहनत से लोकसभा चुनाव में काम करने को कहा गया था। सभी से आने आने की अपील की गई, ताकि चुनाव में जीत हासिल की जा सके।



बैठक को संबोधित करते राजा वड़िंग ने मजाकिया लिहाज में कहा कि बिट्टू तो गयो अब राजा आ गयो। राजा वड़िंग ने जिलाध्यक्ष संजय तलवाड की पीठ थपथपाते कहा कि पहले बिट्टू की चुनाव केंपेन की सारी गतिविधि पूर्व मंत्री आशु के दफ्तर से होती थी जो कि अब संजय तलवाड के दफ्तर से चलेगी। राजा ने चेलेंज करते हुए कहा कि रवनीत बिट्टू ने पांच सालों में लोगों के कितने फोन रिसीव किए और उन्होंने मात्र पांच दिनों में कितने फोन रिसीव किए इसकी कॉल डिटेल निकाली जाए। ताकि सच्चाई सामने आ सके। राजा ने कहा कि वह सभी के साथ खडे हैं। अगर देर रात भी कोई उन्हें बुलाए तो वह देरी नहीं करेंगे।

### संजय बोले- पहले बिट्टू के लिए मांगते थे वोट, अब राजा के लिए दिन रात करेंगे एक

बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष संजय तलवाड ने कहा कि पहले हम सभी रवनीत बिट्टू के लिए केंपेन करते थे। लेकिन उन्होंने हम सभी को धोखा दे दिया। किंतू अब हम सभी राजा के लिए दिन रात एक करेंगे और उन्हें भारी बहुमत से जिताएंगे।

# जगराओं बाइक सवार युवकों में राह चलते लड़की से छेड़छाड़

आरोपी 5-6 महीने से कर रहा था परेशान



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 3 मई।** जगराओं एक तरफा प्यार में युवक ने दिन दिहाड़े सरे बाजार पैदल जा रही एक लड़की को जबरदस्ती रोक कर छेडछाड़ शुरू कर दी। इतना ही नही बाइक सवार युवक अपने दोस्त के साथ मिलकर लड़की को शादी के नाम पर अपने साथ ले जाने की कोशिश की। लेकिन लड़की अपना हाथ छुड़वा कर भाग गई।

जिसके बाद पीड़ित लड़की ने पुलिस को शिकायत दर्ज करवा दी। पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद आरोपी युवक और उसके दोस्त पर धारा 354डी के तहत थाना दाखा में मामला दर्ज कर लिया। आरोपियों की पहचान हरमिंदर सिंह उर्फ मिट्ठी व जसवीर सिंह निवासी जांगपुर के रूप में हुई है।

फिलहाल दोनों आरोपी युवक फरार है। जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। इस मामले से सबंधित जानकारी देते हुए थाना दाखा के एएसआई कुलदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित लड़की तजिंदर कौर निवासी जांगपुर ने पुलिस को दर्ज कार्रवाई शिकायत में बताया कि वह घरेलू कामकाज करती है। उसके गांव का रहना वाला आरोपी हरमिंदर सिंह पिछले 5-6 महीनों से उसे तंग परेशान कर रहा था। आते जाते समय उसके साथ छेडछाड़ करता था।

### बाइक से कर रहा था पीछा

जब वह दोपहर के समय किसी काम से मुल्लापुर में बाजार में गई। तो हरमिंदर सिंह अपने दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर उसका पीछा करने लगा। इसी दौरान जब वह पैदल बाजार जा रही थी। तो आरोपियों ने उसे बाजार में जबरदस्ती रोक लिया और उसके साथ छेडछाड़ करने लगे। जब उसने आरोपियों का विरोध करना शुरू किया। तो आरोपी हरमिंदर सिंह उसे कहने लगा कि वह उसके साथ चले वह उससे शादी करना चाहता है। किसी तरह उसने अपना हाथ छुड़वाया और मौके से भाग गई। इसी दौरान आरोपी भी मौके से फरार हो गए। जिसके बाद उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवा दी। पुलिस ने मामले की जांच करने के बाद आरोपियों पर थाना दाखा में केस दर्ज कर लिया।

# गैस फैक्ट्री के बारे में भी सरकार के पास नहीं कोई जानकारी

फैक्ट्री का निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने की मांग की, एसडीएम को बताया गया कि फैक्ट्री के सामने धरना लगातार जारी



अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल

**जगराओं, 3 मई।** जगराओं अखारा गांव के पास गैस फैक्ट्री के बारे में भी सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है कि इस फैक्ट्री का निर्माण शुरू करने से पहले उसने नियम-कायदों का पालन किया है या नहीं. इस बात का खुलासा शुक्रवार को यहां एसडीएम जगरानो से मिलने आए ग्रामीणों को सिविल अधिकारी ने किया। गांव के सरपंच के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपखण्ड अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में इस फैक्ट्री का निर्माण कार्य तत्काल रुकवाने की मांग की। एसडीएम को बताया गया कि फैक्ट्री के सामने धरना लगातार जारी रहेगा। ग्रामीणों ने मतदान तक विरोध न करने के पर्साशन के सुझाव को खारिज कर दिया। बाद में एसडीएम कार्यालय के बाहर रोभरपुर रैली की गई, जिसमें रिवोल्यूशनरी सेंटर पंजाब के नेता कंवलजीत खन्ना, डेमोक्रेटिक किसान सभा के नेता बलराज सिंह कोटौमरा, कीर्ति किसान यूनियन के नेता तेज सिंह अखाड़ा ने कहा हम फैक्ट्रियों के निर्माण के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन पर्यावरण को प्रदूषित करके लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत नहीं दी जा सकती। उन्होंने कहा कि लुधियाना सरकार मूकदर्शक बनी हुई है जबकि भुंदरी, मुशकाबाद, घुंघराली राजपूत, चाहल के लोग पहले से ही इन प्रदूषणकारी फैक्ट्रियों के खिलाफ लंबे समय से संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा सत्ताधारी दल को इस लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

# फाजिल्का में सरपंच का बेटा पुलिस हिरासत में, थाने पहुंची पूरी पंचायत

पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप; ट्रेन में मारपीट का मामला



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फाजिल्का, 3 मई।** फाजिल्का के गांव तेजा रुहेला से पुलिस ने शुक्रवार को सरपंच के लड़के को थाने में बिठा लिया है। आरोप लगाए जा रहे हैं कि पुलिस द्वारा उस पर कार्रवाई की जा रही है। जिसे लेकर सरपंच पंचायत लेकर थाने में पहुंच गया है। संरपंच द्वारा मामले की सुनवाई करने की मांग की जा रही है।

मामला ये है कि कुछ दिन पहले फाजिल्का से बठिंडा जा रहे कुछ नौजवानों के साथ ट्रेन में मारपीट करने के आरोप गांव तेजा रुहेला के सरपंच बग्गू सिंह के लड़के कर्म सिंह सहित, रवि सिंह और गुरप्रीत सिंह तीन नौजवानों पर लगे थे। इस घटना में जख्मी हुआ नौजवान सरकारी अस्पताल में दाखिल हुआ था।

जिस पर सदर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सरपंच के लड़के को उठा लिया है और मामले में कार्रवाई की जा रही है। सदर थाने पहुंचे सरपंच बग्गू सिंह का कहना है कि करीब 6 महीने पहले जब सरहदी इलाके में बाढ़ आई थी तो तब जख्मी हुए नौजवान संजीव सिंह ने उसके लड़के के साथ मारपीट कर लड़ाई की थी। उसी रंजिश के चलते फिर से लड़ाई हुई है। जिस मामले में पुलिस ने उसके लड़के कर्म सिंह को थाने में बिठा लिया है और कार्रवाई करने की बात की जा रही है।

### विधायक से फोन कराओ तो छोड़ देंगे

सरपंच के आरोप है कि पुलिस कहती है कि विधायक से फोन करवाओ तो लड़के को छोड़ देंगे। जबकि विधायक ने उसका फोन नहीं उठाया तो वह पंचायत सहित थाने आ गए हैं और खुद की सुनवाई करने की मांग कर रहे हैं। उधर सदर थाना के एसएचओ गुरमीत सिंह ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए दो टूक साफ कहा कि जख्मी हुए नौजवान के बयानों के आधार पर पुलिस द्वारा इस मामले में उचित कार्रवाई की जा रही है।

# ऑनलाइन चीटिंग के मामले में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** यूटी पुलिस ने अलग अलग दो मामलो मे ऑनलाइन चीटिंग और स्टडी वीजा के नाम पर चीटिंग करने के मामले मे आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।और पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक चण्डीगढ़ की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया की किसी अज्ञात ने 16,65,800 रूपए की ऑनलाइन चीटिंग की। जब पता चला तो जिसकी शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले मे कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जबकि दूसरे मामले में पंजाब के जिला कपूरथला के रहने वालें शिकायतकर्ता अमरीक सिंह ने पुलिस को बताया की कनाडा का स्टडी वीजा के नाम पर सैक्टर 17 स्थित एक कंपनी के आरोपी रविंद्र, मनप्रीत और अन्य ने 7,00,540 रूपए की चीटिंग की। ना तो शिकायतकर्ता और अन्य को कनाडा का स्टडी वीजा लगवाया।और ना ही उनके लिए गए लाखों रुपए वापस किए। बाद में पुलिस को शिकायत दी गई थी। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए उक्त आरोपियो के खिलाफ मामला दर्ज कर जॉच शुरू कर दी है।

# एएनटीएफ पुलिस ने विदेशी संचालित ड्रग सिंडिकेट का किया भंडाफोड़

दो आरोपी ड्रग सप्लायर गिरफ्तार, हेरोइन बरामद



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 3 मई।** यूटी के थाना एएनटीएफ पुलिस ने नार्को गैंगस्टर जसमीत उर्फ लक्की द्वारा विदेशी संचालित ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ कर दो आरोपी ड्रग सप्लायरो को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियो की पहचान पंजाब के जिला मानसा के रहने वालें पंकज कुमार और मोहाली के रहने वाले गगनदीप सिंह कंग के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में पकड़े गए आरोपी ड्रग सप्लायरो के कब्जे से 774 ग्राम हेरोइन बरामद की है। जानकारी के मुताबिक पता चला की चण्डीगढ़ पुलिस के एसपी क्राइम केतन बंसल के दिशा निर्देशों के चलते डीएसपी क्राइम उदयपाल सिंह की सुपरविजन में थाना एएनटीएफ के प्रभारी इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह की टीम पुलिस 29 अप्रैल को एरिया में पेट्रोलिंग कर रही थी। पैट्रोलिंग के दौरान जब पुलिस जीरी मंडी चोक रात करीब 10.38 मिनट पर पहुंची तो पुलिस पार्टी की मदद से आरोपी पंकज कुमार को पकड़ा गया और उसके कब्जे से 754 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। इस संबंध में उसके खिलाफ 30 अप्रैल को एएनटीएफ थाना में मामला दर्ज किया। आगे की जांच के दौरान उसने खुलासा किया कि वह एयरोसिटी मोहाली निवासी गगनदीप के निर्देश पर अवैध ड्रग हेरोइन बेचने का कारोबार चला रहा था। इस सूचना पर पुलिस पार्टी ने छापा मारा और मुख्य ड्रग तस्कर गगनदीप सिंह कंग एयरपोर्ट रोड मोहाली पंजाब को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी पंकज पेट्रोलियम में बीटेक है। उसे पहले भी हेरोइन (कमर्शियल क्वांटिटी) के एक मामले में बठिंडा पुलिस ने 2019 में गिरफ्तार किया था। चण्डीगढ़ पुलिस ने 2021 में गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ पंजाब के जिला बठिंडा और थाना 17 चण्डीगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज पाए गए।आरोपी पंकज से पुलिस ने 754 ग्राम हेरोइन बरामद की।

### आरोपी मेन ड्रग तस्कर गनदीप सिंह का प्रोफाइल

पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी तस्कर ने पंजाब विश्वविद्यालय से इतिहास में मास्टर्स पास आउट था।और उसे पहले पंचकूला पुलिस, चंडीगढ़ पुलिस और तीन बार सिरसा (हरियाणा) पुलिस ने गिरफ्तार किया था। चण्डीगढ़ और हरियाणा के सिरसा में एनडीपीएस एक्ट के मामले दर्ज पाए गए।

**बरामदगी** : 20 ओरम हेरोइन, वर्ना कार, वजन तौलने की मशीन और जांच और पूछताछ के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वे नार्को गैंगस्टर जसमीत के संपर्क में आए थे। जो यूएसए में रहता है।जसमीत ने सिग्नल एप्लीकेशन के माध्यम से उनसे संपर्क किया। कार्यप्रणाली- पकड़े गए आरोपी पंकज कुमार और गगनदीप सिंह व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया ऐप पर अंतरराष्ट्रीय वर्चुअल नंबरों का इस्तेमाल कर अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय कॉल करते थे। और अपना ड्रग कारोबार चलाते थे। पकड़े गए दोनो आरोपी तस्करों को पुलिस ने जिला अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपियो को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस मामले को लेकर और भी कई अहम जानकारियां हासिल करेगी।

# श्रीराम जी की कथा का रसपान करके हम जीवन में आने वाले कष्टों को कर सकते हैं दूर



हम हमारे छोटे से जीवन में, कैसे आने वाले कष्टों से बच पायें, कैसे उनका निवारण कर पायें, निश्चित ही इसका उपाय श्रीराम जी की कथा का रसपान करना ही है। कारण कि वैसे तो कर्मों के प्रभाव से बचना असंभव है, लेकिन अगर श्रीराम जी की कथा का अभेद्य कवच हमें मिल जाये, तो उसे काल द्वारा भेदना भी सर्वदा असंभव है।

श्रीसती जी को भी अपने जीवन में यह पावन अवसर प्राप्त हुआ था, कि वे श्रीराम जी की पुनीत कथा का रसपान करती। किंतु कुबुद्धि के दुष्प्रभाव में आकर, वे इस सुअवसर से वंचित रह जाती हैं। जिसका परिणाम यह होता है, वे श्रीसती जी, जिन्होंने भगवान शंकर जी को पति रुप में वरण करने के लिए, अपने समस्त सुखों व रिश्तों की तिलांजलि दी, आज उन्हीं, भगवान शंकर जी की बात पर उन्हें शंका हो रही है। कारण कि जब श्रीसती जी ने, भगवान शंकर जी को देखा, कि वे दोनों हाथ जोड़ कर, श्रीराम जी को प्रणाम कर रहे हैं, तो श्रीसती जी के मन में अनेकों प्रश्नों ने जन्म ले लिआ। वे देख रही हैं, कि शंकर भगवान ने वनवासी श्रीराम जी के दर्शन क्या किए, वे तो प्रेम भाव से बाहर ही नहीं निकल पा रहे हैं। कारण कि शंकर भगवान श्रीराम जी को प्रणाम कर वहाँ रुके नहीं, अपितु आगे बढ़ गये। पूरे रास्ते भगवान शंकर, श्रीराम जी की दिव्य लीलायों का ही गान कर रहे हैं-

'जय सच्चिदानंद जग पावन।
अस कहि चलेउ मनोज नसावन।।
चले जात सिव सती समेता।
पुनि पुनि पुलकत कृपानिकेता।।'

श्रीसती जी आश्चर्यचकित हैं, कि शंकर भगवान ने एक राजपुत्र को 'सच्चिदानंद' कहकर प्रणाम क्यों किया? वे तो एक वनवासी हैं। जो कि अपनी पत्नी के वियोग में व्याकुल होकर वन में यहाँ-वहाँ भटक रहे हैं। पूरी दुनिया शंकर जी को पूजती है। लेकिन वे ही किसी को पूजने लगें, और वह भी एक राजा के पुत्र को, तो यह बात मेरे गले नहीं उतरती-

'बिष्नु जो सुर हित नरतनु धारी।
सोउ सर्बग्य जथा त्रिपुरारी।।
खोजइ सो कि अग्य इव नारी।
ग्यानधाम श्रीपति असुरारी।।'

श्रीसती जी सोच में पड़ी हैं, कि अगर श्रीराम जी विष्णु जी के अवतार हैं, तो स्वाभाविक है, कि वे भी भगवान शंकर जी की भाँति ही सर्वज्ञ होंगे। उनसे भला संसार में क्या छुपा होगा? वे तो कण-कण की चाल से अवगत होंगे। फिर वे ज्ञान के भण्डार, लक्ष्मीपति और असुरों के शत्रु भगवान विष्णु, क्या ऐसे अज्ञानीयों की भाँति अपनी स्त्री को खोजेंगे?

श्रीसती जी सोचती हैं, कि जो ब्रह्म काल से परे है। जिसे सरीर की परिधि में बाँधा नहीं जा सकता। जो सकल ब्रह्माण्ड में व्याप्त है। जो किसी से भी अभेद है। क्या वो ऐसे नर बन कर संसार की पीड़ायों को सहन करेगा? निश्चित ही ऐसा संभव नहीं है।

लेकिन फिर ऐसा भी कैसे हो सकता है, कि भगवान शंकर के वचन असत्स सिद्ध हो सकें? कारण कि भगवान शंकर द्वारा 'जय सच्चिदानंद' का घोष करना, अपने आप में प्रमाण है, कि वे वनवासी कोई मानव नहीं, अपितु साक्षात भगवान हैं।

सज्जनों! ऐसे में श्रीसती जी को निश्चित ही ऐसा करना चाहिए था, कि वे भोलेनाथ जी के चरणों में गिर कर क्षमा याचना करती। विनयपूर्वक कहती, कि हे प्रभु मेरी सोच व चिंतन आपके दिव्य भावों से अलग चल रहे हैं। मैं वैसा सोच व देख ही नहीं पा रही, जो कि आप देख पा रहे हैं। निश्चित ही यह मेरी कमी है। मुझमें ऐसा अवगुण कैसे प्रवेश कर गया, मुझे समझ ही नहीं आ रहा? अब तो आप ही मुझे इस भँवर से निकालो। मैं तो बस आपकी शरणागत हुँ।

# वरुथिनी एकादशी आज, करें श्री हरि विष्णु के साथ देवी तुलसी की पूजा, होगा फायदा



एकादशी तिथि को बेहद शुभ माना गया है। इस दिन सृष्टि के पालनहार भगवान श्री हरि विष्णु की पूजा होती है। वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी को वरुथिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि यह श्री हरि को बेहद प्रिय है। इस साल यह तिथि 04 मई को पड़ रही है। इसके अलावा इस पुण्यदायी मां तुलसी की पूजा का भी खास महत्व है,

**।।तुलसी कवच।।**

मन ईप्सितकामनासिद्धयर्थं जपे विनियोगः।
तुलसी श्रीमहादेवि नमः पंकजधारिणी ।
शिरो मे तुलसी पातु भालं पातु यशस्विनी ।।
दृशौ मे पद्मनयना श्रीसखी श्रवणे मम ।
घ्राणं पातु सुगंधा मे मुखं च सुमुखी मम ।।
जिव्हां मे पातु शुभदा कंठं विद्यामयी मम ।
स्कंधौ कह्वारिणी पातु हृदयं विष्णुवल्लभा।।
पुण्यदा मे पातु मध्यं नाभि सौभाग्यदायिनी ।
कटिं कुंडलिनी पातु ऊरू नारदवंदिता।।
जननी जानुनी पातु जंघे सकलवंदिता।
नारायणप्रिया पादौ सर्वांगं सर्वरक्षिणी ।।
संकटे विषमे दुर्गे भये वादे महाहवे ।
नित्यं हि संध्ययोः पातु तुलसी सर्वतः सदा ।।
इतीदं परमं गुह्यं तुलस्याः कवचामृतम् ।
मर्त्यानाममृतार्थाय भीतानामभयाय च।।
मोक्षाय च मुमुक्षूणां ध्यायिनां ध्यानयोगकृत् ।
वशाय वश्यकामानां विद्यायै वेदवादिनाम् ।।
द्रविणाय दरिद्राण पापिनां पापशांतये ।।
अन्नाय क्षुधितानां च स्वर्गाय स्वर्गमिच्छताम् ।
पशव्यं पशुकामानां पुत्रदं पुत्रकांक्षिणाम्।।
राज्यायभ्रष्टराज्यानामशांतानां च शांतये।
भक्त्यर्थं विष्णुभक्तानां विष्णौ सर्वांतरात्मनि ।।
जाप्यं त्रिवर्गसिध्यर्थं गृहस्थेन विशेषतः।
उद्यन्तं चण्डकिरणमुपस्थाय कृतांजलिः।।
तुलसीकानने तिष्ठन्नासीनौ वा जपेदिदम्।
सर्वान्कामानवाप्नोति तथैव मम संनिधिम् ।।
मम प्रियकरं नित्यं हरिभक्तिविवर्धनम् ।
या स्यान्मृतप्रजा नारी तस्या अंगं प्रमार्जयेत् ।।
सा पुत्रं लभते दीर्घजीविनं चाप्यरोगिणम् ।
वंध्याया मार्जयेदंगं कुशैर्मंत्रेण साधकः ।।
सासपिसंवत्सरादेव गर्भं धत्ते मनोहरम् ।
अश्वत्थेराजवश्यार्थी जपेदग्नेः सुरुपभाक ।।
पलाशमूले विद्यार्थी तेजोर्थ्यभिमुखो रवेः ।
कन्यार्थी चंडिकागेहे शत्रुहत्यै गृहे मम ।।
श्रीकामो विष्णुगेहे च उद्याने स्त्री वशा भवेत्।
किमत्र बहुनोक्तेन शृणु सैन्येश तत्त्वतः ।।
यं यं काममभिध्यायेत्त तं प्राप्नोत्यसंशयम् ।
मम गेहगतस्त्वं तु तारकस्य वधेच्छया ।।
जपन् स्तोत्रं च कवचं तुलसीगतमानसः ।
मण्डलात्तारकं हंता भविष्यसि न संशयः ।।

# 25 को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को किया जा रहा है मतदान करने के लिए प्रेरित: डॉ. मनोज कुमार

जिला में जगह-जगह लगी प्रचार सामग्री मतदाताओं को बढ़चढ़कर मतदान करने दे रही संदेश

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा सहित जिला प्रशासन मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने और अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने में अहम भूमिका निभा रहा है। जिला में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर स्वीप अभियान के तहत मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, ताकि जिला में इस बार मतदाता प्रतिशतता को बढ़ाया जा सके। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से हरियाणा राज्य परिवहन की बसें न केवल हरियाणा राज्य बल्कि देश के अन्य राज्यों के मतदाताओं को भी जागरूक करने में मददगार बन रही हैं। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा हरियाणा राज्य परिवहन की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री लगाई गई है जो मतदाताओं का ध्यान सहज ही अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं और मतदाताओं को 25 मई मतदान के दिन बढ़चढ़ कर मतदान करने का आह्वान कर रही हैं। इसके अलावा जिला में जगह-जगह लगी मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, सेल्फी प्वाइंट, स्टैंडी, बैनर, होर्डिंग्स आदि मतदाताओं को बढ़चढ?र मतदान करने के लिए प्रेरित व जागरूक कर रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला के विभिन्न बस स्टैंड से विभिन्न रूटों पर चलने वाली हरियाणा रोडवेज की बसों के जरिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है, जिसके लिए भारत निर्वाचन आयोग व हरियाणा मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से हरियाणा रोडवेज की बसों पर मतदाता जागरूकता प्रचार सामग्री, बैनर व पोस्टर चस्पा करवाए गए हैं। इन पोस्टरों में आम जनता से 'छुट्टी का दिन समझकर घर पर आराम न फरमाइए-मतदान केंद्र पर मतदान करने आइए', 'लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर- उंगली पर नीली लकीर ' जैसे जागरूकता स्लोगन व टैगलाइन के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की जा रही है।

# हमारे पास भी प्रेम का गीत हो

कहीं न कहीं यह अज्ञानता ही काम कर रही है, यह मनमत ही काम कर रही है जिसके कारण इन्सान दूसरे को रुला कर खुशी महसूस कर रहा है, दूसरे को उजाड़ कर अपनी बस्तियां आबाद कर रहा है। दूसरों की लाशों पर अपनी रोटियां सेंक रहा है। यह इन्सान की वहशियाना चाल है। दूसरी तरफ दावेकि हम 21वीं सदी में आ गए हैं, इतनी हमने तरक्कियां कर ली हैं। एक कवि ने एक सुन्दर पंक्ति लिखी कि-

आज जितने भी अत्याचार है,
ये सभ्य आदमी के आविष्कार हैं।

कि जितने भी अत्याचार हैं ये सभ्य आदमी की खोज है। ये जो सभ्य मान बैठा है, बहुत प्रगतिशील अपने आपको मान बैठा है इसने कितने आविष्कार कर डाले हैं जुल्म-ओ-सितम के, मारने-काटने के। जमीन क्या, आसमान क्या सब जगह मौत के सामान इस्तेमाल किए जाते हैं; तो क्या यही सभ्यता है, क्या सही सभ्य आदमी के आविष्कार हैं?

Such are the creations of this man who is in darkness. This progress is no progress. Is it a progress that a cannibal uses a fork and not eating with his hands? He is using a fork. Should it mean that he is a very progressive creature? No, this is no progress.



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

(अर्थात् अन्धकार में रह रहे इन्सानों के ही ये कार्य हैं। यह विकास विकास नहीं है। यह वैसा ही विकास हे कि एक नरभक्षी, खाने के लिए हाथ का नहीं बल्कि छूरी-कांटे का प्रयोग कर रहा है। वह छूरी-काटे का प्रयोग कर रहा है तो क्या इसके कारण उसे बहुत प्रगतिशील प्राणी कहा जा सकता है? कदापि नहीं।)

कहने का भाव है कि महापुरुषों, भक्तों, सन्तों ने युगों-युगों से जो रीत सिखाई है वही हमने अपनाना है,उसी रास्ते, उसी डगर पर चलना है और इस तरह से हमने ऐसी मधुरता चारों तरफ स्थपित करनी है, ऐसी महक चारों तरफ स्थापित करनी है, ऐसी तरंगे प्यार की गंजित हो जायें चारो तरफ, प्यार के ही नगमें हों, प्यार के ही तराने हों, एक दूसरे को प्यार देते चले जाएं।

## पंचांग

शनिवार, 4 मई, 2024, सूर्योदयः 05:38 ए एम, सूर्यास्तः 06:58 पी एम, चन्द्रोदयः 03:35 ए एम, मई 05, चन्द्रास्तः 02:58 पी एम, शक सम्वतः 1946 क्रोधी, विक्रम सम्वतः 2081 पिङ्गल, गुजराती सम्वतः 2080 राक्षस, अमान्त महीनाः चैत्र, पूर्णिमान्त महीनाः वैशाख, वारः शनिवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः एकादशी - 08:38 पी एम तक, नक्षत्रः पूर्व भाद्रपद - 10:07 पी एम तक, योगः इन्द्र - 11:04 ए एम तक, करणः बव - 10:03 ए एम तक, द्वितीय करणः बालव - 08:38 पी एम तक, सूर्य राशिः मेष, चन्द्र राशिः कुम्भ - 04:38 पी एम तक, राहुकालः 08:58 ए एम से 10:38 ए एम, गुलिक कालः 05:38 ए एम से 07:18 ए एम, यमगण्डः 01:58 पी एम से 03:38 पी एम, अभिजित मुहूर्तः 11:51 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 05:38 ए एम से 06:31 ए एम, दुर्मुहूर्तः 06:31 ए एम से 07:24 ए एम अमृत कालः 02:47 पी एम से 04:15 पी एम, वर्ज्यः 05:58 ए एम से 07:26 ए एम।

## भविष्य फल



**मेषः** नए कामों में लग जाएं और खाली बैठने से बचें। नई शुरुआत के लिए आपको थोड़ी ज्यादा मेहनत करनी पड़ सकती है।
**वृषः** आज नौकरीपेशा लोगों को काम में सफलता हासिल होगी। व्यापारियों को आय के नए स्रोत मिलेंगे।
**मिथुनः** बिजनेस और नौकरी में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यस्थल पर सोच-समझकर बोलें।
**कर्कः** आज लोगों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। घर में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है।
**सिंहः** वित्तीय रूप से यह अच्छा दिन नहीं है। बेतरतीब निवेश समस्याएं पैदा कर सकता है। किसी जानकार से सलाह लेना बेहतर रहेगा।
**कन्याः** आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपको सरकारी कामों में किसी बड़े व्यक्ति की मदद मिल सकती है।
**तुलाः** कर्ज से छुटकारा मिल सकता है। अपने काम पर पूरी नजरे रखें।
**वृश्चिकः** आज आपकी बातचीत और व्यवहार से किसी को कोई भ्रम न हो इसका ध्यान रखना होगा। प्रसन्नता रहेगी।
**धनुः** आप दूसरों पर अपने शब्दों से प्रभाव डालेंगे लेकिन आपकी सेहत आपको सहयोग नहीं करेगी। मौसमी बीमारियां परेशान कर सकती हैं।
**मकरः** आज आपको कुछ कामों में सफलता मिल सकती है, लेकिन आपको अजनबी लोगों पर भरोसा करने से बचना चाहिए।
**कुंभः** बिजनेस में आत्मनिर्भरता रहेगी। नए लोगों से कॉन्टैक्ट बनेंगे। कामकाज बढ़ेगा।
**मीनः** सामान्य रूप से आज स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और बीमार व्यक्ति की तबीयत में सुधार होगा। व्यापार के नए अनुबंध हो सकते हैं।

**पंडित शशि पाल डोगरा वशिष्ठ ज्योतिष सदन शिमला।**

# विश्व हिन्दू तख्त व ब्राह्मण महापंचायत आज करेगी फैंसला हरियाणा में किसे देना है समर्थन: वीरेश शांडिल्य

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



**सोनीपत।** विश्व हिन्दू तख्त के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख एवं ब्राह्मण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य आज सोनीपत में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आज सोनीपत में विश्व हिन्दू तख्त व ब्राह्मण महापंचायत व एंटी टेररिस्ट फ्रंट इंडिया तीनों संगठनों की बैठक बुलाई है जिसमे फैंसला लिया जाएगा कि हरियाणा की 10 सीटें एवं चंडीगढ़ की एक सीट पर किसे समर्थन दिया जाएं।

विश्व हिन्दू तख्त के अंतरराष्ट्रीय प्रमुख एवं ब्राह्मण महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उनके तीनों संगठन सनातन को मजबूत करने, देश से आतंकवाद करने व ब्राह्मण समाज के मजबूत करने की मुहिम छेड़े हुए है और आज सोनीपत में होने वाली बैठक में सभी पदाधिकारियों व सदस्यों से विचार कर लोकसभा में किसे समर्थन करना है इस पर फैंसला लिया जाएगा। शांडिल्य ने कहा उनके संगठन गैर राजनीतिक है पर यह लोकतंत्र का महापर्व है। जहां उत्तराखंड , बिहार ,दिल्ली, उत्तर प्रदेश में उनके संगठन काम कर रहे है और उनके संगठनों का राष्ट्र के प्रति दायित्व है कि वह अपने संगठन के लोगों को उस पार्टी को वोट देने के लिए कहेंगे जो सरकार हर सर को छत, हर पेट को रोटी, पूरे प्रदेश के कर जिला में जाकर व चंडीगढ़ में जाकर लोगों को बताया जाएगा। किस पार्टी का हम समर्थन करेंगे उसकी घोषणा आज कर दी जायेगी। वीरेश शांडिल्य ने कहा 100 करोड़ सनातनियों को भी इस पर विचार करना चाहिए कि कहां वोट करना है।

# अवैध शराब रखने का आरोपी गिरफ्तार, 4 पेटी शराब देशी बरामद

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस ने अवैध शराब रखने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना बाबैन की टीम ने अवैध शराब रखने के आरोप में अनिल कुमार पुत्र सिया राम वासी बसावा जिला आयोध्य यूपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से अलग-अलग मार्का की 4 पेटी ठेका शराब देशी बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 2 मई को थाना बाबैन के सहायक उप निरीक्षक लछमन सिंह व मुख्य सिपाही रविन्द्र कुमार की टीम थाना बाबैन एरिया में गस्त पर थी। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अनिल कुमार पुत्र सिया राम वासी बसावा जिला आयोध्य यूपी को बस अड्डा बीड कालवा से अवैध शराब बेचने के आरोप में काबू किया। आरोपी से अलग अलग मार्का की 4 पेटी ठेका शराब देशी बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना बाबैन में हरियाणा आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# चुनाव आयोग का उद्देश्य उम्मीदवारों के प्रचार व्यय पर नजर रखना है : डॉ. मनोज कुमार

10 लाख से अधिक नकदी पाए जाने पर किया जाएगा आयकर प्राधिकरण को सूचित

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** लोकसभा 2024 के आम चुनावों के मद्देनजर जिलाधीश डॉ. मनोज कुमार दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 22(1) और 23(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए व्यय निगरानी और आदर्श आचार संहिता के लिए भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी निर्देशों की सख्ती से अनुपालना हेतु अधिकारियों, कर्मचारियों की टीम का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि व्यय निगरानी के लिए एमडी चीनी मिल संजय कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। वहीं जिला सोनीपत के व्यय निगरानी के प्रभारी अधिकारी के तौर पर डीईटीसी (जीएसटी) नील रतन को नियुक्त किया गया है। उन्होंने सोनीपत की प्रत्येक छह विधानसभा क्षेत्र के लिए सहायक व्यय पर्यवेक्षक (एईओ) को नियुक्त किया है जिसमें 28-गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के लिए अम्बेडकर लॉ विश्वविद्यालय से एसएओ दलपत सिंह, 29-राई विधानसभा क्षेत्र के लिए बीपीएसएमवी खानपुर से सहायक



रजिस्ट्रार महिपाल, 30-खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के लिए एमएनएसएस राई से एओ पवन कुमार, 31-सोनीपत विधानसभा क्षेत्र के लिए सीईओ जिला परिषद सोनीपत से एओ विनोद कुमार जैन, 32-गोहाना विधानसभा क्षेत्र के लिए दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल से एओ जुगल किशोर तथा हरियाणा रोडवेज सोनीपत से एओ रमेश वर्मा को नियुक्त किया है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के प्रयासों का उद्देश्य उम्मीदवारों द्वारा प्रचार व्यय पर नजर रखना है, जो बड़े राज्यों में प्रति निर्वाचन क्षेत्र 95 लाख रुपये और छोटे राज्यों में प्रति निर्वाचन क्षेत्र 75 लाख रुपये है। उन्होंने कहा कि निगरानी टीमों द्वारा नियंत्रित चेक-पोस्टों पर, चुनाव आयोग यह स्पष्ट करता है कि यदि किसी वाहन में 10 लाख रुपये से अधिक की नकदी पाई जाती है, और किसी भी अपराध के कमीशन या किसी भी उम्मीदवार, एजेंट या पार्टी से जुड़े होने का कोई संदेह नहीं है तो निगरानी टीम नकदी जब्त नहीं करेगा, और आयकर कानूनों के तहत आवश्यक कार्रवाई के लिए, आयकर प्राधिकरण को जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि सोनीपत लोकसभा क्षेत्र में यदि निगरानी कमेटी द्वारा किसी के पास से कोई नकदी जब्त की जाती है तो उसकी सुनवाई के लिए ट्रेजरी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। इसके अलावा जब्त की गई नकदी की सुनवाई जिला परिषद कार्यालय में निगरानी कमेटी के समक्ष की जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनता और वास्तविक व्यक्तियों को असुविधा से बचाने के लिए एक जिला-स्तरीय समिति शिकायतों पर गौर करेगी। समिति, जिसमें व्यय निगरानी के लिए जिला चुनाव कार्यालय के नोडल अधिकारी और जिला कोषालय अधिकारी शामिल हैं, जब्ती के प्रत्येक मामले की स्वत~ जांच करेगी जहां कोई एफआईआर, शिकायत दर्ज नहीं की गई है, या जहां जब्ती किसी भी उम्मीदवार, राजनीतिक से जुड़ी नहीं है। इसके अलावा, चुनाव आयोग द्वारा दिए गए एसओपी के अनुसार, जब्त की गई किसी भी नकदी को वापस करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएंगे।

# कांग्रेस की लूट को कभी भूल नहीं सकती प्रदेश की जनता: रविन्द्र सांगवान

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान ने कहा कि जिस तरह से दस साल तक कांग्रेस शासनकाल के दौरान लूट मचाई गई थी, उसे प्रदेश की जनता कभी भूल नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल के दौरान हर रोज एक नया घोटाला होता था। पूर्व सीएम हुड्डा ने चौधर के नाम पर ग्रामीणों के साथ एक तरह धोखा किया और भाई भतीजावाद को बढ़ावा दिया। साथ भी जजपा प्रत्याशी ने भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा पर भी निशाना साधा और कहा कि आखिर पांच साल तक भाजपा प्रत्याशी कहां थे और अब चुनाव आए तो एक बार फिर से वह वोट मांगने के लिए लोगों के बीच जा रहे है, जोकि शर्म की बात है। जजपा प्रत्याशी रविन्द्र सांगवान ने शुक्रवार को महम विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में जनसम्पर्क अभियान चलाया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा जजपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया गया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए रविन्द्र सांगवान ने कहा कि दस साल तक पूर्व सीएम हुड्डा ने क्षेत्र के लोगों की अनदेखी की और खर्ची पर्ची पर ध्यान रखा। साथ ही परिवारवाद के बढावे के साथ साथ किसानों की जमीनों को कोडियों के भाव खरीद कर पूंजीपति घरानों को सौंपी और आज वे लोग किसान हितेषी होने का ढोंग कर रहे है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। एक दौर ऐसा भी था जब किसानों के साथ कांग्रेस शासनकाल के दौरान मुआवजे के नाम पर भद्दा मजाक किया गया।

# सस्टेनेबिलिटी व टेक्नोलॉजी से ही उद्योगों की उन्नाति सम्भव: राजेश जैन

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल



**रोहतक।** सेमिनार में पहुंचे 100 देशी-वदेशी कंपनियों के अधिकारी एल पी एस बोसार्ड एवं स्विस इंडियन चैंम्बर ऑफ कॉमर्स ने बंगलौर स्थित एक निजी होटल में सस्टेनेबिलिटी और टेक्नोलॉजी इनोवेशन समिट का आयोजन किया गया। इस समिट में 100 देशी-विदेशी कंपनियों के अधिकारियों व् शीर्ष प्रबंधन ने शिरकत की। एल पी एस बोसार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजेश जैन ने जोरदार सम्बोधन के साथ अपना वक्तय रखा उन्होंने कहा की आज कोई भी उद्योग बिना सस्टेनेबिलिटी और टेक्नोलॉजी इनोवेशन के आगे नहीं बढ़ सकता। सस्टेनेबिलिटी आज के समय की मांग है, हमे अपने उद्योगों में कार्बन फूटप्रिंट्स, एनर्जी कॉन्सरवेशन, पर्यावरण, पानी की बचत इन सब बातों का ध्यान रखना होगा और वह सब कदम उठाने होंगे जिससे हम अपनी संस्थानों को और अधिक सस्टेनेबल बना सके।

सेमिनार में उपस्तिथ जेन्स ब्रून्सच्विंग, सीईओ काउंसल जनरल ऑफ स्विस्सनेक्स इन इंडिया व् जोसफ मार्टिन चैहूर फ्रांसिस , डायरेक्टर , पी डब्लू सी इंडिया सभी अधिकारीयों ने राजेश जैन के सबोधन पर खड़े होकर तालियां बजाई व् उनकी प्रशंशा की। एल पी एस बोसार्ड के वाईस प्रेस्डैंट-सेल्स एंड मार्केटिंग विनीत तलवार ने इंडस्ट्री 4 .0 पर आधारित एल पी एस बोसार्डस्मार्ट फैक्ट्री लोजिस्टिक्स सिस्टम व् अन्य प्रोडक्ट्स व् सर्विस की जानकारी दी। इस अवसर पर वी. साईराम , विक्रम जैन, मनोज कुमार, अनूप. कंचन, हिमांशु डेम्ब्ला, सोभित, विनय व उधोग जगत के प्रमुख व्यक्ति उपस्तिथ रहे।

# 43 से उल्टा 34 पर पहुंच गए सुक्खु : राकेश

कहा : कांग्रेस का काउंटडाउन शुरू

राज्यसभा चुनावों में दिखाया ट्रेलर, 4 जून को पूरी फिल्म दिखाएंगे

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** सुक्खु जी 43 से उल्टा 34 पर पहुँच गए है । कांग्रेस का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। राज्यसभा चुनावों में कांग्रेस ने ट्रेलर देखा है,उस हार को वे पचा नहीं पा रहे और बौखलाहट में बेसिर पैर की बयानबाजी कर रहे है। 4जून को जब पूरी फिल्म सामने आएगी तो कांग्रेस के छक्के छूट जायेंगे। मुख्यमंत्री सुक्खु के ब्यान जयराम ठाकुर फ्लॉप डायरेक्टर पर पलटवार करते हुए मुख्य प्रवक्ता व विधायक राकेश जमवाल ने तीखी टिप्पणी



करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खु की हालत आज ऐसी हो गई है जैसी 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे' और यह क्रमअभी रुकने वाला नहीं है । कांग्रेस को चुनावों से पहले ही पता चल गया है कि वे हारने वाले है इसलिए उनके नेता जनसभाओं में मतदाताओं को माता चिंतपूर्णी की कसम देते नजर आ रहे है जोकि चुनाव नियमों की अवहेलना है। राकेश जमवाल ने कहा आज यहाँ के प्रत्याशी विक्रमादित्य यह प्रचार कर रहे है कि सलापड़ - तातापानी सडक का दौरा करने मात्र से सडक बन गई परंतु में में बता देना चाहता हूं कि इस सडक के लिए 219 करोड़ की राशि प्रधानमंत्री मोदी से लेकर आया और सडक का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा कि आज वे किस मुँह से इस क्षेत्र में वोट मांगने आ रहे जबकि उनकी सरकार ने आते ही इस क्षेत्र के विकास को ग्रहण लगाने का कार्य किया है।

राकेश जमवाल ने विक्रमादित्य को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें चर्चा में बने रहना पसंद है बाकि ज़मीनी हकीकत से उनका दूर दूर तक कोई वास्ता नहीं। भाजपा प्रत्याशी को डिबेट पर बुलाने का जो स्टंट खेल रहे उनको सिर्फ इतना ही कहना चाहता हूं आप अपना आईक्यू भी चेक करवा ले कि आप में कितनी सूझबूझ है। अपने फेसबुक पोस्ट पर नेताजी कहते हैं कि 8 फरवरी को सालापड़ -तातापानी सड़क जोड़ने के निर्देश दिए और 30 जनवरी को विभाग ने वह कार्य पूरा भी कर दिया इसके लिए वो बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा इसलिए मेरा उनको यही मशवरा है कि खुद को ज्यादा ज्ञानी साबित करने के चक्कर में अपनी फजीहत से बचें।

# रात्रि चेकिंग के दौरान अवैध शराब की पेटियां पकड़ी गई

अर्थ प्रकाश /सुनील दत्त

**परमाणु।** पुलिस द्वारा नशे के सामान की सप्लाई करने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है । इसी क्रम में दिनांक 02-05-2024 को थाना परवाणु की एक टीम जब गश्त व यातायात चैकिंग के लिये टी0टी0आर0 चौक परवाणु में मौजुद थी तो इसी दौरान समय करीब 10 बजे रात सोलन की तरफ से एक गाड़ी बोलेरो कैम्पर आई, जिसे पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के लिये रोका गया । गाड़ी में सवार चालक ने पुछने पर अपना नाम व पता देसराज पुत्र प्रेमलाल निवासी गांव व डाकघर जयनगर तहसील अर्की जिला सोलन बतलाया । गाड़ी उपरोक्त को चैक करने पर इसमें 22 पेटियाँ बीयर (320 बोतलें/टिन) व 12 पेटियाँ अंग्रेजी शराब (132 बोतलें) कुल 34 पेटियां(452 बोतले) ब्रामद हुई, जो सारी शराब/बीयर फॉर सेल इन हिमाचल प्रदेश पाई गई । परन्तु उपरोक्त शराब को गाड़ी में परिवहन करने व रखने के बारे में चालक देसराज कोई भी लाईसैन्स/अनुमति पत्र/परमिट पेश पुलिस न कर सका, जिस पर थाना परवाणु में उपरोक्त चालक के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग दिनाँक 03-05-2024 को पंजीकृत किया गया है तथा उपरोक्त वाहन को भी जब्त कर लिया गया है । इसके अतिरिक्त इसी दौरान पुलिस टीम द्वारा एक अन्य गाडी जो भी धर्मपुर की तरफ से आ रही थी, को भी उसी समय चैकिंग के लिये रोका गया ।


इस गाड़ी में भी शराब लोड़ होनी पाई गई, परन्तु चैक करने पर इस गाड़ी में सारी देसी शराब कुल 147 पेटियाँ वैध/परमिटशुद्धा पाई गई जिसकी पड़ताल/तस्दीक मौका पर आबकारी विभाग के अधिकारियों ने भी की । आरोपी देसराज उपरोक्त के पुर्व अपराधिक रिकार्ड की पड़ताल का जा रही है ।इस गाड़ी को भी ज़ब्त कर लिया गया है।

# पवन चोहान की पुस्तक 'हिमाचल का बाल साहित्य' पढेंगे, प्रदेश के स्कूली के बच्चे

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** युवा साहित्यकार पवन चौहान की हिमाचल का बाल साहित्य पुस्तक प्रदेश के सभी मिडल स्कूलों के बच्चों द्वारा पढ़ी जाएगी। समग्र शिक्षा के अंतर्गत पवन चौहान की पुस्तक हिमाचल का बाल साहित्य हिमाचल के लगभग 1900 मिडिल स्कूलों के पुस्तकालयों में पहुंच रही है। इस योजना के तहत देश और प्रदेश के अन्य साहित्यकारों की पुस्तकें भी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक, राजकीय उच्च, मिडिल व प्राइमरी विद्यालयों में अपने-अपने स्तर पर पहुंचेगी।

पवन की यह पुस्तक हिमाचल के बाल साहित्य पर लिखी हिमाचल की पहली पुस्तक है। यह पुस्तक देश के जाने-माने प्रकाशन डायमंड पॉकेट बुक्सए नई दिल्ली से प्रकाशित हुई है। इस पुस्तक में हिमाचल के सभी बाल साहित्यकारों के जीवन परिचय के साथ उनकी रचनाएं भी शामिल की गई हैं। पुस्तक के



शुरूआती पृष्ठों में हिमाचल के बाल साहित्य के इतिहास पर पवन ने बहुत गहराई से पड़ताल की है। पवन चौहान कहते हैं कि हिमाचल के विद्यालयों में इस पुस्तक के पहुंचने से वे बहुत खुश हैं। इस पुस्तक के माध्यम से बच्चे और बड़े हिमाचल के बाल साहित्य और साहित्यकारों के बारे में जानेंगे। उल्लेखनीय है कि पवन चौहान देश के प्रसिद्ध बाल साहित्यकार हैं। इनकी रचनाएं हिमाचल व महाराष्ट्र राज्यों के पाठ्यक्रम के साथ अन्य पाठ्यक्रमों यथा सी.बी.एस.इ.ए आई.सी.एस.ई. और लीड के अंतर्गत देशभर में बच्चे पढ़ रहे हैं। यही नहीं महात्मा गांधी विश्वविद्यालय कोट्टयम, केरल के बी.कॉम. तथा राष्ट्र संत तुकाड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालयए नागपुर के बी.ए. पाठ्यक्रम में विद्यार्थी इनका यात्रा संस्मरण पढ़ रहे हैं।

इसके अलावाए इनकी बाल कहानी की पुस्तक भोलू भालू सुधर गया पर केंद्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला से लघु शोध भी हुआ है। इनकी अब तक आठ पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जिसमें एक कविता, एक कहानी, चार बाल कहानी, एक बाल साहित्य, एक धरोहर संरक्षण पुस्तक शामिल है। अभी हाल ही में इनकी बाल कहानी अनोखा बंधन चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट दिल्ली से पुरस्कृत हुई है। इनकी कविता फेगड़े का पेड़ को वर्ष 2017 का प्रतिलिपि संपादकीय चयन कविता स मान तथा बाल साहित्य में इन्हें कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं।

# मतदाता बनने का है अभी भी लास्ट चांस अपूर्व देवगन

4 मई है अन्तिम तिथि मतदाता सूची में नाम दर्ज करने की अन्तिम तिथि

18 वर्ष के युवा या नाम दर्ज करने से छूटे पात्र लोग फार्म–6 भरकर करें आवेदन

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी

**मंडी।** लोकसभा आम चुनाव-2024 में मतदाता बनने का अभी भी मौका है। अगर पहली अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं ने या किन्हीं कारणों से नाम दर्ज करने से छूटे अन्य पात्र लोगों ने भी अभी तक मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं करवाया है तो वे अब देर न करें। मतदाता सूची में दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 4 मई है। 4 मई के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जिला मण्डी अपूर्व देवगन ने बताया कि बूथ लेवल अधिकारी या तहसीलदार या एसडीएम कार्यालय में फार्म-6 पर आवेदन करके नाम दर्ज किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वोटर हेल्पलाइन ऐप और वोटर पोर्टल- वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन के माध्यम से भी फार्म-6 पर भी आवेदन किया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि हम सबका यह दायित्व है कि हमारा नाम मतदाता सूची दर्ज हो। तभी हम मतदान के माध्यम से लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 19 आयु वर्ग में जिला में 13.5 प्रतिशत संभावित युवाओं के नाम दर्ज करना शेष हैं।

# भारतवर्ष को अपनी पुश्तैनी जायदाद समझते हैं शहजादे: कंगना रनौत

**कहा- अयोध्या जी में भव्य राम मंदिर का शुभारंभ होने के बाद चल रही है देश में सनातनी लहर**

अर्थ प्रकाश /राजन पुंछी



**मंडी।** कांग्रेस शहजादों की पार्टी है। एक तरफ मोदी और योगी तो दूसरी तरफ बिग? हुए शहजादे हैं जिन्हें विरासत में मिली है। ये भारतवर्ष को अपनी पुश्तैनी जायदाद समझते हैं। सुंदरनगर के दुर्गम क्षेत्र निहरी और चरखड़ी में भारतीय जनता पार्टी की मंडी संसदीय सीट से प्रत्याशी सुश्री कंगना रनौत ने ये तीखा हमला करते हुए कहा कि जब से हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या जी में भव्य राम मंदिर का शुभारंभ किया है उस दिन से एक सनातनी लहर पूरे देश में चल रही है। आज पूरा भारतवर्ष भगवामय हो गया है। हम और आपको भी इन्ही दिनों का सदियों से इंतजार था कि कब रामलला तंबू से भव्य मंदिर में विराजमान होंगे और ये हमारी आंखों के सामने हुआ है। एक तरफ नरेंद्र मोदी और योगी जैसे नेता हमारे पास हैं तो दूसरी तरफ बिगड़े हुए शहजादे हैं जिन्हे राजनीति सिर्फ़ विरासत में मिली है। चाहे तेजस्वी यादव हो या अखिलेश यादव हो। कांग्रेस के राहुल गांधी हो या यहां के राजकुमार विक्रमादित्य सिंह। इन सबको पुश्तैनी विरासत ही मिली है। इन्होंने गरीबी सिर्फ किताबों में पढ़ी है या टीवी पर देखी है जबकि भाजपा में एक से बढ़कर एक नेता गरीबी में पल कर संघर्षो से आज मुकाम हासिल कर रहे हैं। ये सब कार्टून हैं। इन्हे कोई गंभीरता से नहीं लेता। आज देश और दुनिया सिर्फ मोदी जी को गंभीरता से लेती है। उनकी गारंटी पर ही आपको विश्वास करना है। आपके पास वोट मांगने ये कांग्रेस के लोग आएंगे लेकिन आपको इन्हे रिजेक्ट करना है। आप ऐसा प्रतिनिधि चुने जो आपकी बात प्रधानमंत्री मोदी तक सीधे पहुंचा सके। कंगना ने कहा कि कांग्रेस पर आज कोई विश्वास नहीं करता है।

# लोकतंत्र के महापर्व में सहभागी बने प्रत्येक मतदाता : सुरेश कश्यप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार फिर देश में भाजपा सरकार बनने जा रही है। शिमला संसदीय क्षेत्र प्रत्याशी व सांसद सुरेश कश्यप ने कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश का बच्चा-बच्चा एक ही बात कह रहा है कि अब की बार 400 पार, क्योंकि आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री मोदी हमारे पास है। जिन्हांने पिछले 10 वर्षों में ऐसे काम किए हैं जिसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते थे। उन्होंने कहा कि मोदी ने अपने कार्यकाल में राम मंदिर का शिलान्यास किया और 500 सालों के बाद रामचंद्रजी अपने मंदिर में विराजमान हुए। हम सभी के लिए इससे बड़े गर्व की बात क्या हो सकती है।

सुरेश कश्यप ने कहा कि देश में प्रधानमत्री मोदी ने जो बदलाव लाये है, उसमें तीन तलाक को समाप्त करना, हमारी मुस्लिम बहनों के लिए जो अभिशाप था, उसको समाप्त कर दिया गया, बेघर लोगों को घर देने का काम किया है और पांच किलो अनाज मुफ्त देने का काम किया है। मोदी सरकार में पिछले 10 वर्षों में वंचित ही वरीयता में रहे हैं। अगर आप मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को देखेंगे तो उनका अधिकतम लाभ गरीबों और वंचितों को हीं मिला है। उदाहरण स्वरूप प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के 71 प्रतिशत लाभार्थी एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय के हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के 80 प्रतिशत लाभार्थी छोटे और सीमांत किसान हैं जो एससी, एसटी और ओबीसी से आते हैं। 58 प्रतिशत स्कॉलरशिप हमारे एसटी और एससी छात्रों को मिला है। मुद्रा योजना का 51 प्रतिशत लाभ हमारे एससी और एसटी को मिला है।

## न्यूज ब्रीफ

### आकाश वर्धमान टेक्सटाइल में बने वाईस प्रेजिडेंट

**मंडी (राजन पुंछी)।** सरकाघाट उपमंडल में बलद्वाड़ा के रहने वाले आकाश ठाकुर ने एक नया आकाश छुआ है। आकाश ठाकुर को देश की प्रतिष्ठित वर्धमान टेक्सटाइल्स में वाईस प्रेजिडेंट नियुक्त किया गया है। गौरतलब है कि वर्धमान ग्रुप का वार्षिक टर्नओवर लगभग 1 . 1 बिलियन डॉलर है और वर्धमान कम्पनी देश की सबसे बड़ी टेक्सटाइल उत्पादन कम्पनी है जोकि देश के बिभिन्न राज्यों में अपनी उत्पादन इकाइयाँ चलाती है । कम्पनी बार्षिक 2 ,40 ,000 मीट्रिक टन यार्न और 220 मिलियन मीटर फैब्रिक का उत्पादन करती हैं जिससे तीस हजार लोगों को सीधा रोजगार मिलता है। आकाश ठाकुर का जन्म बलद्वाड़ा तहसील के गांव कशमैला में हुआ तथा उनकी जमा दो तक की पड़ाई मंडी शहर के डी ए वी स्कूल और सरकारी विजय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई । उन्होंने मण्डी शहर के वल्लभ पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज से इंग्लिश लिटरेचर में एम ए की शिक्षा और आइ एम टी गाजियाबाद से एम बी ए की डिग्री ग्रहण की । वह फुटबॉल के राष्ट्रीय स्तर के खिलाडी रहे हैं और उन्होंने साहसिक खेलों में उन्होंने गोल्ड मेडल जीता हैं वह एक उम्मा गायक भी हैं। उनके गाए गीत ''मां थी तो बात थी '' को यू ट्यूब पर ग्यारह लाख लोगों ने सुना है । वह आई आई एम मुम्बई के इन्डस्ट्री एक्सपर्ट हैं और आई आई एम , आई आई टी सहित देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए विजिटिंग फैकल्टी के तौर पर पड़ाते हैं। इससे पहले आकाश रिलायन्स ग्रुप समेत अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों में बिभिन्न ऊँचे पदों पर काम कर चुके हैं । उन्हें बहुराष्ट्रीय कम्पनियों , तेल और गैस , पेट्रोकेमिकल ,ड्रग्स , फर्टिलाइजर , कंपनियों में एशिया पैसिफिक ,मिड्ल ईस्ट और भारत में काम करने का विशिष्ट अनुभव प्राप्त हैं। वर्धमान टेक्सटाइल में उपाध्यक्ष के पद पर विराजमान होने से पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस तरह के मुकाम पर पहुंचने वाले वह प्रदेश के पहले युवा माने जा रहे हैं। इससे प्रदेश व जिला का



# वर्तमान कांग्रेस सरकार ने केंद्र की आपदा राशि भी पूरी नहीं खर्ची : भट्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा एवं पर्यटन अजय भट्ट ने कसुम्पटी पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भाग लिया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केवल देश की नहीं बल्कि दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है और जब से वह प्रधानमंत्री बने हैं तब से देश का मान पूरे विश्व के मानचित्र बड़ा है।

उन्होंने कहा की 2004 से 2014 तक विनाशकाल और 2014 से 2024 तक अमृतकाल रहा। जब देश में कांग्रेस की सरकार सत्ता में थी तब देश पीछे की ओर ही बड़ा और जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बने हैं देश तेज गति से आगे बढ़ा है। कांग्रेस सरकार के 10 वर्षो के कार्यकाल (2004-14) में देश की अर्थव्यवस्था से लेकर सड़क, रेल और विदेशी प्रयत्क्ष निवेश तक खस्ताहाल था, जबकि 2014 के बाद मोदी सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से लेकर हर क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किया। कांग्रेस सरकार में स्टार्टअप की संख्या मात्र 350 थी, जबकि मोदी सरकार में स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 1,17,257 हो गई। कांग्रेस सरकार में भारतीय अर्थव्यवस्था की गिनती फ्रेजाइल-5 में होती थी, जबकि मोदी सरकार में भारत, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया।

उन्होंने कहा कि प्रगति के मामले में हिमाचल भी अछूता नहीं रहा। हिमाचल प्रदेश को एम्स, हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, आईआईएम, पीजीआई सैटलाइट सेंटर, बल्क ड्रग पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क, फोरलेन नेशनल हाईवे, रेणुका हाइड्रो प्रोजेक्ट, सुन्नी हाइड्रो प्रोजेक्ट और आईआईटी जैसे अनेकों सौगात मिले। हिमाचल प्रदेश में आपदा आई और उसके तुरंत बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने हिमाचल प्रदेश के दो दौरे किए। इस दौरान हिमाचल प्रदेश को 1782 करोड रुपए आपदा राहत राशि के रूप में मिले पर इस राशि का भी हिमाचल की सरकार ने सदुपयोग नहीं किया आज तक इस राशि को भी पूर्ण रूप से खर्च नहीं गया है। आपदा राशि में भी भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद को बढ़ावा दिया गया, आज तक कभी भी हिमाचल प्रदेश में ऐसा नहीं हुआ। हिमाचल प्रदेश में यह पहली सरकार है जो कुप्रबंधन के लिए जानी जाएगी।

इस अवसर पर भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन, पूर्व मंत्री सुरेश भारद्वाज, रूप दास कश्यप, जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, बलबीर वर्मा उपस्थित रहे।

# नाचन विधानसभा क्षेत्र में 79 देवीदढ़ बूथ ग्रीन बूथ में स्थापित किया जाएगा



अर्थ प्रकाश /सुभाग सचदेवा

**गोहर।** आगामी लोकसभा चुनावों मद्देनजर भारतीय निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश पर हर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक ग्रीन बूथ बनाने के निर्देश पर नाचन विधानसभा क्षेत्र के देवीदढ़ में ग्रीन पोलिंग बूथ बनाने पर सहायक निर्वाचन अधिकारी व एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की अध्यक्षता में पोलिंग बूथ 79 देवीदढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम गोहर ने कहा की ग्रीन बूथ बनाने का उद्देश्य मतदान के साथ-साथ पर्यावरण को सुरक्षित करने के संदेश से ग्रीन बूथ स्थापित किया जा रहा है ग्रीन बूथ में किसी भी प्लास्टिक सामग्री का प्रयोग नहीं किया जाएगा ग्रीन बूथ को स्थापित करने के लिए सभी प्राकृतिक वस्तु का प्रयोग किया जाएगा जो हमारे प्रकृति में व हमारे आसपास पाई जाती हैं। बूथ को सजाने में प्राकृतिक चीजों के इस्तेमाल के साथ-साथ यहां पैदा होने वाली सब्जियों, फल को भी बूथ में स्थापित किया जाएगा ताकि यहां की संस्कृति ,रीति रिवाज को मतदान के माध्यम से देश दुनिया तक पहुंचाया जा सके। चुनाव के दिन ग्रीन बूथ में मतदाताओं का स्वागत ढोल नगाड़े से किया जाएगा मतदान में आने वाली महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा के साथ मतदान करने आएंगी व उनके स्वागत में प्राकृतिक ग्रुप से नियमित स्वागत गेट लगाया जाएगा ताकि मतदाताओं में प्रकृति को संजोए रखने को और बेहतर बनाने का संदेश मतदाताओं में जाए ।

# ऊना जिले में मूलभूत सुविधाओं से सुसज्जित मिलेंगे मतदान केंद्र

**डीसी ने बताया-सभी मतदान केंद्रों पर सुनिश्चित कर ली गई हैं शत प्रतिशत न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं**

अर्थ प्रकाश /रोहित शर्मा

**ऊना।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि ऊना जिले में सभी मतदान केंद्रों पर शतप्रतिशत न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। जिले में 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहां चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार मतदाताओं के लिए आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। मतदान केंद्रों पर लोगों की सुविधा के लिए छायादार स्थान, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हीलचेयर, सभी के लिए पेयजल, शौचालय, मेडिकल किट समेत सभी जरूरी व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। मतदान केंद्रों पर लोगों की सहायता के लिए वालंटियर भी तैनात रहेंगे।



### जमा किए जा चुके 4243 लाइसेंसी हथियार

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ऊना जिले में चुनावों के दृष्टिगत लाइसेंसी हथियार जमा करने के कार्य में आशातीत प्रगति पर जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पिछली बैठक में प्रस्तुत जिले के 60 प्रतिशत के आंकड़े से आगे बड़कर इसमें करीब 85 फीसदी लक्ष्य प्राप्त करने पर संतोष जताया। उपायुक्त ने बताया कि जिले में गत दिनों में तेजी से काम करते हुए कुल 5122 लाइसेंसी हथियारों में से 4243 हथियार जमा किए जा चुके हैं, शेष को जमा करने के लिए कार्य जारी है। इनमें से कुछ शस्त्र लाइसेंस धारक छूट की श्रेणी में आते हैं, जबकि कुछ ऐसे मामले भी हैं जिनमें लाइसेंस धारक जिले से बाहर रहते हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग द्वारा शुक्रवार को शिमला से वीडियो कांफ्रेंस से ली गई बैठक में जतिन लाल ने यह जानकारी दी। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जिलावार व्यवस्थाओं का ब्यौरा लिया। इस दौरान सभी निर्वाचन अधिकारियों को डाक मत पत्रों से मतदान के संबंध में तैयार मानक संचालन प्रक्रिया को लेकर भी विस्तार से बताया गया।

बता दें, ऊना जिले में 516 मतदान केंद्रों में से 25 मतदान केंद्र महिला कर्मी संचालित होंगे। इनमें प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 5-5 मतदान केंद्र महिला कर्मी संचालित करेंगी। इसके अलावा हर विधानसभा क्षेत्र में 1 मतदान केंद्र का संचालन युवा कर्मियों द्वारा किया जाएगा, उनके संचालन का जिम्मा 30 साल से कम आयु के युवा कर्मी संभालेंगे। इसके अलावा जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें विधानसभा वार 4-4 आदर्श मतदान केंद्र होंगे।

**डाक विभाग प्राथमिकता पर करे वोटर पहचान पत्रों का वितरण :** बैठक के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने डाक विभाग के अधिकारियों से एपिक कार्ड वितरण का ब्यौरा लेते हुए उन्हें वोटर पहचान पत्रों के वितरण कार्य को प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए।

# विधायक जीतराम कटवाल ने भरा कार्य कर्ताओं में जोश

अर्थ प्रकाश /देशराज

**बरठीं।** आगामी लोकसभा चुनावों को देखते हुए झंडूता भाजपा ने कमरकस ली है गत देर रात्रि बरठी सेक्टर के भाजपाईयों की बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्र के विधायक जीतराम कटवाल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए आगामी चुनावों तक पूरी ताकत झोंकने की बात कही उन्होंने कहा यह राम और रावण की लड़ाई है जिसमें सत्य की विजय होगी उन्होंने बताया आतंकवाद परस्त कांग्रेस पार्टी को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत से कार्य करना होगा उन्होंने बताया कांग्रेस जिन समस्याओं को देश की जनता पर थोप कर चुनाव जीतती रही वह समस्याएं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दूर कर दी है जिस कारण अब पूरा गठबंधन मुद्दा



विहीन होकर सड़कों पर आ चुका है उन्होंने मतदाताओं का आह्वान किया कि ऐसी सरकार बनाए जिसके बनने पर देश में खुशी की लहर हो उन्होंने कहा कि जिस सरकार के बनने से पाकिस्तान खुश हो ऐसे दलों को मुंह तोड़ जवाब दे ताकि देश अमन चैन से विकास की राह पर और आगे बढ़े। बड़गांव में संपन्न हुई इस बैठक में उन्होंने कहा कि 8 मई को जिला बिलासपुर में पन्ना प्रमुख सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशी अनुराग ठाकुर सहित प्रदेश स्तर के अन्य नेता शामिल होंगे उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के तहत भाजपा ने पन्ना प्रमुखों की भूमिका तय कर दी है। चारों संसदीय क्षेत्रों में पन्ना प्रमुख सम्मेलनों का आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्र व प्रदेश स्तरीय नेता पन्ना प्रमुखों को जीत का मूल मंत्र देंगे। श्री कटवाल ने बताया कि पन्ना प्रमुखों के सम्मेलनों के बाद पार्टी अपने चुनाव प्रचार अभियान में पूरी ताकत झोंक देगी। उन्होंने बताया कि पार्टी का बूथों पर पूरा फोकस है और मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। इस बार चार सौ पार के नारे को बुलंद किया जाएगा और झंडूता विधानसभा क्षेत्र से रिकॉर्ड मतों से लीड दिलाई जाएगी जिसे शत प्रतिशत सफल भी बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कांग्रेस मुक्त भारत की ओर देश की जनता अग्रसर है इस बार देश की जनता आतंकवाद को बढ़ावा देने वाली व सनातन को खत्म करने वाली कांग्रेस का सुपड़ा साफ करेगी।





# मुख्यमंत्री मान के आवास के बाहर की सड़क फिलहाल नहीं खुलेगी: सुप्रीम कोर्ट

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली, 3 मई।** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के चंडीगढ़ स्थित आवास के बाहर की सड़क परीक्षण के तौर पर आम लोगों की आवाजाही के लिए खोलने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने पंजाब के वर्तमान मुख्यमंत्री पर खतरे का दावा करने वाली याचिका पर केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी किया।

पीठ ने नोटिस जारी करते हुए कहा, 'कोई नहीं चाहता कि कुछ भी अप्रिय घटित हो। परीक्षण के तौर पर सड़क खोलने के निर्देश पर अगले आदेश तक रोक लगा दी गई है, लेकिन उच्च न्यायालय अपने समक्ष रिट याचिका की कार्यवाही जारी रह सकती है।'

शीर्ष अदालत ने पंजाब के महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह की दलील को रिकॉर्ड में लिया कि हाल के वर्षों में दुर्भाग्य से आतंकवाद फिर से बढ़ गया है और खुफिया भवन पर हथगोले फेंके गए।

श्री सिंह ने दलील देते हुए पीठ के समक्ष कहा कि परीक्षण के तौर पर भी उक्त सड़क को आम लोगों के लिए खोलना उचित नहीं है। उन्होंने उच्च न्यायालय के आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए लोकप्रिय पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की कथित हत्या का उदाहरण दिया और कहा कि उनकी सुरक्षा वापस लेने के तुरंत बाद उन्हें कथित तौर पर मार दिया गया था।

उच्च न्यायालय ने 27 अप्रैल को अपने एक आदेश में चंडीगढ़ प्रशासन को एक मई से परीक्षण आधार पर मुख्यमंत्री आवास के सामने 500 मीटर की सड़क को आम लोगों की आवाजाही के लिए खोलकर यातायात की भीड़ को कम करने की योजना बनाने का निर्देश दिया था।

इसके मद्देनजर एक मई से सभी कार्य दिवसों पर सुबह सात बजे और शाम सात बजे तक परीक्षण के आधार पर शुरू किया जाना था। वर्ष 1980 के दशक में उग्रवाद और आतंकवाद के बढ़ते मामलों के कारण सड़क का विशेष खंड बंद कर दिया गया था।

# देवेन्द्र हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने वाले अधिकारी सम्मानित

**डीसीपी ने पीएसआई अंकित ढांडा और यौन उत्पीड़न मामले में दोषी को सजा दिलाने वाले प्रकाश चंद को दिए प्रशस्ति पत्र**



अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 3 मई।** शहर में पिछले हफ्ते सेक्टर 5 स्थित जुबली होटल के नजदीक हुए सेक्टर 11 निवासी देवेंद्र कुमार की हत्या की गुत्थी सुलझाने वाले पुलिस अधिकारी समेत बच्ची से यौन उत्पीड़न के मामले में दोषी को सजा दिलाने में केस की मजबूती से पैरवी करने वाले अधिकारी को पंचकूला पुलिस की डीसीपी हिमाद्री कौशिक ने सम्मानित किया है। दोनों अधिकारियों को पुलिस स्टार ऑफ द मंथ घोषित करते हुए डीसीपी ने प्रशस्ति पत्र भेंट किए। डीसीपी हिमाद्री कौशिक ने पंचकूला में पदभार संभालने के बाद पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए कॉप ऑफ द मंथ की शुरुआत की है। उन्होंने बताया कि पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पीएसआई अंकित ढांडा ने हाल में जुबली पार्क सेक्टर 5 के पास हुए देवेन्द्र कुमार ब्लाइंड मर्डर केस को ट्रैस करने में सफलता हासिल की है। अंकित ढांढा अलग अलग पुलिस थाना, चौकी व अपराध यूनिट में तैनात रहे हैं। मर्डर केस को सुलझाने के लिए उन्होंने अपनी तकनीकी विशेषज्ञता और विस्तृत जानकारी ली। इसी तरह उपनिरीक्षक प्रकाश चंद को भी माह मई के पुलिस कॉप ऑफ द स्टार के लिए चुना गया। वह आर्थिक अपराध शाखा तैनात हैं। उन्होंने 1992 में हरियाणा पुलिस ज्वाइन किया था उसके बाद वर्ष 2016 में बतौर सहायक उप निरीक्षक के पद पदोन्नति प्राप्त करने उपरांत वह वर्ष 2017 में इंचार्ज पुलिस चौकी सेक्टर 19 में तैनात रहे है उस समय वह एक वह पांच साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में जांच अधिकारी रहे थे । उनके सूक्ष्म जांच कौशल और कड़ी मेहनत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा दिलाने में योगदान दिया । इस योगदान के लिए पंचकूला पुलिस उनकी सराहना करते हुए पुलिस स्टार ऑफ द मंथ के लिए चुना गया।

## सीएम धामी ने बुलाई हाई लेवल मीटिंग

# उत्तराखंड में बेकाबू हो रही आग 24 घंटे में 64 जगह धधके जंगल

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**देहरादून/हल्द्वानी।** उत्तराखंड में शुक्रवार को जंगलों की आग और भड़क गई। 24 घंटे के भीतर वनाग्नि की 64 घटनाएं सामने आई हैं। वहीं, सोमेश्वर के स्यूनराकोट के जंगल में लगी आग दो नेपाली परिवारों पर भारी पड़ी है। जंगल की आग की चपेट में आने से एक श्रमिक की बृहस्पतिवार को मौके पर ही मौत हो गई थी।

दूसरे श्रमिक ने बृहस्पतिवार देर रात बेस अस्पताल में तो महिला श्रमिक ने हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) में दम तोड़ दिया है। एक और महिला श्रमिक का हल्द्वानी में इलाज चल रहा है। अब शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि रोकथाम को लेकर उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

शुक्रवार को प्रदेश में सामने आई वनाग्नि की 64 घटनाओं में गढ़वाल में 30, कुमाऊं में 29 और वन्यजीव क्षेत्रों में पांच घटनाएं शामिल हैं। 24 घंटे के भीतर 74.67 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आया।

अब तक प्रदेश में 868 घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें गढ़वाल में 344, कुमाऊं में 456 और वन्यजीव क्षेत्रों में 68 घटनाएं शामिल हैं। इनमें कुल 1085.998 हेक्टेयर जंगल आग की चपेट में आ चुका है।

आग पर काबू पाने में विभागों का दम फूल रहा है। उधर, शनिवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में वनाग्नि को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों की उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा करेंगे।

सीएम की ओर से मुख्य सचिव, प्रमुख वन संरक्षक(हॉफ), पुलिस महानिदेशक के साथ ही वनाग्नि से प्रभावित जिलों के जिलाधिकारियों को पूर्व में भी वनाग्नि को रोकने के लिए प्रभावी कार्ययोजना के साथ कार्य करने के

# स्कूल-कालेजों के मैदान में नहीं होंगी चुनावी रैलियां

**हाईकोर्ट के फैसले पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने जारी किए निर्देश**

**स्टार प्रचारकों को भी करनी होगी चुनाव आचार संहिता की पालना**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 मई।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि चुनाव रैलियों के लिए राजनैतिक पार्टियों व चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को स्कूल व कॉलेजों के खेल के मैदान का उपयोग करने की चुनाव आयोग से अनुमति नहीं होगी।

उन्होंने स्पष्ट किया है कि हरियाणा व पंजाब को छोड़कर अन्य प्रदेशों व केंद्र शासित प्रदेशों में स्कूल प्रबंधन की अनुमति से खेल मैदान उपयोग किया जा सकेगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा इस मुद्दे पर व्यक्त निषेध (एक्सप्रेस प्रोहिबिशन) लगा रखा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जाति, धर्म, समुदाय के आधार पर मतदाताओं की भावनाओं को प्रभावित नहीं किया जाएगा और चुनाव प्रचार के दौरान उच्च मानदंडों का बनाए रखना होगा। अग्रवाल ने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान किसी मंदिर, मस्जिद, चर्च, गुरुद्वारा या अन्य धार्मिक का चुनाव प्रचार के लिए प्रयोग नहीं किया जा सकेगा और न ही इनमें भाषण, पोस्टर, संगीत, चुनाव से संबंधित सामग्री का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।

उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान रक्षा कर्मियों के फोटो या विज्ञापनों में रक्षा कर्मियों के कार्यक्रमों के फोटो का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि स्टार प्रचारकों द्वारा चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन के मामले में भी चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारियों, रिटर्निंग अधिकारियों, पर्यवेक्षकों कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

# एनआरआई के बैंक खाते से गायब हुए 46 लाख, बैंक कर्मियों पर लगे आरोप

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 मई।** पावरकॉम विभाग से रिटायर होने के बाद पक्के तौर पर कनाडा में रहने रहे एनआरआई के बैंक खाते से 7 सालों की पेंशन 46 लाख रुपये गायब हो गए। इस संबंधी पता चलते ही बैंक अधिकारियों से बात की गई, तो बैंक अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ति ने दुखी होकर पुलिस को शिकायत दर्ज करवा दी।

पुलिस ने मामले की जांच आगे डीएसपी सिटी को करने के आदेश जारी कर दिए। पीड़ति ने शिकायत में बैंक कर्मियों पर मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। इसे लेकर पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इस मामले संबंधी जानकारी देते हुए पीड़ति बलवंत सिंह पुत्र लाल सिंह निवासी गांव हेरा ने बताया कि वह पॉवरकॉम विभाग में बतौर जेई रिटायर हुआ था। उसका बैंक खाता एसबीआई सुधार ब्रांच में चल रहा था। उसी बैंक खाते में उसकी हर महीने पेंशन जमा होती थी। वह 2017 में कनाडा चला गया। इसके बाद उसके बैंक खाते में हर महीने पेंशन जमा होती रहती थी। अब वह 24 अप्रैल 2024 को भारत में अपना इलाज करवाने के लिए आया था। जब वह बैंक में अपने खाते की जानकारी लेने के लिए स्टेटमेंट लेने गया, तो पता चला कि उसके बैंक खाते से हर महीने पैसे निकाले जा रहे हैं। जबकि उसने कभी बैंक से पैसे नहीं निकाले। सात सालों में उसके खाते में 46 लाख रुपये थे, जोकि अब मात्र 20 हजार के करीब ही बैंक खाते में हैं। पीड़ति ने कहा कि उसके खाते से पैसे गायब होने के पीछे बैंक कर्मियों का हाथ है, क्योंकि बिना मिलीभगत इतनी बड़ी रकम बैंक से अपने आप गायब नहीं हो सकती। इतना ही नहीं जब उन्होंने बैंक खाते की जांच की तो उसके बैंक खाते में मोबाइल नंबर पता नहीं किस का लिंक कर रखा है। जबकि उसने बैंक वालों को कभी मोबाइल नंबर दिया ही नहीं था। इस संबंधी एसएसपी दफ्तर में शिकायत दर्ज करवाई गई है, जिसकी जांच डीएसपी सिटी जसजोत सिंह को करने के आदेश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि उनके साथ हुई ठगी के कारण वह दिमागी तौर पर इतने परेशान हो गए कि अब उन्हें डिप्रेशन की दवा भी लेनी पड़ रही है। वहीं, शिकायत मिलने के बाद इस मामले की पुलिस ने जांच शुरू कर दी, जल्द ही इस मामले में खुलासा होगा।

**ऐसे हुआ खुलासा**

पीड़ित ने बताया कि वह कनाडा ने पक्के तौर पर रह रहा है। अब वह अपना इलाज करवाने के लिए भारत आया था। उसे पैसों की जरूरत थी, जब वह बैंक में अपने खाते से पैसे निकालने गया, तो उसके पैरों तले जमीन निकल गई। जब बैंक खाते में 46 लाख रुपये की जगह सिर्फ 20 हजार रुपये थे। जब उसने बैंक वालों से बात की तो उन्होंने यह कह कर पल्ला झाड़ लिया कि आप के द्वारा ऑनलाइन बैंकिंग के जरिये अलग-अलग बैंक खातों में रुपये ट्रांसफ़र किए गए हैं। जबकि उन्हें ऑनलाइन सिस्टम चलाना ही नहीं आता न ही उन्होंने कभी बैंक से एटीएम लिया न ही कभी चेक बुक। उन्होंने बताया कि बैंक कर्मियों द्वारा ही किसी और का मोबाइल नंबर उसके खाते के साथ लिंक कर रखा है, जबकि उसने अपना कोई मोबाइल दिया ही नहीं था।


# अब जांच के बगैर स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस पर नहीं मिलेगा सम्मान

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 मई।** हरियाणा में गणतन्त्र दिवस तथा स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित करने के लिए जिला के विभागाध्यक्षों द्वारा की गई सिफारिशों की जांच करने हेतु सम्बन्धित उपायुक्त द्वारा जिला स्तर पर एक समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति सभी आवेदनों का निरीक्षण कर उपायुक्त को सिफारिश करेगी। संबंधित उपायुक्त स्वतंत्रता दिवस व गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य में अधिकतम 20 पुरस्कारों की स्वीकृति प्रदान की जाएगी।

मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने शुक्रवार को सभी मंडलायुक्तों और जिला उपायुक्तों को लिखे एक पत्र में गणतंत्र दिवस तथा स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर सम्मान प्रदान करने के लिए निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में दिए जाने वाले पुरस्कारों की सूची को 10 अगस्त तक अन्तिम रूप देना होगा। इसी प्रकार गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में आवेदनों की अंतिम तिथि 10 जनवरी निश्चित की गई है।

निर्धारित तिथि के बाद पुरस्कारों की सूची को सभी उपायुक्त मुख्य सचिव कार्यालय में भेजना सुनिश्चित करेंगे। इसके बाद सभी पुरस्कार विजेताओं का पुलिस द्वारा अनिवार्य तौर पर चरित्र सत्यापन किया जाएगा।



# लोकसभा चुनावों में प्रवर्तन एजेंसियों की कार्रवाई

**हरियाणा में अब तक 34.77 करोड़ की नगदी, अवैध शराब और नशीले पदार्थ जब्त**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने कहा कि लोकसभा चुनावों के दौरान प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रदेश में 34.77 करोड़ रुपये की नगद राशि, अवैध शराब, मादक पदार्थ तथा कीमती धातुएं व वस्तुएं जब्त की हैं। चुनाव प्रक्रिया के दौरान अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सरकार द्वारा कड़े कदम उठाए जा रहे हैं और एजेंसियों द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्य सचिव शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दौरान विभिन्न एजेंसियों द्वारा नगद राशि, अवैध शराब, ड्रग्स व अन्य वस्तुओं को जब्त करने संबंधी एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल, आबकारी एवं कराधान विभाग के प्रधान सचिव देवेंद्र कल्याण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी दी गई कि 5.91 करोड़ रुपये की नगद राशि, 12.48 करोड़ रुपये कीमत की तीन लाख 67 हजार 561 लीटर अवैध शराब और 12.11 करोड़ रुपये कीमत की 6015.72 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए गए हैं। इसके अलावा, 1.73 करोड़ मूल्य की कीमती धातुएं और 2.52 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं।

मुख्य सचिव टी.वी.एस.एन. प्रसाद ने वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए कि पड़ोसी राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर जब्त शराब के स्रोत का पता लगाया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विशेष रूप से दिल्ली और अन्य राज्यों की सीमा से लगे जिलों में सतर्कता बढ़ाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।






अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)